▸▸ वर्ष 72 ▸▸ अंक 133 ▸▸ पृष्ठ 12
रीवा, सोमवार 10 फरवरी, 2025
▸▸ माघ शुक्ल पक्ष 13, विक्रम संवत् 2081
▸▸ नगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

“ सच्चा पुत्र आज्ञाकारी होता है, सच्चा पिता प्रेम करने वाला होता है और सच्चा मित्र ईमानदार होता है।
- चाणक्य

## संक्षिप्त खबरें

### रोहित- गिल के कमाल से जीती टीम इंडिया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** रोहित शर्मा की शतकीय पारी और शुभमन गिल की फिफ्टी के दम पर भारत ने कटक में इंग्लैंड को दूसरे वनडे में चार विकेट हरा दिया। इसी के साथ टीम इंडिया ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली है। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.5 ओवरों में 304 रन बनाए थे। भारत ने ये लक्ष्य 44.3 ओवरों में छह विकेट खोकर हासिल कर लिया। रोहित ने 90 गेंदों पर 12 चौके और सात छक्कों की मदद से 119 रनों की पारी खेली। गिल ने 52 गेंदों पर 60 रन बनाए। इस मैच से पहले रोहित की फॉर्म को लेकर काफी कुछ कहा जा रहा था। स्टेडियम में हिटमैन ने अपनी फॉर्म में जोरदार वापसी की और फैंस को खुशी थी। रोहित ने वनडे में 16 महीने बाद शतक जमाया है।



(विस्तृत समाचार खेल पृष्ठ पर)

### अमेरिका में डीपसीक को बैन करने की तैयारी

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** चाइनीज एआई चैटबॉट डीपसीक एआई को अमेरिका में बैन करने की योजना है। सरकार का मानना है कि डीपसीक अमेरिकी नागरिकों के डेटा चीन सरकार तक पहुंचा सकता है। ऐसे में अमेरिका सुरक्षा और प्राइवेसी की चिंताओं के मद्देनजर यह कदम उठाया जा रहा है। बता दें कि डीपसीक को पहले भी कई देशों में बैन किया जा चुका है। अमेरिका में इसके लिए सीनेट में बिल पेश किया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक इस बिल के लागू होने के बाद अगर कोई डीपसीक इस्तेमाल करते पाया जाता है, तो ऐसा करने वाले व्यक्तियों पर 1 मिलियन डॉलर करीब 6.5 करोड़ का जुर्माना लगाया जा सकता है। वहीं 20 साल तक की जेल हो सकती है। वही अगर कारोबार के लिए डीपसीक का उपयोग किया जाता है, तो 100 मिलियन डॉलर करीब 8 अरब का जुर्माना लगाया जा सकता है।

# बीजापुर में मुठभेड़...31 नक्सली ढेर, दो जवान शहीद, दो घायल

## भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद, मरने वालों में कई नक्सली इनामी

**बीजापुर, जेएनएन।** छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा पर रविवार को मुठभेड़ में 1000 से ज्यादा जवानों ने 31 नक्सलियों को मार गिराया। सभी 31 के शव रिकवर कर लिए गए हैं। मुठभेड़ बीजापुर के इंद्रावती नेशनल पार्क इलाके में हुई। मृत नक्सलियों की शिनाख्त की जा रही है।

इस मुठभेड़ में डीआरजी और एसटीएफ के एक-एक जवान शहीद हुए, वहीं 2 जवान घायल भी हुए हैं जिन्हें एयरलिफ्ट कर रायपुर लाया गया है। उनकी हालत खतरे से बाहर है। बस्तर रेंज आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक भी बरामद किए गए हैं।

पुलिस ने बताया कि मारे गए नक्सलियों में वरिष्ठ नक्सली शामिल हैं जिन पर 1.30 करोड़ से अधिक का इनाम घोषित था। बता दें कि इस साल 6 जनवरी को नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट करके सुरक्षा बलों की एक गाड़ी को उड़ा दिया था। इस हमले में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के 8 जवानों और ड्राइवर की जान चली गई थी। उसके बाद बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र में 2 फरवरी को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 8 नक्सलियों को मार गिराया था। मारे गए माओवादियों में सभी पुरुष नक्सली थे।

उधर, छत्तीसगढ़ में इस साल अब तक 81 नक्सली मारे गए हैं, जिनमें से 65 बस्तर संभाग में ही ढेर हुए हैं। इसमें बीजापुर सहित 7 जिले शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक 2024 में अलग-अलग मुठभेड़ों में जवानों ने 217 नक्सलियों को ढेर किया था।



मारे गए नक्सली का शव ले जाते सुरक्षा बल के जवान।

### शाह बोले- नक्सल मुक्त बनेगा भारत

छत्तीसगढ़ की घटना के बाद अमित शाह ने कहा कि भारत नक्सल मुक्त बनेगा। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि इस दिशा में सुरक्षा बलों ने बीजापुर में बड़ी सफलता हासिल की है। मैं पुनः यह संकल्प दोहराता हूं कि 31 मार्च 2026 से पहले हम देश से नक्सलवाद को जड़ से समाप्त कर देंगे।

### नक्सलवादियों का सुरक्षित गढ़ माना जाता है यह इलाका

बीजापुर और अबूझमाड़ इलाका नक्सलवादियों का सुरक्षित गढ़ माना जाता है। यह 4,000 वर्ग किलोमीटर का एक ऐसा जंगली इलाका जो लंबे समय से शीर्ष नक्सली नेताओं के लिए सुरक्षित ठिकाना है। सुरक्षा बलों का दावा है कि नक्सली इस इलाके का इस्तेमाल हथियार बनाने के लिए भी करते हैं। बता दें कि 20-21 जनवरी को गरियाबंद जिले के जंगल में भी मुठभेड़ हुई थी। करीब 80 घंटे तक चले इस ऑपरेशन में 16 नक्सली मारे गए थे। इनमें से 12 नक्सलियों पर कुल 3 करोड़ 16 लाख रुपए का इनाम घोषित था। मारे गए नक्सलियों में नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी का मेंबर चलपति भी शामिल था। अकेले चलपति पर ही 90 लाख का इनाम था। वहीं सत्यम गावड़े भी एनकाउंटर में मारा गया था। खास बात यह है कि अबूझमाड़ के जंगल में ही इन दोनों नक्सलियों के अड्डे थे।

### बालाघाट में सुरक्षाबलों से मुठभेड़ ग्रेनेड लांचर छोड़कर भागे नक्सली

**बालाघाट।** मानागढ़ के जंगल में सर्च ऑपरेशन के दौरान शनिवार देर रात सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। सुरक्षा बलों का मूवमेंट देखते ही नक्सलियों ने सर्चिंग टीम पर पर 15-20 राउंड फायरिंग की। सुरक्षा बल द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई ने नक्सलियों को भागने पर मजबूर कर दिया। हालांकि गोलीबारी में कुछ नक्सलियों के घायल होने की सूचना है। पुलिस के घटनास्थल से नक्सलियों का बैरल ग्रेनेड लांचर, गोला-बारूद और दैनिक उपयोग की सामग्री मिली है।

पुलिस अधीक्षक नगेन्द्र सिंह के अनुसार, 10-15 नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर हॉक फोर्स, सीआरपीएफ और कोबरा की टीमों को सर्च ऑपरेशन के लिए भेजा गया था। नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर 15-20 राउंड फायर किए, जिसका जवाबी हमला सुरक्षाबलों ने भी किया। हालांकि, नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहे। इनकी तलाश के लिए हॉक फोर्स, सीआरपीएफ और पुलिस की 18 टीमें जंगल में सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। इस घटना के संबंध में हट्टा थाने में माओवादियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# शिकारियों के घर से 700 किलोग्राम गांजा बरामद

## एसटीएफ ने जमीन के अंदर से निकलवाया, टीआई को हटाया

**जागरण, डिंडौरी।** जिले के पड़रिया धनगांव में वाइल्ड लाइफ के मोस्ट वांटेड शिकारियों को गिरफ्तार करने गई एसटीएफ और वन विभाग शहपुरा की टीम को भारी मात्रा में गांजे का जखीरा मिला है। आरोपियों ने घर के नीचे गांजा छिपाया था। टीम ने जेसीबी से खुदाई कर दबा हुआ गांजा बाहर निकाला। देर शाम तक करीब तीन करोड़ से अधिक का गांजा बरामद किया जा चुका था। खबर लिखे जाने तक कार्रवाई जारी थी। ऐसे में जब्त माल की मात्रा बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। पुलिस ने चार नाबालिगों को पकड़ा है।

इस पूरे मामले में थाना प्रभारी शिवलाल मरकाम की भूमिका संदिग्ध दिखने पर पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विभागीय जांच करने की बात भी कही है। एसपी ने मौके पर पहुंचकर मुआयना भी किया। शहपुरा रेंजर जगदीश वास्पे ने बताया कि तीन मोस्ट वांटेड आरोपियों के गांव में छिपे होने की सूचना थी। रविवार की सुबह शहपुरा थाना अंतर्गत ग्राम पड़रिया धनगांव में जब घर में टीम ने सर्चिंग अभियान चलाया तो यहां गांजे के पैकेट मिले। इसके बाद खुदाई कराई जा रही है।



### सांठगांठ कर आधार कार्ड बनवा लिए

जानकारी के अनुसार लगभग 12 वर्ष पहले बहेलिया जनजाति के लोग जिले के पड़रिया धनगांव में आकर बसे थे। उन्होंने यहां आकर घर बनाने के साथ सांठगांठ कर आधार कार्ड सहित सरकारी दस्तावेज भी बनवा लिए। अब सभी आरोपियों के घर से गांजे का जखीरा मिल रहा है। इस तलाशी अभियान के दौरान टीम को आरोपियों के घरों से देशी बम, शिकार के लिए उपयोग होने वाला फंदा सहित धारदार हथियार और आपत्तिजनक सामग्री मिली है। टीम ने 13 महंगी रेसिंग बाइकें भी जब्त की हैं।

# रक्षा मंत्रालय का ऑडिटर 8 लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सीबीआई ने रक्षा मंत्रालय के प्रधान नियंत्रक रक्षा लेखा (पीसीडीए) कार्यालय में तैनात एक वरिष्ठ ऑडिटर और दो निजी कंपनियों के व्यक्तियों को 8 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए दो अन्य आरोपी एक प्राइवेट डिफेंस सप्लायर और उसके कर्मचारी हैं। सीबीआई ने 7 फरवरी 2025 को इस मामले में केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता खुद भी एक डिफेंस सप्लायर है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि वरिष्ठ ऑडिटर और एक प्राइवेट डिफेंस सप्लायर ने उसके पहले से मंजूर हो चुके बिलों के भुगतान के बदले 10 लाख रुपए की रिश्वत की मांग की थी। इतना ही नहीं, आरोपी ऑडिटर ने यह धमकी भी दी थी कि अगर रिश्वत नहीं दी गई, तो भविष्य में उसके और बिलों का भुगतान अटका दिया जाएगा। बाद में आरोपी ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### महाकुंभ: किन्नर जगद्गुरु हिमांगी सखी पर हमला

**प्रयागराज, जेएनएन।** महाकुंभ में किन्नर जगद्गुरु हिमांगी सखी पर जानलेवा हमला हुआ। हिमांगी सखी गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। उन्होंने किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी पर हमला करने का आरोप लगाया है। हमला शनिवार रात सेक्टर- 8 स्थित कैंप में किया गया। इसके फुटेज सामने आ गए हैं। हिमांगी सखी ने कहा कि लक्ष्मी नारायण अपने साथ 50-60 लोगों को लेकर आई थीं, जिनके पास त्रिशूल, फरसा जैसे हथियार थे। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने मुझे लात-घूसों और डंडे से बुरी तरह मारा-पीटा। इससे मैं गंभीर रूप से घायल हो गई। मेरे सेवादार इन लोगों के हाथ-पैर जोड़ते रहे, लेकिन इन लोगों ने किसी की बात नहीं सुनी। ये लोग मेरे पास रखे हुए करीब 10 लाख रुपए और सोने के जवाहरात लूट ले गए। बता दें कि हिमांगी सखी लगातार ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर बनाए जाने का विरोध कर रही हैं। इसके लिए उन्होंने लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी पर भी हमले किए थे।








कटक में गरजा हिटमैन का बल्ला भारत ने जमाया सीरीज पर कब्जा - (पेज 11)

# सुंदर नगर टंकी से आधे क्षेत्र में सुबह और आधे क्षेत्र में शाम को मिलेगा पानी

## खपत ज्यादा बढ़ने से एक साथ सप्लाई देने पर दूरस्थ क्षेत्रों में पानी नहीं पहुंच पाता

## शहर के चिरहुला और पड़रा में सफल रही है यह योजना



जागरण, रीवा

पानी की खपत एवं नल कनेक्शन बढ़ने के कारण शहर की पेयजल टंकियों से एक साथ सप्लाई देने से हर जगह पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इस समस्या से निपटने के लिए नगर निगम द्वारा आधे-आधे क्षेत्र में पानीं सप्लाई देने की व्यवस्था बनाई गई है जिससे हर कनेक्शनधारी को उसकी जरूरत के अनुसार पानी की सप्लाई मिल सके। शहर के चिरहुला एवं पड़रा की तरह सुंदर नगर की पेयजल टंकी में भी यही समस्या उत्पन्न हो गई है। इस लिए सभी लोगों को समान रूप से पानी देने के लिए चिरहुला एवं पड़रा का फार्मूला बोदाबाग क्षेत्र में भी अपनाया गया है। नगर निगम रीवा द्वारा सुंदर नगर टंकी से पेयजल आपूर्ति के सम्बन्ध में कनेक्शन धारियों को सूचित किया जा रहा है कि सुंदर नगर टंकी की कमांड एरिया में नल कनेक्शनों में वृद्धि एवं पानी की खपत ज्यादा बढ़ जाने के कारण दोनों टाइम पानी सप्लाई से टंकी के दूरस्थ क्षेत्रों में पानी नहीं पहुंच पाता है, जिसकी शिकायतें आती रहती हैं। सुंदर नगर टंकी की क्षमता वर्तमान पेयजल डिमांड व दूरस्थ एरिया के लिए अपर्याप्त हो चुकी है। सभी उपभोक्ताओं को 24 घंटे में मानक मात्रा में पानी मिल सके। इस उद्देश्य से टंकी से आधे क्षेत्र में सुबह और आधे क्षेत्र में शाम को सप्लाई की व्यवस्था बनाई गई है। यह प्रयोग अन्य टंकियों पड़रा, चिरहुला आदि में करने में सफलता मिली है, और दूरस्थ क्षेत्रों में भी पानी मिलने लगा है। प्रयोग के तौर पर 10 फरवरी सोमवार से सुंदर नगर टंकी से आधे क्षेत्र में सुबह और आधे क्षेत्र में शाम को पेयजल सप्लाई प्रारंभ की जा रही है। सुंदर नगर टंकी से सुबह सप्लाई वाले क्षेत्र जिनमें आनंद नगर, चेलवा टोला, चौबेन टोला, सौरभ नगर, बोदाबाग एरिया शामिल है। इसी तरह शाम को सप्लाई वाले क्षेत्र जिनमे दुर्गा माता मंदिर सुंदर नगर, विभीषण नगर, निराला नगर, सरदार पटेल हॉस्टल एरिया, गोविंद नगर, पीएम आवास के पीछे का एरिया शामिल किया गया है। सुंदर नगर टंकी से सप्लाई वाले क्षेत्र के सभी लोगों को 24 घंटे में मानक मात्रा में पेयजल उपलब्ध हो सके। इस उद्देश्य से नये सिरे से बनाई गई व्यवस्था के अनुसार सप्लाई प्रयोग के तौर पर शुरू की जा रही है। इसके परिणाम के आधार पर इसे स्थगित या लगातार जारी रखा जा सकेगा।

# महाकुंभ में 100 करोड़ लोगों की व्यवस्था का कहां गया मुख्यमंत्री का दावा : दिग्विजय

## धर्म लोगों का जोड़ता है और राजनीति बांटती है



**जागरण, रीवा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने रीवा प्रवास के दौरान होटल लैण्डमार्क में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते कहा कि प्रयागराज महाकुंभ के दौरान 100 करोड़ लोगों की व्यवस्था करने का दावा मुख्यमंत्री द्वारा किया गया था लेकिन वीआईपी कल्चर के कारण सारे दावे फेल हो गये। महाकुंभ में लोग परेशान हो रहे हैं। कभी मंत्री आ रहे हैं कभी मुख्यमंत्री आ रहे हैं और कभी प्रधानमंत्री आ रहे हैं इस कारण लोग और भी परेशान हुए। उन्होंने कहा कि मैं भी गंगा स्नान के लिए जाने वाला था लेकिन वीआईपी बनकर नहीं साधारण मनुष्य की तरह। महाकुंभ में भगदड़ हुई कुछ लोग कहते हैं एक जगह भगदड़ हुई जबकि कुछ लोग कहते हैं कि 6 जगह भगदड़ हुई। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने स्वीकार किया कि कांग्रेस में कुछ कमजोरियां हो सकती हैं लेकिन कांग्रेस ही विचारधारा की लड़ाई लड़ रही है। हमने कभी संघीय विचारधारा के साथ समझौता नहीं किया। लेकिन उन्होंने धर्म के नाम पर वोट मांगे और धर्म को राजनीति की तरह इस्तेमाल किया। आस्था को हथियार की तरह इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। धर्म लोगों का जोड़ता है और राजनीति बांटती है। देश प्यार मोहब्बत और संविधान से चलता है। बंटा हुआ समाज विश्व गुरू नहीं बन सकता। आरएसएस हमेशा कहती ही है कि संविधान हिन्दू विरोधी है। पिछली बार जब डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति नहीं बना पाये थे तब मोदीजी उनका चुनाव प्रचार करने गये थे। मोदीजी के खास दोस्त राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिका में जितने भी हिन्दुस्तानी अवैध रहे उन्हें हथकड़ियां लगा कर वापस भेज दिया। ट्रंप के कहने पर मोदी जी ने मोटर सायकिल पर टैक्स कम कर दिया। पत्रकारवार्ता में विधायक अभय मिश्रा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, महापौर अजय मिश्रा बाबा, पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह बन्ना, कांग्रेस शहर अध्यक्ष लखनलाल खंडेलवाल मौजूद रहे।

# 11 फरवरी से शुरू होगा भाजपा का आजीवन सहयोग निधि अभियान

## भाजपा जिला रीवा की कामकाजी बैठक सम्पन्न



**रीवा।** भारतीय जनता पार्टी जिला रीवा की कामकाजी बैठक भाजपा कार्यालय अटल कुंज में जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष कमलेश्वर सिंह, विद्याप्रकाश श्रीवास्तव, डॉ. अजय सिंह, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अनिल पटेल, जिला महामंत्री अशोक सिंह गहरवार, आजीवन सहयोग निधि प्रभारी उमाशंकर पटेल एवं केन्द्रीय बजट सम्मेलन के संयोजक विवेक गौतम उपस्थित रहे। सर्वप्रथम भारत माता तथा पार्टी के महापुरूषों की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर बैठक की शुरूआत की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष व प्रकोष्ठों के संयोजक उपस्थित रहे। कामकाजी बैठक पूर्व पीएम अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष, केन्द्रीय बजट 2025-26 सम्बन्धी, मन की बात तथा संगठन पर्व के तहत मंडलों के गठन हेतु आयोजित की गई थी। बैठक में सभी मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारियों से एक-एक करके विगत दो महीनों से कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही आगामी कार्यों की कार्ययोजना बनाई गई।

बैठक को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि इस कामकाजी बैठक में हम सबको आगामी दिनों में सम्पन्न होने वाले पार्टी संगठन द्वारा दिये गये उक्त कार्यक्रमों को मंडल, शक्ति केन्द्र, बूथ स्तर पर पूरी तनमयता के साथ सम्पन्न करना है। इस वर्ष पार्टी द्वारा भारत रत्न आजातशत्रु पं. अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष मना रही जिसके तहत पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देशानुसार 14 जनवरी से 15 मार्च तक उनके स्मृति में विभिन्न कार्यक्रमों को लगातार आयोजित किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पार्टी के पितृ पुरूष दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्य तिथि 11 फरवरी से आजीवन सहयोग निधि का कार्य प्रारंभ हो रहा है। जिसमें हम सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा विगत 1 फरवरी को वर्ष 2025-26 का ऐतिहासिक आम बजट प्रस्तुत किया गया है। जो अपने आप में अभूतपूर्व है। जिसकी आलोचना करने का साहस विपक्ष का कोई भी नेता नही कर पा रहा है। राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार केन्द्रीय बजट में ऐतिहासिक घोषणाओं तथा देश के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के विषय में इनको प्रसारित करने के उद्देश्य से जिला स्तर के साथ साथ मंडल स्तर में सम्मेलन किया जायेगा। जिससे आम जन तक, आम जन के लिए घोषित इस बजट को पहुंचाया जा सके। इसके साथ ही आगामी दिनों संगठन पर्व के तहत दूसरे चरण में जिले के अन्दर शेष बचे बूथों का गठन करके हमें मंडलों की कार्यकारणी का गठन करना है।

भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने आजीवन सहयोग निधि के लिए जिला उपाध्यक्ष उमाशंकर पटेल तथा जिला मंत्री शरद साहू तथा केन्द्रीय बजट 2025-26 के लिए विवेक गौतम, कमलेश सचदेवा, संजीव गुप्ता को जिम्मेदारी सौंपी है। आज के इस बैठक में आपेक्षित जिला पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष व प्रकोष्ठों के संयोजक उपस्थित रहे।

# जनजातीय कार्य मंत्री आज आएंगे रीवा

**रीवा।** जनजातीय कार्य एवं लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह 10 फरवरी को रीवा आएंगे। मंत्री श्री शाह 9 फरवरी को रात 10 बजे रानी कमलापति स्टेशन भोपाल से रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा प्रस्थान कर 10 फरवरी प्रातः 8 बजे रीवा रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। मंत्री श्री शाह कार द्वारा प्रस्थान कर प्रातः 11.30 बजे प्रयागराज पहुंचकर महाकुंभ स्नान एवं तीर्थदर्शन करेंगे। जनजातीय मंत्री शाम 6 बजे प्रयागराज से प्रस्थान कर रात 10 बजे रीवा पहुंचकर रात 10.20 बजे रीवा-भोपाल सुपरफास्ट ट्रेन से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।













वर्ष 72 अंक 133 पृष्ठ 12
रीवा, सोमवार 10 फरवरी, 2025
माघ शुक्ल पक्ष 13, विक्रम संवत् 2081
नगर मूल्य 5 रुपए
विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com

कभी भी ऐसे लोगों से दोस्ती न करें जो हैसियत में आपसे ऊपर या नीचे हों। ऐसी दोस्ती आपको कभी खुशी नहीं देगी।
- स्वेट मार्डेन

# प्रयागराज के रास्तों पर 10 से 15 किमी का जाम

## शहर के सभी एंट्री प्वॉइंट और संगम रेलवे स्टेशन किया गया बंद, आज भी हालत सुधरने के आसार नहीं



प्रयागराज-कानपुर हाइवे

**प्रयागराज, जेएनएन।** प्रयागराज में रविवार को जाम और बढ़ गया। संगम पहुंचने के सभी रास्तों पर 10 से 15 किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा। वाराणसी, लखनऊ, कानपुर और रीवा से प्रयागराज आने-जाने वाले रास्तों पर 25 किलोमीटर तक गाड़ियां रेंगती रहीं। संगम में डुबकी लगाने जाने वालों और वहां से लौटने वाले श्रद्धालु भूखे-प्यासे जाम खुलने का इंतजार करते रहे। खबर लिखे जाने तक जाम की स्थिति जस की तस थी। पुलिस और प्रशासन की भारी मशक्कत के बावजूद प्रयागराज के सभी एंट्री प्वॉइंट्स पर भारी जाम था।

शहर की स्थिति भी अच्छी नहीं है। प्रशासन का कहना है कि माघी पूर्णिमा से पहले स्थिति सुधरने के आसार नहीं हैं।

प्रयागराज जंक्शन पर भीड़ को मैनेज करने के लिए इमरजेंसी क्राउड मैनेजमेंट प्लान लागू किया गया। यानी कुछ रेलगाड़ियों को प्रयागरात स्टेशन पर नहीं रुकने दिया गया। प्रयागराज संगम स्टेशन को बंद करना पड़ा। प्रशासन के मुताबिक, स्टेशन पर अत्यधिक दबाव और अव्यवस्था से बचने के लिए यह फैसला लिया गया है। अब यात्रियों को अपनी ट्रेन पकड़ने के लिए प्रयागराज जंक्शन जाना होगा। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि भीड़ नियंत्रित होने के बाद स्टेशन को फिर से खोला जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अतिरिक्त ट्रेनों और अन्य प्रबंधों पर भी विचार किया जा रहा है। प्रशासन ने यात्रियों से निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

उधर, प्रयागराज के पार्किंग स्थल भी पूरी तरह भर चुके हैं, जिससे लोगों को गाड़ियां खड़ी करने और फिर उन्हें खोजने में काफी परेशानी हो रही है। इधर, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी कन्नौज के पास लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं से मुलाकात की। वह सैफई जा रहे थे। श्रद्धालुओं से उन्होंने हालचाल पूछे। अखिलेश ने महाकुंभ पर यूपी में वाहनों को टोल मुक्त किए जाने की मांग की। कहा- इससे यात्रा की बाधा भी कम होगी और जाम का संकट भी।

### ट्रेन के इंजन में घुसी महिलाएं

महाकुंभ जा रही ट्रेनों में जबरदस्त भीड़ है। वाराणसी में जगह न मिलने पर महिलाएं ट्रेन इंजन में घुस गईं और गेट बंद कर लिया। किसी तरह पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को बाहर निकाला। हरदोई में भी कोच का गेट न खोलने पर नाराज श्रद्धालुओं ने हंगामा कर दिया। ट्रेन में जमकर तोड़-फोड़ की।



### स्नान करने गई रायसेन की महिला की मौत

महाकुंभ में स्नान करने गई रायसेन की महिला की मौत हो गई। परिजन उनका शव लेने प्रयागराज रवाना हुए लेकिन भारी जाम के कारण उन्हें वहां पहुंचने में कठिनाई हो रही है। रायसेन के करीब 15 लोग इस जाम में फंसे हुए हैं। वहीं, महाकुंभ से मध्यप्रदेश लौट रही श्रद्धालुओं से भरी एक बस सड़क किनारे पलट गई। हादसे में 12 से ज्यादा श्रद्धालु घायल हो गए। हालांकि सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायल यात्रियों को उनके घर भेज दिया गया है।

## मेटा 3,000 एम्प्लॉइज को नौकरी से निकालेगी




**न्यूयॉर्क, जेएनएन।** फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा 3,000 से ज्यादा जॉब्स में कटौती कर रही है। इस कटौती से कंपनी के लगभग 5 प्रतिशत एम्प्लॉइज प्रभावित होंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंपनी के एम्प्लॉइज को एक इंटरनल मेमो के जरिए इस बात की जानकारी दी गई है। मेटा के ह्यूमन रिसोर्स के वाइस प्रेसिडेंट जेनेल गेल ने कंपनी के इंटरनल वर्कप्लेस फॉरम पर मेमो पोस्ट किया। इसमें कहा गया है कि इस छंटनी में नौकरी खोने वाले एम्प्लॉइज को सोमवार सुबह एक ईमेल मिलेगा। हालांकि, कुछ इंटरनेशनल एम्प्लॉइज के लिए छंटनी की प्रोसेस रविवार को 2.30 बजे शुरू कर दी गई।

# चींटी की चाल से रेंग रहे वाहन दो दिन से जाम में जूझ रहे श्रद्धालु

## व्यवस्थाएं बनाने में दिनभर जुटा रहा प्रशासन

**जागरण, रीवा।** तीर्थराज प्रयागराज महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं को दो दिनों से एनएच में भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। वाहनों का सड़कों पर तांता लगा हुआ है, जाम के चलते श्रद्धालु परेशान हैं। बसंत पंचमी के बाद एकादशी के एक दिन पहले से प्रयागराज में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई, जिससे व्यवस्थाओं को देखते हुए प्रशासन समय-समय पर चाकघाट के एमपी बार्डर से वाहनों की एंट्री रोक रहा है, जैसे ही जगह बनती है, वाहनों को रवाना किया जा रहा है। रीवा से प्रयागराज पहुंचने के लिए इस समय 12 घंटे का समय लग रहा है। रविवार को भी तीर्थयात्रियों को जगह-जगह निः शुल्क भोजन और पानी का वितरण समाजसेवियों के साथ प्रशासन व पुलिस ने करवाया। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ में जाने वाले यात्रियों की संख्या में कमी नहीं हो रही है। जिससे रीवा से प्रयागराज मार्ग पर लगातार वाहनों का दबाव बना हुआ है। चाकघाट से आगे भीड़ बढ़ने पर चाकघाट स्थित श्रीयुत कॉलेज गंगेव तथा बेला में वाहनों को रोका गया। इसके साथ ही प्रयागराज के अधिकारियों से सतत संपर्क कर सड़कों पर गुंजाइश बनने के बाद धीरे-धीरे वाहन छोड़े जा रहे हैं। हाइवे पर प्रयागराज जाने वाले रूट तथा आने वाले मार्ग दोनों पर वाहनों की बड़ी संख्या है। संभागीय कमिश्नर, कलेक्टर, एसपी और मनगवां विधायक लगातार व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहे हैं। कलेक्टर तथा एसपी ने मनगवां और गंगेव पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने तीर्थयात्रियों को भोजन, पानी, चाय व नाश्ता दिए जाने की जानकारी ली। उन्होंने तीर्थयात्रियों से कहा कि वह थोड़ा प्रतीक्षा करें। यातायात को सुगम बनाने का कार्य जारी है। यातायात सुगम होते ही उन्हें यहां से प्रयागराज के लिए रवाना कर दिया जाएगा। प्रयागराज जाने वाले वाहनों के लिए यातायात व्यवस्थित करने एवं यात्रियों की परेशानियों को दूर करने के लिए प्रशासनिक अमला दिनभर जुटा रहा। गंगेव में अपर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सपना त्रिपाठी तथा एसडीएम मनगवां पीएस त्रिपाठी ने वाहनों को व्यवस्थित कराने के साथ दिन भर तीर्थयात्रियों को निः शुल्क भोजन एवं पानी का वितरण कराया। चाकघाट में एसडीएम त्योंथर संजय जैन नगर परिषद अध्यक्ष मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत त्योंथर ने व्यवस्था की कमान संभाली। चाकघाट रैनबसेरे में लगातार भोजन और पानी का वितरण कराया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ला ने चाकघाट और गंगेव में अतिरिक्त मेडिकल टीम भेजकर यात्रियों की जांच कर दवाएं वितरित कराईं। प्रशासन के साथ-साथ अनेक सामाजिक संगठन भी तीर्थयात्रियों की सहायता के लिए आगे आए। त्योंथर के पंडित चन्द्रशेखर युवा उत्थान संस्थान ने तीर्थयात्रियों को निःशुल्क भोजन और पानी का सोहागी बाईपास में वितरण किया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत त्योंथर राहुल पाण्डेय ने ग्राम पंचायत सोहागी, ग्राम पंचायत अंजोरा, मझिगवां, ग्राम पंचायत कटरा, ग्राम पंचायत घूमा में पंचायत पदाधिकारियों के सहयोग से तीर्थयात्रियों को निःशुल्क भोजन का वितरण कराया। ग्रामीण यांत्रिकी विभाग द्वारा कई स्थानों पर पानी के टैंकर भेजकर तीर्थयात्रियों के लिए पानी उपलब्ध कराया गया। यातायात को व्यवस्थित करने के लिए तथा वाहनों को सुगमता से आगे बढ़ाने के लिए बेला से लेकर चाकघाट तक पुलिस अधिकारी एवं सुरक्षाकर्मी लगातार मुस्तैद रहे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक लाल, एसडीओपी त्योंथर उदित मिश्रा, एसडीओपी सिरमौर उमेश प्रजापति विभिन्न स्थानों के थाना प्रभारी तथा पुलिसकर्मी व्यवस्थाएं बनाने में लगातार जुटे रहे।



### रतहरा से रूट डायवर्ट में लगी रही पुलिस

शहर में यातायात के दबाव को करने समान थाना पुलिस बाहर से आए वाहनों को बाईपास की तरफ से रूट डायवर्ट कर निकालने का प्रयास करती रही जिससे शहर की सड़कों पर यातायात का दबाव कम किया जा सके। गौरतलब है कि आंधप्रदेश, महाराष्ट, छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों के श्रद्धालु रीवा होकर प्रयागराज जा रहे हैं।




### निःशुल्क भोजन, पानी व दूध का किया वितरण

बार्डर में जाम में फंसे श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क भोजन, पानी की व्यवस्था के साथ ही पंडित चंद्रशेखर युवा उत्थान संस्थान संगठन द्वारा छोटे-छोटे बच्चों को दूध का वितरण भी लगातार किया जा रहा है। इस दौरान संगठन के अध्यक्ष अनिकेत मिश्रा सहित समाज सेवी बड़ी संख्या में समाजसेवियों के साथ श्रद्धालुओं की सेवा में लगे हुए हैं।

### बेला से चाकघाट तक वाहनों की लंबी कतार

बेला से चाकघाट तक दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगी होने से श्रद्धालुओं को परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। शनिवार से रीवा प्रशासन की ओर से रीवा के चोरहटा से लेकर चाकघाट तक बनाए गए प्वाइंटों में वाहनों को रोककर रखा गया है। हालांकि प्रशासन की ओर से इन श्रद्धालुओं के लिए स्टॉप प्वाइंटों में पीने के लिए पानी और खाने के लिए भोजन की व्यवस्था करने के साथ-साथ ही नित्य क्रिया और मेडिकल की व्यवस्था की गई है। वहीं रोके गए वाहनों को सीमित संख्या में प्रयागराज के लिए रवाना किया जा रहा है। रविवार की सुबह से रीवा के चोरहटा स्थित बेला स्टॉप पॉइंट में श्रद्धालुओं के वाहनों की लंबी कतार लगी हुई थी। रोके गए वाहनों को समय-समय पर सीमित संख्या में प्रयागराज के लिए रवाना किया जा रहा है, लेकिन प्रयागराज तक पहुंचने में वाहनों को काफी अधिक समय एनएच में बिताना पड़ रहा है।

**फुटपाथ में बिक रही खाद्य सामग्री :** एनएच में वाहनों की आवाजाही अवरुद्ध होने के बाद सड़क किनारे फुटपाथ में जहां फल बिक्री करने वालों की कमाई बढ़ गई है, वहीं कई जगह टेंट लगाकर खाद्य सामग्री भी बेची जा रही है, सड़क पर बढ़े दबाव के चलते इन व्यापारियों के यहां भी श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंच रही है। बाइक से प्रयागराज जाने वालों की अच्छी खासी भीड़ देखी जा रही है।

### पेड़ के नीचे आराम करते दिखे श्रद्धालु



एनएच में लगे जाम के बीच कई श्रद्धालु ऐसे भी दिखे जो पेड़ के नीचे अपना वाहन खड़ा कर आराम करते नजर आए। परिवार सहित तीर्थराज प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या अब भी काफी अधिक है, रीवा से चाकघाट तक इस बीच जगह-जगह वाहन चालक सड़क किनारे खाली जगह में आराम करते भी दिखाई दिए।


## होम स्टे वालों को भी मिलेगा लोन: सीएम

# केन्द्रीय बजट से मध्यप्रदेश के कई सेक्टर में संभावनाएं बढ़ीं



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि केन्द्रीय बजट में जो प्रावधान किए गए हैं, उससे मध्यप्रदेश में कई सेक्टर में संभावनाएं बढ़ी हैं। कपास आधारित रोजगार से प्रदेश निमाड़-मालवा क्षेत्र को लाभ होगा, तो वहीं धार्मिक कॉरीडोर में होम स्टे की संभावनाएं खोजी जाएंगी। इसके लिए ऋण की सुविधा भी उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में होम स्टे को बढ़ावा देने की बात कही गई है।

हम मध्यप्रदेश में अमरकंटक से नर्मदा यात्रा में बड़े स्तर पर होम स्टे की संभावनाओं को तलाश रहे हैं। हम नर्मदा परिक्रमा के दौरान धार्मिक स्थलों पर लोगों को ग्रामीण अंचलों में रोकने की व्यवस्था पर काम करेंगे। इससे जहां गांवों की आय बढ़ेगी, वहीं परिक्रमा करने वालों को सुविधाएं मिल सकेंगी। सीएम ने कहा कि हम प्रदेश में एयर कार्गो की संभावनाओं को भी देख रहे हैं। हम देश के हृदय में हैं, सड़क और रेल यातायात सुगमता से उपलब्ध है। लेकिन बंदरगाह के माध्यम से प्रदेश का निर्यात दूसरे देश में कराने के लिए हमें ज्यादा समय लगता है, ऐसे में हम एयर कार्गो की दिशा में तेजी से काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में कपास को लेकर बड़े प्रावधानों की बात कही गई है। कपास आधारित रोजगार की बात बजट में कही गई है। इसमें एमएसएमई से लेकर भारी उद्योग, कपड़े से बनें उत्पाद, रेडीमेंड गारमेंट्स को लाभ मिलेगा। हमारे निमाड़ मालवा क्षेत्र में कपास आधारित रोजगार से ज्यादा फायदा होगा। हम अपनी पॉलिकी के आधार पर 4 हजार से 7 हजार तक की रेडीमेट गारमेंट्स के उद्योग लगेंगे, तो कपास के धागे से कपड़ा और कपड़े से गारमेंटस बनाए जाएंगे। इसका लाभ हमारी लाड़ली बहनों को भी मिलेगा, क्योंकि इससे उनकी आय भी बढ़ेगी।



# रेमकी कंपनी ने नियम विरुद्ध बस्ती में डंप किया कचरा



## नप दर्ज कराएगी एफआईआर

**रीवा/ सिरमौर ।** एमएसडब्ल्यू मैनेजमेंट सल्यूशन लिमिटेड रैमकी कंपनी द्वारा मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गाइडलाइन के अनुकूल नगर परिषद सिरमौर में कार्य न किए एवं कचरा ट्रांसफर स्टेशन पडरी के बजाय टोंस हायड्रल पावर प्रोजेक्ट वार्ड क्रमांक 1 के समीप निजी भूमि पर लगातार कचरा डंप किए जाने से लोगों द्वारा शिकायत किए जाने पर भी स्थानीय प्रबंधन द्वारा कार्यवाही न किए जाने स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय निवासियों द्वारा नप अध्यक्ष से शिकायत कर कार्यवाही की मांग किए जाने पर जांच कराई गई। जिसमें पाया गया की रैमकी कंपनी द्वारा नियम विरुद्ध कचरा बस्ती में डंप किया जा रहा। जबकि कचरा के लिए पडरी में ट्रांसफर स्टेशन बनाया गया है। जिसका भुगतान कंपनी द्वारा लगातार निकाय से लिया जा रहा है।

## नगरपरिषद ने 6 बार भेजा नोटिस

रैमकी कंपनी द्वारा नप सिरमौर से किए गए अनुबंध के विपरीत कार्य किए जाने पर कार्यालय द्वारा पत्र क्रमांक 1033 दिनांक 5/2/2024, पत्र क्रमांक 1035 दिनांक 9/2/2024, पत्र क्रमांक 1059 दिनांक 9/2/2024, 5/6/2024 एवं पत्र क्रमांक 91, पत्र क्रमांक 93 दिनांक 21 /1/ 2025 द्वारा पत्र जारी कर गाइडलाइन के अनुसार कार्य न किए जाने के संबंध में लेख किया गया। साथ ही लेख किया गया है कि आपके द्वारा प्राइवेट लैंड में कचरा फेंका जा रहा है। जबकि ट्रांसफर स्टेशन में कचरा फेके जाने के अनुबंध किए गए थे। किंतु आपके द्वारा लगातार उल्लंघन किया जाता रहा है।

उक्त कृत्य से स्थानीय लोगों के जनजीवन में विपरीत असर पड़ रहा है। लोगों में व्यापक आक्रोश है। स्थानीय वार्ड के जनप्रतिनिधियों ने भी कंपनी के स्थानीय प्रबंधन से कई बार अपनी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन स्थानीय प्रबंधन द्वारा किसी भी तरह का सहयोग नहीं किया। वार्ड पार्षदों ने आरोप लगाते हुए कहा कि निजी भूमि पर रैमकी कंपनी के व्यक्तियों द्वारा डभौरा आदि अन्य जगहों से भी कचरा लाकर निजी भूमि पर फेंका जा रहा है। जिससे स्थानीय बस्तियों में प्रदूषण फैल रहा है। अन्य जगहों का कचरा मिलकर कचरा गाड़ी की तौल कराई जाती है जिससे निकाय को आर्थिक क्षति पहुंचाई जा रही है। वार्ड पार्षदों ने नगर परिषद अध्यक्ष संदीप सिंह से अपनी शिकायत कंपनी के विरुद्ध दर्ज कराई है।

### क्या कहते हैं जबाबदार



रैमकी कंपनी द्वारा नगर का कचरा उठाए जाने के बाद ट्रांसफर स्टेशन के बजाय बस्ती में नियमविरुद्ध फेंका जा रहा है। वार्ड क्रमांक 1 के लोगों की शिकायत पर नप परिषद के अधिकारी को कंपनी के ऊपर अपराधिक प्रकरण दर्ज कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

-----------

**संदीप सिंह**
**अध्यक्ष**
**नगर परिषद सिरमौर, जिला रीवा (मप्र)**

-----------

रैमकी कंपनी द्वारा निर्धारित अनुबंध के अनुसार कार्य न किए जाने पर उपयंत्री के प्रतिवेदन पर कई बार नोटिस जारी किए जाने के बाद भी कचरा ट्रांसफर स्टेशन के बजाय बस्ती में फेंके जाने पर स्थानीय जनो के साथ पार्षद गणों की मांग पर अध्यक्ष महोदय के निर्देश पर एफआईआर के साथ अनुबंध निरस्तगी की कार्यवाही की जा रही है।

**संतोष कुमार सिंह**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद सिरमौर, जिला रीवा (मप्र)**

# सड़क में दस फीट आगे निकल आए दुकानदार व रहवासी

## रहवासियों का कहना अवैध कब्जों पर प्रशासन ने नहीं की कोई कार्यवाही



**जागरण, रीवा।** जय स्तंभ से लगाकर खन्ना चौराहा, स्टेच्यू चौराहा से आगे तक लगभग दुकानदार व रहवासी दस-दस फीट आगे बढ़ आए हैं। यहां के दुकानदारों ने नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर बताया कि इस मार्ग में अभी भी कुछ मकान व दुकानों पुराने नक्शे के अनुसार बनी हैं, जबकि अधिकांश दुकानें व मकान उन से 10 फीट आगे बने हुए हैं। रहवासियों ने बताया कि जिस समय यहां अवैध रूप से लोग आगे बढ़कर कब्जा कर रहे थे, उस समय प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई।

वाहनों के बढ़ते दबाव के कारण जय स्तंभ से अस्पताल चौराहा तक दिनभर में कई बार जाम की स्थिति निर्मित होती है। जिससे निजात पाने सड़कों का चौड़ीकरण करने की आवश्यकता है, लेकिन यहां पहले से ही रहवासी व दुकानदार 10-10 फीट अवैध कब्जा किए हुए हैं। अधिकतर लोगों ने पक्का निर्माण कर लिया है। लोगों का कहना है कि उन्हें यहां रहते हुए व दुकान लगाए हुए चार दसक से अधिक समय बीत गया है, पहले जहां सड़क चौड़ी हुआ करती थी अब सिकुडकर आधी रह गई है, उपर से वाहनों की संख्या में लगातार इजाफा होता जा रहा है। इस क्षेत्र का पुराना नक्शा निकलवाकर वास्तविकता की तह तक जाया जा सकता है कि पूर्व में कहां से मकान बने हुए थे, और अब कहां से बने हैं।

## रेवांचल बस स्टैण्ड के व्यापारियों से महापौर आज करेंगे चर्चा

**रीवा।** नगर निगम महापौर अजय मिश्रा बाबा की अध्यक्षता में 10 फरवरी को अपरान्ह 4 बजे निगम सभागार में रेवांचल बस स्टैंड की गतिविधियों एवं प्रस्तावित नई योजना को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। रेवांचल बस स्टैंड पर निर्मित दुकानों को किराए के लायसेंस फीस पर 35 माह के लिए किराया अनुबंध पर दिया गया है। इस स्थान पर एक नई योजना प्रस्तावित है, जिसके संदर्भ में संबंधित व्यापारियों एवं अधिकारियों के साथ चर्चा की जाएगी।

# नशे के आदी युवाओं की पुलिस ने शुरू की धरपकड़

**आदतों में सुधार लाने भेजे जा रहे नशा मुक्ति केंद्र**

**जागरण, रीवा।** शहर में कई युवा वर्ग के लड़के इस समय नशे की लत फंसे हुए हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश में सीएसपी शिवाली चतुर्वेदी ने शहरी थाना क्षेत्र में नशे के आदी हो चुके युवाओं को पकड़ने पुलिस टीम को एक्टिव किया है। मेडिसिन नशा बहुत से परिवार को तबाह कर रहा है, मेडिकल नशे के सेवन से एक ओर युवा वर्ग काल के गाल में समा रहा है वहीं उनका भविष्य भी दांव पर लगा हुआ है। ऐसे युवकों के परिजन भी बच्चों के भविष्य को लेकर परेशान हैं। इन युवाओं को नशे की लत से बाहर निकालने के लिए पुलिस ने पहल शुरू की है। बताया गया कि बीते चार दिनों के भीतर तकरीबन आधा दर्जन से ज्यादा युवकों को चिन्हित कर नगर पुलिस अधीक्षक शिवाली चतुर्वेदी ने नशा मुक्ति केंद्र भिजवाया है जहां उन्हें नशे से बाहर निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं, साथ ही अब ऐसे युवाओं की धरपकड़ कर उन्हें सुधारने के लिए पुलिस परिजनों से मुलाकात कर उन्हें नशा मुक्ति केंद्र भिजवाएगी जिससे उनकी जिंदगी को बचाया जा सके।

# विद्युत विभाग की जमीन पर बाहरी व्यक्ति ने किया अतिक्रमण

**जागरण, रीवा।** नेहरू नगर स्थित मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड रीवा पश्चिम संभाग नेहरू नगर एवं ग्रामीण उपयांत्रिकी संभाग की जमीन जिसमें गाड़ी स्टैंड एवं कार्यालय परिसर में बने भगवान शिव जी का मंदिर में बाहरी व्यक्ति द्वारा किये गए अवैध कब्जे को हटाने के लिए विद्युत उपभोक्ता जागरण समिति काफी समय से संघर्ष कर रही है लेकिन अभी तक कोई परिणाम नहीं निकला है। भगवान शिव जी अभी भी अतिक्रमणकारी की कैद में है। गौरतलब है कि तत्कालीन अधीक्षण यंत्री नागराज द्वारा पांच एकड़ जमीन विद्युत मंडल के उपयोग हेतु खरीदी गई थी जिसमें से आधी से ज्यादा जमीन बाहरी व्यक्तियों द्वारा कब्जा कर लिया गया है। शेष जमीन में बॉउंड्री बना कर दो कार्यालय एवं एक मंदिर बनाया गया। शेष जमीन को कार्यालय की गाड़ी के स्टैंड के लिए छोड़ा गया था जिसमें विभाग एवं स्टाफ की गाड़ियां खड़ी होनी चाहिए। लेकिन एक बाहरी व्यक्ति ने चाय की दुकान खोलकर पूरा परिसर अपने कब्जे में कर लिया है। यहां तक कि मंदिर में अपना फ्रिज वगैरह रख कर बिजली का उपयोग कर कोल्ड्रिंक बेचता है जिस कारण बाहरी व्यक्तियों का आना-जाना लगा रहता है। अगल-बगल की जमीन भी उसने कब्जे में ले रखी है। उसके इस कृत्य से विभाग का कीमती सामान ट्रांसफार्मर वैगरह एवं विभाग तथा स्टाफ की गाड़ियां बाहर धूप एवं बरसात में खड़ी रहती हैं ट्रांसफार्मर में लगे पीतल के कीमती नट बोल्ट एवं बुश असमाजिक तत्वों के द्वारा चोरी कर लिए जाते हैं। शाम होते ही बाहरी लोग वहां आकर शराब पीते हैं जिससे अराजकता का माहौल बना रहता है एवं कीमती सामानों के चोरी होने का खतरा बना रहता है। विद्युत उपभोक्ता जागरण समिति ने मांग की है कि गाड़ी शेड एवं मंदिर से कब्जा हटाया जाये एवं चाय की दुकान बाहर सड़क पर लगवाई जाये जिससे विभाग का कीमती सामान एवं गाड़ियां सुरक्षित रह सकें।

# अपडेट होने के बाद मिलेगा ये फायदा

**जागरण, रीवा।** जानकारी अनुसार 8 से 14 फरवरी तक समग्र पोर्टल और उससे संबंधित अन्य सभी एप्लीकेशनों को नए सर्वर इंफ्रा (एसडीसी 2.0) पर माइग्रेट किया जा रहा है। इसकी वजह से 8 फरवरी से 14 फरवरी तक समग्र पोर्टल और उससे संबंधित एप्लीकेशनों को पूरी तरह बंद रखा जाएगा। इस दौरान कोई नया डॉक्यूमेंट जैसे जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण आदि नहीं बनाए जा सकेंगे। इसके अलावा नया समग्र आईडी, समग्र आईडी में नया नाम जोड़ना या पुराना नाम हटाने जैसे काम इस दौरान नहीं हो पाएंगे। वहीं जानकारी अनुसार लोगों के काम नहीं रूकें, इस बात को ध्यान में रखते हुए मिरर सर्वर की व्यवस्था की गई है। इसका फायदा यह होगा कि बंद के दौरान सात दिनों में पहले से बने हुए समग्र के आधार पर पेंशन और स्कॉलरशिप जैसे काम नहीं रुकेंगे। सर्वर पर पहले से मौजूद रिकॉर्ड के आधार पर बनने वाले दस्तावेज, जैसे खसरा-खतौनी की नकल, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र और मूल निवासी जैसे दस्तावेज उपलब्ध कराए जा सकेंगे। समग्र एप्लीकेशन पोर्टल माइग्रेट होने से इसकी क्षमता में इजाफा होगा। यह पहले की तुलना में और बेहतर काम करेगा। नए सर्वर सेटअप में सुरक्षा पहले के मुकाबले और बेहतर होगी। बेहतर एप्लीकेशन और डाटा सुरक्षा मिलेगी।

# जिले के प्रभारी मंत्री का रीवा दौरा निरस्त

**रीवा।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग मंत्री एवं रीवा जिला जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद पटेल 10 फरवरी को रीवा आना था। उन्हें 9 फरवरी को रात 10 बजे रानी कमलापति स्टेशन भोपाल से रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा प्रस्थान करना था लेकिन अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दी गई है। इसके साथ ही मंत्री विजय शाह का भी रीवा दौरा निरस्त हो गया है।

# अवैध कब्जों का बढ़ता जा रहा दायरा

## मुख्य बाजार के साथ ही फुटपाथ को भी नहीं छोड़ रहे अतिक्रामक



**जागरण, रीवा।** शहर में अवैध कब्जे की बाढ़ सी लगी है। मुख्य बाजार हो या फुटपाथ शहर का कोई भी हिस्सा अतिक्रामकों से अछूता नहीं। दिन-प्रतिदिन अतिक्रमण का दायरा बढ़ता ही जा रहा है। नगर निगम द्वारा शहर से अवैध कब्जे चाहे स्थाई हो या अस्थाई को हटाने के निगमायुक्त ने निर्देशित किया है, किन्तु उक्त आदेश का पालन मातहत नहीं के बराबर कर रहे हैं। एकाध जगह का कब्जा हटाकर उड़नदास्ता वाहन में बैठकर रवाना हो जाते हैं। अतिक्रामकों द्वारा शहर के अधिकांश फुटपाथों पर कब्जा किया हुआ है। छोटी पुल के डेंजर पॉइंट को भी अतिक्रमण करने वालों ने नहीं बख्शा। यहां पर अवैध दुकान तो लगी है, बचे फुटपाथ पर उसकी दुकान का सामान रखा रहता है।

**बढ़ती जा रही ठेलों की संख्या :** छोटी पुल के डेंजर पॉइंट पर आए दिन हादसे होते हैं, लेकिन यहां लगी अवैध दुकान पर अवैध कब्जा हटाने वालों की नजर नहीं पड़ी। किसी दिन कोई हादसा हो गया तो इसी अवैध कब्जाधारी के रिश्तेदार प्रशासन से ही सहायता राशि मांगेंगे। कॉलेज चौराहा पर ठेलों की संख्या में दिन-प्रतिदिन इजाफा होता जा रहा है। सिरमौर चौराहे से निगम के मातहत अवैध दुकानें हटाने में नाकारा साबित हो रहे हैं। अमहिया मार्ग पर सड़क तक लगी दुकानों को नहीं हटाया जा रहा। किला मार्ग की दशा ये है कि यहां सड़क पर लगी दुकानों के कारण दोपहिया वाहन निकलना भी मुश्किल होजाता है। यही हालत शहर की सब्जी मंडी व उसके पीछे लगी दुकानों की है, जहां अधिकतर दुकानें सड़कों पर ही लगी रहती हैं। निगम का उड़नदस्ता शहर भर में भ्रमण करता रहता है, लेकिन अमले को अवैध कब्जे दिखाई नहीं दे रहे।

# लोक सेवा केन्द्र में अब 14 फरवरी तक नहीं होंगे आवेदन

## पहले 10 फरवरी तक बंद करने की थी योजना

**जागरण,रीवा।** जिन लोक सेवा केन्द्रों में आमतौर पर आवेदकों की भीड़ जमा रहती है। वहां अब आगामी कुछ दिन कामकाज प्रभावित रह सकता है। ऐसा लोक सेवा केन्द्र के पोर्टल के अपडेट किए जाने की प्रक्रिया के चलते हो रहा है। हालांकि जिन लोक सेवा केन्द्रों में आधा सेंटर भी संचालित हैं वहां आधार से जुड़ी प्रक्रिया कराने वालों की भीड़ जरूर नजर आ रही है। दरअसल शासन द्वारा आमजनों को मिलने वाली योजनाओं के लाभ के साथ विभिन्न हितग्राहीमूलक आवेदनों को शासन के पोर्टल में लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से दर्ज किया जाता है। इसके बाद हितग्राहियों, आवेदकों को पात्रता अनुसार लाभ मिलता है। इसी पोर्टल को अब अपडेट करने की प्रक्रिया शुरू की गई है, जिसके चलते 8 से 14 फरवरी तक लोक सेवा केन्द्रों में कामकाज प्रभावित रह सकता है। बता दें कि पहले समग्र एप्लीकेशन पोर्टल को अपडेट करने का काम 5 फरवरी से 10 फरवरी तक किया जाना था लेकिन अब इसे 7 से 14 फरवरी तक बंद रखा जाएगा। गौरतलब है कि जिले में प्रत्येक विकासखण्ड में एक लोक सेवा केन्द्र का संचालित है, जिसमें रोजाना बड़ी संख्या में लोग शासन की योजनाओं से जुड़े आवेदनों को जमा कराते हैं। उन आवेदकों का पोर्टल के माध्यम से समय सीमा में आवेदन का निराकरण किया जाता है।

## कष्टहर नाथ मंदिर के पीछे मिली युवक की लाश



**रीवा।** जिले के गुढ़ कस्बे में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया लोगों ने कष्टहर नाथ मंदिर के पीछे किसी का शव पड़ा होने की जानकारी दी। लोगों ने पुलिस को सूचना के साथ युवक को अचेत अवस्था में अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक गुढ़ कस्बे का ही निवासी बताया गया है।

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।


लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

**दो वर्ष में बढ़ गया 5.5 प्रतिशत आंकड़ा**

# मायोपिया के मरीजों की बढ़ती जा रही ओपीडी

## कोविड काल के बाद से ज्यादा दिख रहा असर, बच्चे ज्यादा पीड़ित



जागरण,रीवा। जिले में मायोपिया बीमारी का कहर बढ़ता जा रहा है। महज दो वर्षों में इस बीमारी के आकड़े 5.5 प्रतिशत बढ़ गए। दो वर्ष पूर्व इस बीमारी से ग्रसित मात्र 4 प्रतिशत मरीज ही आते थे लेकिन अब इनकी संख्या में 9.5 प्रतिशत हो गई है। विशेषज्ञ इसे चिंता का विषय बता रहे हैं। आंकड़े यूं ही बढ़ते रहे तो भविष्य में समस्या हो सकती है। जानकारी के मुताबिक जिला अस्पताल की ओपीडी मात्र में रोजाना 30-35 मरीज मायोपिया के पहुंच रहे हैं। इस बीमारी से बच्चे ज्यादा पीड़ित है। पहले तो इस बीमारी से 5-10 वर्ष के बच्चे ही पीड़ित मिल रहे थे लेकिन अब 5-15 वर्ष के बच्चों को यह बीमारी अपनी गिरफ्त में ले रही है। माना जा रहा है कि यदि हालात यही रहे तो आगामी वर्षों में मायोपिया लोगों को बुरी तरह अपनी गिरफ्त में लेगा।

## क्या है मायोपिया

नेत्र विशेषज्ञ डॉ.नेहा तिवारी ने बताया कि मायोपिया(निकट दृष्टि दोष) बीमारी एक प्रकार की आंख की बीमारी है, जिसमें दूर की चीजें धुंधली दिखती हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि रेटिना पर पड़ने वाली प्रकाश की किरणे रेटिना पर न फोकस होकर उसके पहले ही फोकस हो जाती हैं। इस बीमारी के दूरगामी दुष्प्रभाव पड़ सकता है जैसे हाई मायोपिया के मरीजों की आंख की मांसपेशियां कमजोर होना, आंख का परदा सरकने या गिरने का खतरा हो सकता है। इस बीमारी के होने पर तत्काल चिकित्सक से सलाह लेकर इसका इलाज कराया जाना चाहिए। भारत सरकार द्वारा भी इसके लिए एनपीसीबी कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों की चश्मे की जांच एवं निःशुल्क चश्मे भी प्रदान कर रही है।

मयोपिया का ग्राफ बढ़ा है, पहले तीन प्रतिशत मरीज ही आते थे लेकिन अब 9.5 प्रतिशत मरीज पहुंच रहे हैं। लक्षण दिखने पर तत्काल चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। सही समय पर इसके इलाज से भविष्य में समस्या नहीं होती।

**डॉ.नेहा तिवारी, नेत्र रोग विशेषज्ञ**
**जिला अस्पताल रीवा**

### बीमारी के मुख्य कारण...

- जेनेटिक एवं स्ट्रक्ररल
- मोबाइल, कंम्प्यूटर, टैबलेट का अधिक उपयोग
- आउटडोर गेम्स में बच्चों का कम इंस्ट्रेस्ट
- पर्याप्त सूर्य का प्रकाश न मिलना
- जंक फूड ज्यादा लेना
- पौष्टिक आहार की कमी

-------

### परिजन यह रखें सावधानी

- ज्यादा मोबाइल, कंम्प्यूटर व टीवी का उपयोग रोकें, 20 मिनट में ब्रेक
- मनोरंजन के लिए आउटडोर गेम के प्रति प्रेरित करें
- विटमिन ए के लिए पालक, गाजर, बादाम इत्यादि का सेवन बच्चों को कराएं
- कम रोशनी व ज्यादा नजदीक से पढ़ने से रोकना

------

### बीमारी का इलाज

- सही समय पर बीमारी का पता लगना
- जानकारी के बाद चश्मे का उपयोग
- कांटेक्ट लेंस का प्रयोग
- लेसिक सर्जरी व आईओएल

## प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए रूकने, ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशानुसार प्रशासनिक एवं हितग्राहियों/श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निर्देश जारी किये हैं। प्रयागराज उत्तरप्रदेश महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं को वर्तमान स्थिति को देखते हुए अस्थाई रूप से बेला बाई पास तालाब के मैदान में बने हुए कैम्प में रूकने की अस्थाई व्यवस्था की गई है।

**खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री ने किये मां शारदा देवी के दर्शन : सतना।** प्रयागराज महाकुंभ से लौटकर मैहर में प्रदेश के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने रविवार को मां शारदा देवी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। इस मौके पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे।

**बेचना है**

29×35 का प्लाट जिसमें 4 कमरे एवं किचन 3 लैटबाथ, बोर सप्लाई नल कनेक्शन सहित पोर्च मकान शीघ्र बेचना है।

पता-राइस मील के सामने कैलाशपुरी, अनन्तपुर रीवा मो. 8982143608

आर-80817(11/2)

# हत्या की नियत से फायरिंग करने वाले दो गिरफ्तार

**जागरण, सतना।** हत्या करने की नियत से फायरिंग करने वाले दो आरोपियों को कोलगवां टीआई सुदीप सोनी ने गिरफ्तार कर सलाखो के पीछे डाल दिया है। यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश , एएसपी शिवेश सिंह बघेल , एवं सीएसपी महेन्द्र सिंह चौहाने के मार्गदर्शन में कोलगवां पुलिस ने की है।

**ये है घटना का विवरण :** फरियादी हनुमंत तिवारी पिता कृष्ण कुमार तिवारी उम्र 24 वर्ष नि0 ग्राम खड़ूरी थाना सभापुर जिला सतना हाल निवास गणेश नगर नई बस्ती सेन्ट जान स्कूल के पास वार्ड क्रं0 14 थाना कोलगवां जिला सतना म.प. का रिपोर्ट दर्ज कराया कि अर्पित तिवारी व वेद मिश्रा को मैं जानता हूं ये लोग लडाई झगडा करते थे इस लिये मैं इनसे दूरी बना लिया था व इन लोगों से बात चीत नहीं करता था । दिनांक 02 फरवरी को रात में अर्पित तिवारी व वेद मिश्रा मेरे घर के सामने गाली देते हुये हत्या करने की नियत से हवाई फायर किये मैं झुक गया जो गोली मेरे सर के ऊपर से निकल गई अगर मैं झुकता नहीं तो गोली मुझे लग जाती । फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक दृ 126/25 धारा 109,125, 296, 351(3)3(5) बी.एन.एस. का पंजीबद्ध किया गया हैं । व उसी रात आरोपी अंकित तिवारी व वेद मिश्रा द्वारा सीमा सिंह यादव पति दिनेश यादव उम्र 48 वर्ष निवासी यादव गैस एजेंसी के सामने बिरला रोड थाना कोलगवां जिला सतना के घर के बाहर हवाई फायर किया हैं । घर के बाहर खडी इनोवा कार मे तोड फोड किए हैं ।

**OFFICE OF THE PRINCIPAL DISTRICT & SESSION JUDGE, UMARIA (M.P.)**

**NOTICE INVITING TENDER**

No. 238/II-12-15/2024 Umaria, Date- 29/01/2025

Sealed tenders are invited from Reputed/Authorized Vendors/Agencies for Mechanized Cleaning Services, Maintenance of Garden, District Court Building, Service Building, Pocso Court Building, Family Court Building, ADR Building in Campus of District Court Umaria, Madhya Pradesh. The last date of tender submission is **07/03/2025 at 5:00 P.M.** The tender shall be opened on **08/03/2025 at 05:00 P.M.** The Pre-Bid meeting of the tender shall be held on **08/03/2025 at 05:00 P.M.** at District Court Umaria. The detailed tender document along with terms and conditions is available on the official website of the High Court i.e. https://mphc.gov.in and Government Tender portal https://mptenders.gov.in

PRINCIPAL DISTRICT & SESSIONS JUDGE
UMARIA (M.P.)

जी-22824 / 24

**कार्यालय कलेक्टर (जनजातीय कार्य विभाग) जिला सिंगरौली (म.प्र.)**

क्रमांक/374 /निर्माण/ज.जा.का.वि./2024-25 सिंगरौली, दिनांक 05.02.2025

**ई-निविदा विज्ञप्ति प्रथम आमंत्रण**

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रतिशत दर पर लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से भवन निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग (भवन) म.प्र. भोपाल द्वारा जारी दिनांक 01 जनवरी 2024 से भवन/विद्युत कार्य, एवं 25 मार्च 2022 लोक निर्माण विभाग (रोड एवं ब्रिज) से प्रभावशील लोक निर्माण विभाग के प्रचलित एस.ओ.आर. पर (निविदा दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित) निम्नांकित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदायें निम्न विवरण अनुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत शर्तें, निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारियाँ **http://mptender.gov.in**पर देखी जा सकती है।

1. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र विक्रय की प्रारंभिक तिथि - 10.02.2025
2. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 24.02.2025
3. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र जमा करनें की अंतिम तिथि - 24.02.2025
4. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र खोलनें की तिथि - 27.02.2025

| क्र. | NIT No. | Online Tender id-No. | कार्य का नाम | विकास खण्ड का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेके की अनुमानित राशि लाखों में | अमानत राशि | कार्य पूर्ण करनें तिथि | उचित पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 367 | 2025_TAD_400977_2 | शासकीय आदिवासी बालिका आश्रम सरई का भवन निर्माण मय विद्युतीकरण एवं अन्य कार्य | देवसर | 15000/- | 231.10 | 231106.00 | 12माह वर्षा ऋतु सहित | नवीन केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत |
| 2 | 367 | 2025_TAD_401019_1 | एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बरगवॉ में पहुंच मार्ग सी.सी. रोड निर्माण कार्य | देवसर | 5000/- | 65.60 | 65598.00 | 06 माह वर्षा ऋतु सहित | नवीन केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत |

ऑनलाईन अभिलेख जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाइट **http://mptender.gov.in** पर ही दर्ज किये जायेगें, पृथक से समाचार पत्रों पर प्रकाशन नही किया जावेगा।

**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)**

सहायक आयुक्त
जनजातीय कार्य विभाग,सिंगरौली

जी-22798 / 24

# कक्षा 10वीं, 12वीं के प्रवेश पत्र ऑनलाइन हुए जारी




## विद्यालय प्राचार्य लगायेंगे सील, माशिमं की परीक्षा तैयारी हुई तेज

जागरण, रीवा

माध्यमिक शिक्षा मण्डल कक्षा 10वीं, 12वीं की मुख्य परीक्षा 25 फरवरी से कराने जा रहा है। आगामी 25 फरवरी को कक्षा 12वीं की परीक्षा के साथ बोर्ड परीक्षाओं का शुभारम्भ होगा। इस परीक्षा को लेकर माशिमं की तैयारी अब जोरों पर चल रही हैं। इस क्रम में माशिमं ने विगत सप्ताह प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं, जिसकी सूचना माशिमं ने प्रसारित की है। अब जारी सूचना के अनुसार विद्यालय प्राचार्यों को छात्रों के प्रवेश पत्र ऑनलाइन डाउनलोड करने होंगे। तत्पश्चात उक्त प्रवेश पत्र में प्राचार्य अपने हस्ताक्षर व सील लगायेंगे, फिर उक्त प्रवेश पत्र छात्रों को वितरित किए जायेंगे। सभी छात्रों को प्रवेश पत्र के होने पर ही केंद्रों में प्रवेश दिया जायेगा। गौरतलब है कि कक्षा 10वीं, 12वीं की इस मुख्य परीक्षा में जिले के 575 सरकारी व निजी विद्यालयों के 55 हजार 48 छात्र सम्मलित होने जा रहे हैं। कक्षा 10वीं के 31 हजार 265 और 12वीं के 23 हजार 783 छात्र इस परीक्षा में शामिल होंगे। इन छात्रों के लिए जिले में आधा सैकड़ा से अधिक 94 परीक्षा केंद्र बनाये गए हैं। इन केंद्रों के लिए केंद्राध्यक्षों का निर्धारण भी कर लिया गया है।

### 10 से कराई जायेगी प्रायोगिक परीक्षा

कक्षा 10वीं, 12वीं के नियमित छात्रों की प्रायोगिक 10 फरवरी से 10 मार्च के बीच उसी विद्यालय में होगी, जहां वह पढ़ रहे हैं। जबकि कक्षा 10वीं, 12वीं के स्वाध्यायी (प्राइवेट) छात्रों की परीक्षा उन केंद्रों में होगी, जहां उनकी मुख्य परीक्षा होनी है। माशिमं ने स्वाध्यायी छात्रों की प्रायोगिक परीक्षा 25 फरवरी से 15 मार्च के मध्य कराने के निर्देश दिए हैं।

### सप्लीमेंट्री कॉपी की जरुरत नहीं

परीक्षा में बैठने वाले छात्रों को इस वर्ष एक ही उत्तर पुस्तिका मिलेगी, जो 32 पेज की होगी। ऐसा होने पर छात्रों को सप्लीमेंट्री में उत्तर पुस्तिका लेने की जरुरत नहीं पड़ेगी। इसके अलावा, सीबीएसई की तर्ज पर प्रश्न पत्रों के चार सेट तैयार किए गए हैं, जो छात्रों को अलग-अलग वितरित होंगे। हालांकि इनमें प्रश्नों का पैटर्न एक जैसा होगा, बस क्रम बदला रहेगा।

## 6 मार्च से होगी कक्षा 3 से 7वीं तक के छात्रों की परीक्षा



जागरण, रीवा। सरकारी विद्यालयों की कक्षा 3 से 7वीं तक के छात्रों की वार्षिक परीक्षा 6 मार्च से आरम्भ होगी। इस बाबत राज्य शिक्षा केन्द्र ने समय-सारिणी घोषित कर दी है। विगत माह तय समय-सारिणी के अनुसार विद्यालयों में कक्षा 3, 4, 6 और कक्षा 7वीं की वार्षिक परीक्षा की 6 मार्च से होगी, जो 11 मार्च को समाप्त हो जायेगी। परीक्षा आयोजन की तैयारी को लेकर राशिके ने जिला कलेक्टर को पत्र जारी कर दिया है। पत्र में स्कूल शिक्षा विभाग ने वार्षिक परीक्षा के आयोजन के पहले बैठक व्यवस्था और अन्य तैयारियों के संबंध में जिला परियोजना समन्वयकों को पूर्व तैयारी करने के लिये कहा है।

**▪ राशिके ने बैठक व्यवस्था बनाने जारी किए निर्देश**

तय कार्यक्रम के मुताबिक कक्षा-छठवीं और सातवीं की वार्षिक परीक्षा 6 मार्च से शुरू होकर 12 मार्च को समाप्त होगी। इन कक्षाओं की परीक्षा का समय दोपहर 2 से शाम साढ़े 4 बजे तक रहेगा। परीक्षा में शामिल होने वाले दिव्यांग विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय और लेखक की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके लिए उन्हें पृथक से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। लेखक का इंतजाम विद्यार्थियों के पालकों द्वारा कराया जाएगा। गौरतलब है कि जिले में 3 हजार 800 के लगभग सरकारी प्राथमिक व माध्यमिक शालाएं हैं। इन विद्यालयों में करीब दो लाख छात्र पंजीकृत हैं, जिनके लिए उक्त मुख्य परीक्षा आयोजित कराई जानी है।

# टूरिज्म को लेकर वृहद बैठक हुई संपन्न




जागरण, रीवा। पूर्व मंत्री महाराजा पुष्पराज सिंह का टूरिज्म को लेकर रविवार को दिल्ली एमिटी में वृहद कार्यक्रम टूरिज्म मिनिस्टर गजेंद्र सिंह शेखावत मुख्य अतिथि एवं रीवा महाराजा पुष्पराज सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में डॉ. अशोक कुमार चौहान, प्रो. डॉक्टर बलविंदर शुक्ला, वाइस चांसलर प्रो. डॉ. सजननी एमिटी के छात्र-छात्रा एवं भारी संख्या में देश-विदेश से आए लोग उपस्थित हुए। टूरिज्म को लेकर गजेंद्र सिंह शेखावत टूरिज्म मिनिस्टर रीवा के सफेद शेर को लेकर काफी तारीफ करते हुए रीवा महाराजा का स्वागत किया। उन्होंने कहा रीवा महाराजा पुष्पराज सिंह सफेद बाघ की धरती से पधारे हैं, मैं उनका धन्यवाद करता हूं एवं प्रधानमंत्री ने सफेद बाघ बिल्डिंग सेंटर के लिए बड़ी राशि उपलब्ध कराई है जिससे निश्चित ही टूरिज्म को फायदा होगा एवं टूरिस्ट ज्यादा बढ़ेंगे। आज रीवा की पहचान मोहन सफेद बाघ ने पूरी दुनिया में बना दी है। कार्यक्रम में भारत के बड़े-बड़े शहरों से लोग उपस्थित हुए।

## पशुपालन को व्यवसाय के रूप में अपनाने दी सलाह

रीवा। पशु पालन एवं डेयरी विभाग द्वारा प्रायोजित राज्य स्तरीय युवा उद्यमी संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कुठुलिया स्थित शासकीय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय में यह कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पशु पालन डेयरी विभाग के संचालक पीएस पटेल रहे। जिन्होंने युवा उद्यमियों को संवाद कार्यक्रम के उपरांत पशुपालन को व्यवसाय के रूप में अपनाने की सलाह दी। साथ ही, संचालक ने ग्रामीण युवा उद्यमियों को छोटे स्तर पर डेयरी पालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन, सूकर पालन एवं मत्स्य पालन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. सुलोचना सेन ने युवा उद्यामियों को बकरी पालन में उद्यमिता के बारे में बताया। इसी तरह डॉ. सर्लिन तोमर ने दूध प्रसंस्करण और मूल्य वर्धन में उद्यमिता, डॉ. केके मिश्रा ने पशु कल्याण संबंधी नियम, डॉ. सोमेश मेश्राम ने पोल्ट्री उद्योग एवं डॉ. राजकुमार पटेल ने चारा उत्पादन में उद्यमिता की जानकारी दी। विशेष वक्ता डॉ. श्रद्धा परिहार ने पशु पालन संबंधी शासकीय योजनाओं की जानकारी युवा उद्यमियों को दी और इसके लाभों के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में 450 युवा उद्यमियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस दौरान डॉ. अजीत प्रताप सिंह, डॉ. सुनील नायक, डॉ. अनिल कुमार सिंह, डॉ. योगेश, डॉ. ए चतुर सहित अन्य शिक्षक, छात्र व युवा उद्यमी उपस्थित रहे।

**वेटरनरी कॉलेज में युवा उद्यमी संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

## मुख्यमंत्री आज जारी करेंगे किसान सम्मान निधि की राशि

जागरण, रीवा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 10 फरवरी सोमवार को वर्चुअल माध्यम से किसान सम्मान निधि पंजीकृत किसानों के बैंक खाते में जारी करेंगे। मुख्यमंत्री देवास जिले के सोनकच्छ में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में किसानों को सिंगल क्लिक से राशि जारी करेंगे। रीवा जिले के एक लाख 68 हजार से अधिक किसानों के खाते में राशि पहुंचेगी। इस कार्यक्रम को जिला स्तर तथा विकासखण्ड स्तर पर प्रसारण दिखाया जाएगा। वेबकास्ट लिंक के माध्यम से भी इस कार्यक्रम में शामिल होने की सुविधा उपलब्ध है। वेबकास्ट डॉट जीओभी डॉट इन स्लैस एमपी स्लैस सीएम इवेंट लिंक से जुड़कर कार्यक्रम में शामिल होने की सुविधा है।

## ऑनलाइन के साथ जनसुनवाई में भी होगा शिकायतों का निराकरण

जागरण, रीवा। मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अंतर्गत अभी तक केवल ऑनलाइन शिकायत ही उपभोक्ताओं द्वारा की जा रही थी, लेकिन अब ऐसे उपभोक्ताओं के लिए बिजली कंपनी द्वारा वितरण केन्द्रों में हर मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। इसके निर्देश बिजली अधिकारियों को जारी कर दिए गए हैं। जनसुनवाई प्रत्येक मंगलवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच होगी। जिसमें शिकायतों का तत्काल निराकरण करने का प्रयास होगा। यही नहीं बिजली कंपनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिन शिकायतों का ऑन द स्पाट निराकरण किया जाता है उससे जुड़े वीडियो और फोटोग्राफ्स को कंपनी के पोर्टल पर भी अपलोड किया जाए। मानव संसाधन विभाग की तरफ से मुख्य महाप्रबंधक नीता राठौर ने आदेश जारी किया है। इसमें रीवा समेत शहडोल, जबलपुर व सागर संभाग के सभी वितरण केंद्रों में जनसुनवाई आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। जनसुनवाई के दौरान कार्यालय प्रमुख को उपस्थित रहना अनिवार्य होगा।

**पूर्व क्षेत्र बिजली कंपनी ने वितरण केंद्रों को दिया निर्देश**

## जिला एथलेटिक संघ ने उप मुख्यमंत्री को धन्यवाद किया ज्ञापित

रीवा। जिला एथलेटिक संघ एवं नगर एथलेटिक संघ के संयुक्त प्रतिनिधि मंडल ने उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला को धन्यवाद ज्ञापित किया। संघ प्रतिनिधियों को उप मुख्यमंत्री ने रीवा में अप्रैल महीने तक सिंथेटिक ट्रेक लगाने का आश्वासन दिया, जिस पर प्रतिनिधि मंडल ने प्रसन्नता व्यक्त की। इस प्रतिनिधि मंडल में जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष मोहनलाल तिवारी, नगर अध्यक्ष नागेश पांडेय, जिले के कार्यकारी अध्यक्ष आशीष ककवानी, जिला सचिव विष्णु तिवारी, संयुक्त सचिव राहुल शर्मा, कोषाध्यक्ष सुनिधि व्यास, एनआईओएस कोच रमेश तिवारी, विनोद तिवारी, असद खान, संजय शुक्ला, जयराम शुक्ल आदि उपस्थित रहे।

# मान्यता नवीनीकरण की अंतिम तिथि तीन दिन तो बढ़ी, लेकिन लाभ सिर्फ एक दिन ही मिलेगा

### राज्य शिक्षा केंद्र के नए नियम छोटे निजी स्कूल संचालकों पर बढ़ा रहे आर्थिक बोझ

जागरण,रीवा। निजी स्कूलों की मान्यता के नवीकरण की आखिरी तारीख 7 फरवरी थी। इस दिन पोर्टल पर अत्याधिक लोड के कारण यह दोपहर के बाद से नहीं चला। नतीजतन राज्य शिक्षा केंद्र ने आवेदन की आखिरी तारीख बढ़ाकर 10 फरवरी कर दी। हालांकि राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा ऑन पेपर दी गई तीन दिन की अतिरिक्त मोहलत वास्तविक रूप से एक दिन यानी कि 10 फरवरी को ही स्कूल संचालकों को मिलेगी। क्योंकि शनिवार-रविवार को रजिस्ट्रार कार्यालय बंद रहते हैं। जिससे किरायानामा बनना संभव ही नहीं है। ऐसे में सोमवार को ही जब रजिस्ट्रार कार्यालय खुलेंगे तो ही रजिस्टर्ड किरायानामा बन सकेंगे। वहीं मान्यता को लेकर शासन के नए नियम खासकर छोटी अशासकीय शिक्षण संस्थाओं के संचालकों पर आर्थिक बोझ बढ़ाने वाली साबित हो रही है।

**नए नियम से रोष:** निजी स्कूलों की मान्यता नवीकरण के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने मौजूदा साल से कई तरह के नियम बनाए हैं। जिनका पालन करना स्कूल संचालकों के लिए मुश्किल हो रहा है। उनमें इस बात का भी रोष है कि महीनों पहले उन्होंने इन जटिल नियमों को खत्म करने के लिए ज्ञापन भी दिया था, लेकिन उनकी मांगों को अनसुना कर दिया गया। संचालको के अनुसार स्कूलों की मान्यता नवीकरण के लिए रजिस्टर्ड किरायानामा सहित अन्य नए नियम इस साल से लागू किए हैं। इससे स्कूल संचालकों को दिक्कत आ रही है। पिछले वर्षों तक शपथ पत्र पर किरायानामा मान्य होता था। जबकि नए नियम में रजिस्टर्ड किरायानामा में स्कूल संचालकों को अधिक धनराशि खर्च करनी पड़ रही है। पंजीयन कार्यालय में स्लॉट बुकिंग से लेकर रजिस्ट्री तक घंटों का समय बर्बाद हो रहा है। उन्होंने नए नियम को निरस्त करने की मांग की, ताकि छोटे स्कूलों का संचालन बिना किसी बाधा के हो सके।

**लेटफीस 14 तक:** अधिकारियों के अनुसार जिले में कई सैकड़ा निजी स्कूलों की मान्यता का नवीकरण होना है। इसके लिए पहले अंतिम तिथि 7 फरवरी और लेटफीस के साथ 14 फरवरी थी। राज्य शिक्षा केंद्र ने अब बिना लेटफीस के मान्यता नवीकरण के आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 फरवरी कर दी है। बता दें कि अभी भी कई स्कूलों का रजिस्टर्ड किरायानामा नहीं बन सका है। सोमवार को पोर्टल पर यदि अत्याधिक लोड बढ़ा तो फिर स्कूल संचालकों को लेटफीस के साथ ही अपना आवेदन देना पड़ेगा।

# अभ्यास और चतुराई के साथ प्रस्तुत की जाने वाली कला है जादू



### सावी मदर विद्यालय में जादूगर अच्छेलाल का हुआ कार्यक्रम

जागरण, रीवा। आजाद नगर स्थित सावी मदर इंटरनेशनल स्कूल में प्रसिद्ध जादूगर अच्छे लाल दुबे का कार्यक्रम हुआ। विद्यालय के छात्रों को जादूगर द्वारा तरह-तरह के जादू दिखाये गए, जिन्हें देखकर बच्चे आश्चर्यचकित हुए। जादूगर अच्छेलाल ने बच्चों बताया कि जहां विज्ञान खत्म होता है, वहीं से जादू शुरू होता है। जादू एक पूर्णता विज्ञान है और विज्ञान से जुड़ी कई चीजें इसमें समाहित हैं। उन्होंने कहा कि संघर्ष भरे जीवन में आनंद की बात बेमानी सी लगती है लेकिन अंधविश्वास, तंत्र-मंत्र पर विज्ञान सिद्धांतों एवं संघर्ष में मनोवैज्ञानिक दायरे में बांधकर जादू लोगों को स्वस्थ मनोरंजन करते हुए दर्शकों को उसकी चिंताओं से मुक्ति दिलाने में सक्षम है। उन्होंने छात्रों को बताया कि जादू लगातार अभ्यास और चतुराई के बाद प्रस्तुत करने वाली एक मनोरंजक और ज्ञान पूर्ण कला है। जादू निष्कपट मनोरंजन के लिए प्रकृति के नियमों को तोड़ती से प्रतीत होती है जादू मनोविज्ञान के दृष्टि भ्रम पर आधारित कला है। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक एवं छात्रगण उपस्थित रहे।

# मप्र शिक्षक संघ जिला इकाई का हुआ चुनाव, जितेंद्र बने अध्यक्ष




जागरण, रीवा। मप्र शिक्षक संघ की रीवा जिला इकाई का निर्वाचन रविवार को मार्तण्ड विद्यालय क्रमांक 1 के सभागार में हुआ। निर्वाचन अधिकारी हरिश्चंद्र सिंह सिंगरौली और पर्यवेक्षक रामकृष्ण तिवारी सीधी के निर्देशन में यह चुनाव हुआ। इस प्रक्रिया में पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय, कौशलेंद्रमणि त्रिपाठी, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी केपी त्रिपाठी, संगठन मंत्री अनूप शुक्ला, नगर अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने भी सहभागिता निभाई। चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने पर जितेंद्र चतुर्वेदी को जिला इकाई का अध्यक्ष चुना गया। ऐसे ही अरूण द्विवेदी को सचिव, विशाल शुक्ला को उप सचिव, कोषाध्यक्ष अविनाश गौतम, उपाध्यक्ष संदीप पाण्डेय, करूणा पाण्डेय, सुषमा, सुशीला वर्मा, सुधांशु द्विवेदी, प्रियंका सिंह, भूपेंद्र सिंह, मंजू सिंह, राकेश तिवारी को चुना गया। इस दौरान जिला कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित अन्य सदस्य, तहसील, विकासखण्ड इकाई के सदस्य भी उपस्थित रहे।

# ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लॉक मप्र कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न



जागरण, रीवा। ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लॉक मप्र के प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक द्वारिका नगर दुर्गा मंदिर रीवा के प्रांगण में दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होकर सायंकाल 5.30 बजे तक चली। बैठक में संगठन विस्तार, प्रदेश स्तर से लेकर जिला स्तर तक पदाधिकारियों के पुर्नगठन, प्राथमिक सदस्यता एवं सक्रिय सदस्यता, किसानों की समस्या, दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग को संगठन पर जोड़ने, जातिगत जनगणना, बढ़ती बेरोजगारी एवं महंगाई पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में राष्ट्रीय सचिव अमरीश सिंह ने कहा कि ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लॉक पार्टी नेता सुभाषचन्द्र बोस की बनाई हुई बहुत पुरानी पार्टी है। मप्र में पार्टी की नींव कमजोर है जिसें सृदढ़ बनाने हेतु कार्ययोजना तैयार की जाय और वूथ स्तर तक हमारे कार्यकर्ता हो इस पर कार्य किया जाय। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रदेश की हर तीन माह में बैठक विभिन्न जिलों में आयोजित की जाय। बैठक में प्रदेश महासचिव अरुण प्रताप सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन की मजबूती पर बल दिया। बैठक का प्रारम्भ नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की प्रतिमा में माल्यार्पण, कन्या पूजन एवं राष्ट्रीय गीत से हुआ। बैठक के समापन के पूर्व महाकुंभ प्रयागराज में भगदड़ के दौरान अपनी जान गंवाने वाले लोगों के प्रति दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। राष्ट्रीय गान पश्चात् बैठक का समापन किया गया। बैठक में सुखनन्दन सिंह गहरवार, नागेन्द्र सिंह कल्चुरी, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, श्यामाचरण ओझा, राजकुमार कोल, लता खरे, रेखा अंजू तिवारी, राजेश सिंह, राहुल सिंह, गोरेलाल कोल, राकेश सिंह, सानू सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 139 में मैसेज देकर रद्द करा सकते हैं आरक्षित टिकट

### रेल प्रशासन ने यात्रियों को दी सुविधा

जागरण, रीवा। ट्रेनों में सफर करने वाले यात्री एसएमएस के जरिये आरक्षित टिकट रद्द करा सकते हैं। रेल प्रशासन द्वारा यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है। टिकट रद्द करने के लिए यात्रियों को 139 नम्बर पर मैसेज भेजना होगा। मैसेज में यात्री को कैंसिंल, पीएनआर नम्बर व ट्रेन नम्बर का उल्लेख करना होगा। बताया गया कि यात्री को उसी मोबाइल नम्बर से यह मैसेज करना होगा, जिस नम्बर को यात्री ने आरक्षित टिकट लेते समय रजिस्टर्ड कराया हो। टिकट खिड़की में भीड़-भाड़ से बचने के लिए यह सुविधा उपयोगी साबित हो रही है। आवश्यक जानकारी के अभाव में न चाहते हुए भी यात्रियों को आरक्षित टिकट रद्द कराने स्टेशन का रूख करना पड़ता है। जबकि उक्त सुविधा से यात्री घर बैठे टिकट कैंसिल करा सकते हैं।

गौरतलब है कि 139 नम्बर पर अभी तक यात्रियों को ट्रेन यात्रा संबंधी अन्य जानकारियां भी मिलती रही हैं। रेल प्रशासन द्वारा टिकट रद्दीकरण सुविधा को भी इस नम्बर से जोड़ जा चुका है। बताया गया कि कन्फर्म टिकट के अलावा आरएसी, वेटिंग टिकट भी मैसेज के जरिये नियत समय के पहले रद्द करवाये जा सकते हैं। तय प्रक्रिया के अनुसार मैसेज भेजने के बाद यात्रियों को तुरंत ओटीपी नम्बर मिलेगा। उसे वापस भेजने पर टिकट रद्द हो जायेगा। साथ ही रिफंड का मैसेज भी यात्री के मोबाइल पर आ जायेगा। रिफंड राशि वापस पाने यात्री को मूल टिकट आरक्षण कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा, जहां से यात्री को पैसा वापस मिल जायेगा।

## भूमि आवंटन के संबंध में आपत्ति 20 फरवरी तक

जागरण, रीवा। तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला ने बताया है कि हुजूर तहसील के ग्राम बाबूपुर की आराजी नम्बर 87 कुल क्षेत्रफल 4.4310 हेक्टेयर में से अंश भाग 0.008 हेक्टेयर इंडियन आयल कार्पोरेशन लिमिटेड को आवंटित किया जाना प्रस्तावित है। इसी तरह आराजी नम्बर 855 क्षेत्रफल 4.1360 हेक्टेयर के अंश भाग 0.240 हेक्टेयर में विद्युत सब स्टेशन के निर्माण के लिए कार्यपालन अभियंता शहर संभाग रीवा को आवंटित की जा रही है। इन दोनों भूमि के आवंटन का प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में लंबित है। भूमि आवंटन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह 20 फरवरी तक तहसीलदार हुजूर न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के बाद आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

# खोखम बस्ती में 2.38 करोड़ से बनेगी सीसी रोड

### सीसी रोड का किया भूमिपूजन




जागरण, रीवा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नगर निगम के वार्ड क्रमांक चार चोरहटा में अनुसूचित जाति बस्ती खोखम में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन किया। नगर निगम द्वारा कायाकल्प योजना से बनाई जा रही इस रोड की लागत दो करोड़ 38 लाख 87 हजार रुपए है। इसकी कुल लंबाई 3590 मीटर है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं खोखम बस्ती वालों को दो करोड़ 38 लाख रुपए की सड़क की सौगात देने आया हूं। इस बस्ती में 6 माह में चार मीटर चौड़ाई की सीसी रोड का निर्माण हो जाएगा। इससे आवागमन सुगम होने के साथ क्षेत्र का विकास भी होगा। इस सड़क का निर्माण मुख्यमंत्री द्वारा विधायक क्षेत्र विकास निधि से रीवा के लिए स्वीकृत 19 करोड़ रुपए की राशि से किया जा रहा है। हमारी सरकार जनता से पूछकर उनकी इच्छा के अनुसार विकास के कार्य कर रही है। खोखम बस्ती में अधोसंरचना विकास के सभी कार्य कराए जाएंगे। इस सड़क के निर्माण के लिए यहां के पार्षद दारा सिंह ने विशेष प्रयास किया। उन्हें मैं सड़क निर्माण के लिए बधाई देता हूं। समारोह में नगर निगम के कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह ने सड़क निर्माण का तकनीकी प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समारोह में नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, पार्षद राजगोपाल मिश्रचारी, डीएन शुक्ला, जनपद अध्यक्ष गंगेव विकास तिवारी स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## हनुमना विकासखण्ड में आज से खिलाई जाएगी फाइलेरिया रोधी दवा

जागरण, रीवा। मऊगंज जिले के हनुमना विकासखण्ड में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक विशेष अभियान चलाकर फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जाएगी। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ला ने बताया कि दवा दो साल से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों को दी जाएगी। गर्भवती महिलाओं, गंभीर रोग से पीड़ितों तथा दो साल से कम आयु के बच्चों को दवा नहीं खिलाई जाएगी। अभियान के दौरान 10 से 14 फरवरी तक निर्धारित बूथों में दवा खिलाई जाएगी। नाश्ता अथवा हल्का भोजन करने के बाद ही दवा दी जाएगी। जो व्यक्ति शेष बचेंगे उन्हें 14 से 21 फरवरी तक घर-घर जाकर दवा खिलाई जाएगी। इसके बाद भी जो व्यक्ति दवा खाने से वंचित रह जाएंगे उन्हें 22 से 25 फरवरी तक मापअप राउंड में दवा खिलाई जाएगी। प्रत्येक बूथ में दल तैनात कर दिए गए हैं। अभियान की निगरानी के लिए जिला और विकासखण्ड स्तर से दल तैनात किए गए हैं।

दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

रीवा, 10 फरवरी 2025 माघ शुक्ल 13 संवत 2081

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त




॥गीता॥

मच्चित्ता मद्गतप्राणा बोधयन्तः परस्परम्।
कथयन्तश्च मां नित्यं तुष्यन्ति च रमंति च।

**भावार्थ :** ईश्वर में चित्त लगाने वाले, उन्हीं में प्राण अर्पण करने वाले भक्तजन आपस में उन्हीं के गुण, प्रभाव आदि का बखान, कथन करते हुए ही नित्य -निरंतर संतुष्ट रहते हैं और उन्हीं से प्रेम करते हैं।

# बढ़ती मंहगाई पर काबू पाने की तैयारी

भारतीय रिजर्व बैंक ने आखिरकार लंबे इंतजार के बाद, रेपो दर में पच्चीस आधार अंक की कटौती की है। करीब पांच वर्ष पहले चालीस आधार अंक की कटौती की गई थी, जिससे ब्याज दर चार फीसद पर पहुंच गई थी। मगर बढ़ती महंगाई पर काबू पाने के मकसद से तीन वर्ष पहले थोड़े-थोड़े अंतराल पर पांच बार पच्चीस-पच्चीस आधार अंकों की बढ़ोतरी की गई, जिससे ब्याज दर साढ़े छह फीसद पर पहुंच गई। तब से यह दर इसी स्तर पर बनी हुई थी। रेपो दर ऊंची होने का असर बैंकों से लिए गए कर्ज के ब्याज पर पड़ रहा था। जिन लोगों ने मकान, वाहन या किसी रोजगार के लिए कर्ज लिए हैं, उन्हें अधिक ब्याज चुकाना पड़ रहा था। इसलिए मांग की जा रही थी कि रेपो दर में कटौती की जाए। मगर रिजर्व बैंक इस दिशा में कदम बढ़ाने से इसलिए हिचक रहा था कि महंगाई पर काबू पाना चुनौती बना हुआ था। अब महंगाई का रुख कुछ नीचे की तरफ नजर आने लगा है। अगले वित्त वर्ष में इसके चार फीसद के आसपास रहने का अनुमान है। रिजर्व बैंक का लक्ष्य भी यही है कि महंगाई को चार फीसद के आसपास समेट दिया जाए। स्वाभाविक ही, रेपो दर में कटौती से मकान, वाहन आदि के लिए कर्ज पर ब्याज का बोझ कुछ कम होगा। दरअसल, केंद्रीय दर में बढ़ोतरी इसलिए की जाती है कि बाजार में पूंजी के प्रवाह को रोका जा सके, मांग घटे, ताकि महंगाई की दर नीचे उतरनी शुरू हो जाए। इसलिए रेपो दर में कटौती से बाजार में पूंजी का प्रवाह कुछ बढ़ सकेगा। इस तरह मांग भी कुछ बढ़ेगी। मगर देखने की बात है कि केवल पच्चीस आधार अंक की कटौती से बाजार में छाई सुस्ती कितनी टूट पाएगी। दरअसल, बैंकों का कारोबार भी काफी मंद पड़ा हुआ है। इसलिए वे एकदम से रेपो दर में हुई कटौती का लाभ अपने ग्राहकों को देना शुरू कर देंगे, कहना मुश्किल है। लंबे समय से रेपो दर ऊंची रहने से लोगों ने वाहन और मकान वगैरह खरीदने से हाथ रोक रखा था, ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि फिर से लोग इन क्षेत्रों की तरफ आकर्षित होंगे। रेपो दर में कटौती का कुछ अच्छा असर विनिर्माण क्षेत्र पर पड़ने की उम्मीद है।

**बाजार में छाई सुस्ती और मांग में कमी आने की वजह केवल ऊंची रेपो दर नहीं है। इसका बड़ा कारण प्रति व्यक्ति आय में कमी है। कोरोना के बाद बाजार तेजी से पटरी पर तो लौटा, मगर लोगों की आमदनी में बढ़ोतरी नहीं हो पाई। रिजर्व बैंक का लक्ष्य भी यही है कि महंगाई को चार फीसद के आसपास समेट दिया जाए।**

प्रसंगवश

## महाकुंभ में दिखे समर्पण और सेवा भाव के नजारे

प्रयागराज में संपूर्ण समर्पण एवं निष्ठा के साथ श्रद्धालुओं की सेवा के लिए महाकुंभ मेला स्थल पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वे स्वयंसेवकों को भी तैनात किया गया है। संघ के सेवाभावी स्वयंसेवक प्रतिदिन देश के कोने कोने से प्रयागराज पहुंचने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के महाकुंभ प्रवास को सुगम बनाने में पूरी तन्मयता के साथ प्रशासन का जिस तरह सहयोग कर रहे हैं उससे श्रद्धालुओं का अभिभूत होना स्वाभाविक है लेकिन संघ के सेवाभावी स्वयंसेवकों के प्रति वे जब ह्रदय से आभार व्यक्त करते हैं तो



परन्तु संघ के स्वयंसेवक विनम्रता पूर्वक बस यही कहते हैं कि महाकुंभ में भी वे सेवा की उस महान परंपरा का निर्वाह कर रहे हैं जिसके लिए संघ को जाना जाता है। स्वयंसेवक महाकुंभ के शुभारंभ के कुछ दिन पूर्व से ही प्रयागराज रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड भी प्रवेश द्वारों पर मोर्चा संभाले हुए हैं। महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने के लिए नित्य प्रति प्रयागराज पहुंचने वाले लाखों श्रद्धालुओं को घाट तक पहुंचने के लिए सही मार्ग बताते हैं। न्हें रेलवे स्टेशन,बस स्टैंड अथवा नगर के अन्य निर्गम द्वारों तक पहुंचाने का इंतजाम भी करते हैं। कार्यकर्ताओं के द्वारा बुजुर्ग श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जिन बुजुर्ग श्रद्धालुओं को पैदल चलने में कठिनाई महसूस होती है उन्हें कार्यकर्ता स्कूटी पर बिठा कर न केवल घाट तक पहुंचाते हैं इतना ही नहीं, कार्यकर्ता कुंभ मेला की अपार भीड़ में अपने परिजनों से बिछुड़ गये श्रद्धालुओं को पुनः उनके परिजनों से मिलाने के काम में भी जुटे हुए हैं। इसके लिए स्वयंसेवकों ने एक व्हाट्स एप ग्रुप बना लिया है जिससे देश भर के स्वयं सेवक जुड़े हुए हैं। जब भी महाकुंभ के जनसैलाब में उन्हें किसी व्यक्ति के अपने परिजनों से बिछुड़ जाने की जानकारी मिलती है वे उस व्यक्ति की जानकारी व्हाट्स एप ग्रुप में साझा कर देते हैं। फिर उस व्यक्ति के परिजनों को खोज निकालते हैं इस तरह हजारों बिछुडे हुए लोगों को उनके परिजनों से मिलवाने में स्वयंसेवकों की अहम भूमिका रही है।

**प्रयाग राज में गत माह प्रारंभ हुए महाकुंभ को व्यवस्थित स्वरूप प्रदान करने के लिए सरकार को समाज के हर वर्ग का भरपूर सहयोग मिल रहा है। अनेक समाजसेवी संस्थाओं और स्वयंसेवी संगठनों के कार्यकर्ता श्रद्धालुओं के संगम में सुविधाजनक स्नान के लिए चौबीसों घंटे समर्पित भाव से जुटे हुए हैं।**

**- कृष्णमोहन झा -**

स्वयंसेवकों ने महाकुंभ मेला परिसर को पालीथीन और कचरा मुक्त बनाए रखने की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ले रखी है। इसी पुनीत उद्देश्य से संघ के द्वारा विशेष रूप से प्रशिक्षित किए गए गंगा सेवा दूत महाकुंभ में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को पालीथीन का उपयोग न करने के प्रेरित कर रहे हैं। महाकुंभ मेला परिसर को प्रदूषणमुक्त बनाने के लिए संघ की इस पहल की सर्वत्र सराहना हो रही है। महाकुंभ में जिस तरह समर्पण और तन्मयतापूर्वक श्रद्धालुओं की निस्वार्थ सेवा में जुटे हुए हैं उसकी चर्चा केवल प्रयागराज और उत्तर प्रदेश ही नहीं अपितु प्रदेश की सीमाओं के बाहर भी हो रही है। महाकुंभ परिसर में श्रद्धालुओं की हर संभव मदद के लिए चौबीसों घंटे तत्पर रहने वाले स्वयंसेवकों ने सेवा, समर्पण और संस्कार की जो मिसाल पेश की है वह अन्य श्रद्धालुओं को इस पुण्य कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के प्रेरित कर रही है।

# पुस्तक मेले में बढ़ती युवाओं की भीड़ एक सुखद संकेत

साहित्य दर्शन

**इंटरनेट से संचालित तमाम माध्यमों के कारण पुस्तक-संस्कृति खतरे में है। अब समय आ गया है कि पुस्तक मेले को अन्य महानगरों और राज्य की राजधानियों में भी आयोजित किया जाये। पिछले चार-पांच सालों से युवाओं की आमद बढ़ने लगी है। इस बार के नयी दिल्ली के विश्व पुस्तक मेला में 50 प्रतिशत से अधिक आगंतुक युवा ही हैं. हिंद युग्म के स्टॉल पर आने वाले 90 प्रतिशत से अधिक पाठक युवा हैं। यह देख कर लगता है कि किताबों से प्यार करने और चाहने वाले लोगों की कमी नहीं है।**

**- मनोज मोहन -**

पुस्तक प्रेमियों के लिए विश्व पुस्तक मेला मिलने-जुलने की जगह है। यह पाठकों के लिए खुशी का मौका होता है। पुस्तकों के इस उत्सव में शामिल होने दूर-दूर से लोग आते हैं। यह देख कर लगता है कि किताबों से प्यार करने और चाहने वाले लोगों की कमी नहीं है। यूं तो हमेशा यही महसूस होता है कि किताब पढ़ने वालों की संख्या कम होती जा रही है, लोग मोबाइल पर समय बिता रहे हैं और सब इंटरनेट चला रहे हैं।

विदित हो कि एक से नौ फरवरी तक दिल्ली में आयोजित पुस्तक मेले में चुनाव के कारण एक दिन कम कर दिया गया, जिसकी भरपाई बाकी दिनों में अतिरिक्त घंटे जोड़ कर की जायेगी। इंटरनेट से संचालित तमाम माध्यमों के कारण पुस्तक-संस्कृति खतरे में है. अब समय आ गया है कि लिटरेचर फेस्टिवल की तरह बुक फेयर को अन्य महानगरों और राज्य की राजधानियों में भी आयोजित किया जाये। प्रगति मैदान के दो से छह नंबर हॉल में आयोजित पुस्तक मेले में हिंदी के अधिकांश बड़े प्रकाशक दो से तीन में ही सिमटे हुए हैं. जबकि अंग्रेजी के प्रकाशक और पाठकों ने मेले का स्थान अधिक घेर रखा है।

हिंदी की प्रतिष्ठित वेब पत्रिका समालोचन के अरुण देव हिंदी किताबों के बारे में अपनी राय रखते हैं कि हिंदी पाठकों के विस्तृत क्षेत्र और संख्या को देखते हुए हिंदी का प्रकाशन जगत सीमित पाठकों तक पहुंचता है। कल्पनाशील उद्यमियों को अभी भी हिंदी को जरूरत है, जो सार्थक साहित्य को उनके पाठकों तक पहुंचा सके। पुस्तकों के प्रसार और लेखकों के प्रचार के लिए भी प्रकाशन जगत को अभी बहुत कुछ करना होगा। अगर पुस्तकें अधिक बिकती हैं, तो इसका सीधा लाभ प्रकाशक को ही मिलता है. इसके लिए उन्हें विशेष प्रयास करने की जरूरत है। यहां ऐसे प्रकाशक चाहिए जिनकी प्रतिबद्धता सिर्फ साहित्यिक पुस्तकों के विक्रय तक सीमित न हो, और न वह सरकारी खरीद पर निर्भर हो।



प्रकाशक के केंद्र में पाठक हों। वह उन तक पहुंचने के लिए लगातार काम करे। हिंदी के पुस्तकों की प्रस्तुति भी विश्वस्तरीय होनी चाहिए। हिंदी प्रकाशन की दुनिया में संपादक नामक प्राणी एक सिरे से ही गायब है. वह मैनेजर की भूमिका में है या प्रूफ रीडर की। अब हिंदी के प्रकाशनों के पास अपने संपादक, कवर डिजाइनर और अच्छे प्रूफ रीडर होने चाहिए। पिछले सालों में तेजी से उभरे सेतु प्रकाशन समूह के अमिताभ राय का कहना है कि हिंदी में कथेतर और समाज विज्ञान के क्षेत्र में किताबों की मांग तेजी से बढ़ी है। रामचंद्र गुहा, इश्तियाक अहमद और सुदीप्त कविराज जैसे लेखकों के हिंदी अनुवाद पढ़े जाने वालों की संख्या तेजी से बढ़ी है। हिंदी का परिसर लगातार विस्तृत होता जा रहा है।

कवि पत्रकार विमल कुमार का कहना है कि हिंदी के बड़े प्रकाशकों ने किताबों के बाजार पर कब्जा कर लिया है और लेखकों को स्टार बनाना शुरू किया है. अच्छे और ईमानदार लेखकों को पीछे धकेल दिया है. अरविंद कुमार किताब वाला कहते हैं कि हिंदी में जिज्ञासा, नया लिखने-पढ़ने की कमी है. कोई नयी सोच प्रशंसा नहीं, ईर्ष्या जगाती है. स्टैग्नेशन है। इसीलिए एक छोटे से संसार में जिंदगी निकल जाती है. उधर प्रकाशकों के विचार अलग हैं। राजकमल प्रकाशन समूह के एमडी अशोक माहेश्वरी का कहना है कि किताबों के साथ समय बिताने वालों की संख्या काफी है. लोग दूर-दूर से किताबों के लिए आते हैं. हमें खुशी होती है कि हम पुस्तक मेले में हैं. उदासी की बात है कि चुनाव के कारण पुस्तक मेला बंद रहा. एक नियम बनाया जा सकता था कि जिनकी उंगली पर वोट डालने का निशान हो, उनको पुस्तक मेले में फ्री एंट्री दी जायेगी. यह एक सकारात्मक बात होती और पुस्तक प्रेमियों को उदास नहीं होना पड़ता।

मिथलेश ध्यानी वाणी प्रकाशन से जुड़े हैं. वे कहते हैं कि सबसे खास बात यह है कि नये पाठक हिंदी साहित्य की ओर आकर्षित हो रहे हैं। पाठक पूछते हैं कि 'मैं हिंदी की पुस्तक पढ़ना चाहता हूं, क्या आप मुझे कोई अच्छी पुस्तक सुझा सकते हैं?' यह पूछना दर्शाता है कि हिंदी साहित्य के लिए नये बाजार की संभावनाएं भी खुल रही हैं। नवारुण के संजय जोशी बताते हैं कि हम मेले में सिर्फ एक कथेतर किताब ला सके जिसका शीर्षक है 'फेक न्यूज, मीडिया और लोकतंत्र.' यहां पर क्षेत्र विशेष की किताबों के प्रति उत्साह को देखते हुए हमें अफसोस है हम विभिन्न कथेतर विधाओं की अपनी पुस्तकें मेले में नहीं ला सके।

हिंद युग्म के शैलेष भारतवासी का कहना है कि इस पुस्तक मेले में इस तथ्य की तरफ हमारा ध्यान गया कि पिछले चार-पांच सालों से युवाओं की आमद साल-दर-साल बढ़ने लगी है। इस बार के नयी दिल्ली के विश्व पुस्तक मेला में 50 प्रतिशत ये अधिक आगंतुक युवा ही हैं. हिंद युग्म के स्टॉल पर आने वाले 90 प्रतिशत से अधिक पाठक युवा हैं। मेला के चार दिन बीत चुके हैं और इन चार दिनों में जो रुझान मिले हैं, उससे हम बाकी दिनों के लिए बहुत उत्साहित हैं. गौरतलब हो कि इस साल विश्व पुस्तक मेले के ऑथर्स लाउंज को लेखकों और पाठकों को समर्पित किया गया है, जहां लेखक साहित्यिक समारोहों के बीच बातचीत कर सकते हैं, चिंतन कर सकते हैं और खुद को तरोताजा कर सकते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# परीक्षा योद्धाओं की नई परिभाषा : परीक्षा के युद्धक्षेत्र से परे

शिक्षा



**- धर्मेंद्र प्रधान -**

**हमारे बच्चे हमारा भविष्य हैं। वे अपनी अनूठी प्रतिभा से चमकेंगे और देश को गौरवान्वित करेंगे। एक उज्ज्वल भविष्य हमारा आह्वान करता है। हम मानते हैं कि प्रत्येक बच्चे की अद्वितीयता में भारत के भविष्य की विलक्षणता निहित है। तनाव मुक्त शिक्षा हमारे बेहद प्रतिभाशाली छात्रों के अनुपम योगदान को निखारने की कुंजी होगी।**

प्रकृति ने अपनी असीम बुद्धि से प्रत्येक मनुष्य को एक अलग पहचान दी है – हमारी उंगलियों के निशान से लेकर आंखों की पुतलियों तक, हमारे अनुभव से लेकर विचारों तक, हमारी प्रतिभाओं से लेकर उपलब्धियों तक। मानवीय विशिष्टता के बारे में यह गहन सत्य हमारे समाज की विशेषता रही है और हमारी शिक्षा प्रणाली को इस विशेषता को प्रतिबिंबित करना चाहिए। प्रत्येक बच्चे में कुछ जन्मजात प्रतिभा होती है,कुछ शैक्षिक प्रतिभा से चमकते हैं, अन्य रचनात्मकता के लिए तत्पर होते हैं, कई अन्य एथलेटिक और पेशेवर कौशल से युक्त होते हैं। इस विशिष्टता को दर्शाते हुए, स्वामी विवेकानंद ने एक बार कहा था, शिक्षा मनुष्य में पहले से मौजूद पूर्णता की अभिव्यक्ति है।

एक बच्चे की प्राकृतिक प्रतिभा को निखारना और उसे उसकी पसंद के शैक्षणिक और पाठ्येतर गतिविधियों में रचनात्मक रूप से शामिल करना हमारे शैक्षणिक संस्थानों के सामने कठिन चुनौतियां रही हैं। शिक्षकों और नीति निर्माताओं के रूप में हमारी भूमिका एक बच्चे की अनूठी प्रतिभा को विकसित करना है, जिससे वह चुने हुए लक्ष्य में श्रेष्टता प्राप्त कर सके। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 ने प्रतिभा को परिभाषित करने और उसको विकसित करने के तरीके में एक विलक्षण बदलाव किया है। यह एक दार्शनिक ढांचा है जो वास्तव में हमारे प्रत्येक बच्चे में मौजूद विशिष्टता की सूक्ष्म रूपरेखा का वर्णन कर सकता है जो हमारे देश की उन्नति में योगदान देता है।

हमारे प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में, हम शिक्षा में संपूर्ण सुधार लागू कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बच्चे की शैक्षिक यात्रा हमेशा रोमांचकारी और यादगार बनी रहे। बच्चे पढ़ाई और परीक्षा के दौरान किसी भी तरह के तनाव और दबाव से मुक्त रहें। यह दृष्टिकोण हमारे शैक्षिक सुधारों का केंद्र है, बुनियादी शिक्षा से लेकर शिक्षा और अनुसंधान के उच्चतम स्तरों तक। कुछ साल पहले, हमारे युवा शिक्षार्थियों के लिए बाल वाटिका या खिलौना-आधारित शिक्षा ने व्यापक संदेह को आमंत्रित किया होगा। आज, एनईपी की बदौलत, ये अभिनव दृष्टिकोण प्रारंभिक शिक्षा में आमूल परिवर्तन ला रहे हैं, जिससे सीखना कष्ट दायक होने के बजाय एक आनंददायक कार्य बन गया है। हमारी नई शिक्षा प्रणाली यह मानती है कि प्रत्येक बच्चा अपनी प्राकृतिक प्रतिभा के अनुसार विकास करता है। शिक्षार्थी औपचारिक शिक्षा को रोक सकते हैं क्योंकि वे अपनी रुचि के अनुसार काम करते हैं, व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करते हैं तथा अपने परिवार का समर्थन करते हैं। जब वे औपचारिक शिक्षा में वापस लौटते हैं, तो उनके अपने अनुभव और उपलब्धियां काम आती हैं और इन्हें महत्व दिया जाता है जो उनके क्रेडिट अकादमिक रिकॉर्ड में शामिल किया जाता है। यह अनुकूलनियता इस बात को जोर देती है कि सीखने के दरवाज़े हमेशा खुले रहते हैं, जो लोगों को उनके जीवन के किसी भी मोड़ पर सीखने के पारिस्थितिकी तंत्र में वापस लाते हैं।

सरकार ऐसी संस्कृति विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां परीक्षा में सफलता कभी भी संपूर्ण विकास पर हावी न हो, जिससे हमारे युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान न हो। इस महत्वपूर्ण चुनौती को पहचानते हुए, हमारी सरकार ने परीक्षा से संबंधित तनाव को दूर करने में मदद करना एक राष्ट्रीय प्राथमिकता बना दिया है। प्रधानमंत्री की अभूतपूर्व परीक्षा पे चर्चा पहल छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के मूल्यांकन के तरीके को बदलने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। छात्रों और अभिभावकों के साथ प्रधानमंत्री की बातचीत ने परीक्षा की चिंता को राष्ट्रीय संवाद में बदल दिया है। उन्होंने पिछले कई वर्षों से परीक्षाओं को लेकर होने वाली चिंता को दूर करने का प्रयास किया है, जो संवेदनशील दिमाग पर अनावश्यक दबाव डालती है।

प्रधानमंत्री के अपने जीवन और अनुभवों से लिए गए व्यावहारिक सुझावों को परीक्षार्थियों ने खूब सराहा है, जिससे उनका परीक्षा में तनाव मुक्त प्रदर्शन आश्वस्त हुआ है। सच्चे नेतृत्व के एक उदाहरण में, हम भारतीयों की भावी पीढ़ी को बढ़ावा देने के लिए एक दूरदर्शी नेता के समर्पण को देख रहे हैं जो राष्ट्र निर्माण में योगदान देता है और राष्ट्र की प्रगति की ओर निरंतर अग्रसर होना सुनिश्चित करता है। माता-पिता और समाज तथा नागरिक पर ये परिवर्तन केंद्रित है। परीक्षा पे चर्चा मानसिक स्वास्थ्य और शिक्षण सहायक, वातावरण के महत्व को उजागर करने में परिवर्तनकारी रही है। यह एक ऐसी मानसिकता है जिसे केवल 10वीं और 12वीं के छात्रों की बोर्ड की कक्षाओं के अलावा सभी कक्षाओं और सभी उम्र के छात्रों में बढ़ावा दिया जाना चाहिए। रवींद्रनाथ टैगोर के बुद्धिमान शब्दों में, बच्चे को अपनी शिक्षा तक सीमित न रखें, क्योंकि वह किसी और समय में पैदा हुआ है। शैक्षिक परिवर्तन के प्रति हमारा दृष्टिकोण इसी ज्ञान से निर्देशित है। यह विचार कि शिक्षा में तनाव अनिवार्य है, इस समझ को बदलने की आवश्यकता है कि वास्तविक शिक्षा पोषण करने वाले वातावरण में पनपती है। पारंपरिक एक-आकार-सभी-फिट दृष्टिकोण को बदलने की कोशिश की जा रही है ताकि एक से अधिक सूक्ष्म, उत्तरदायी प्रणाली को रास्ता दिया जा सके जो व्यक्तिगत क्षमता को पहचान सके और उसका विकास कर सकती हो। जैसे-जैसे हम विकासित भारत की ओर तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं, हमारी शिक्षा प्रणाली राष्ट्रीय परिवर्तन की एक प्रमुख आधारशिला के रूप में खड़ी है। हम मानते हैं कि हर कौशल में योग्यता होती है, हर यात्रा का मूल्य होता है, और हर बच्चे को उत्कृष्टता के लिए अपना अनूठा मार्ग खोजने का अधिकार है।

आज, मैं अपने महान राष्ट्र के प्रत्येक माता-पिता, शिक्षक और नागरिक का आह्वान करता हूं। शिक्षा का परिवर्तन केवल एक सरकारी पहल नहीं है – यह एक राष्ट्रीय मिशन है जो हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता और साझा दृष्टिकोण की मांग करता है। हम अपने लक्ष्यों को तब प्राप्त करेंगे जब सरकार और नागरिक समाज के बीच सहयोग और साझेदारी हमारी नीतियों और कार्यों को परिभाषित करेगी। हमारे बच्चे हमारा भविष्य हैं। वे अपनी अनूठी प्रतिभा से चमकेंगे और देश को गौरवान्वित करेंगे। एक उज्ज्वल भविष्य हमारा आह्वान करता है। हम मानते हैं कि प्रत्येक बच्चे की अद्वितीयता में भारत के भविष्य की विलक्षणता निहित है। तनाव मुक्त शिक्षा हमारे बेहद प्रतिभाशाली छात्रों के अनुपम योगदान को निखारने की कुंजी होगी।

**( लेखक भारत के शिक्षा मंत्री हैं )**

## SUDOKU 39

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | | 3 | | | 7 |
| | | | | 2 | 6 | 9 | 1 | |
| 4 | 5 | | | 9 | | 3 | | 6 |
| | | | | | | | 3 | |
| 7 | | | 3 | | 4 | | | 9 |
| | 2 | | | | | | | |
| 2 | | 8 | | 7 | | | 9 | 3 |
| | 9 | 1 | 6 | 8 | | | | |
| 5 | | | 9 | | | 1 | | |

## SOLUTIONS 38

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 1 | 6 | 3 | 9 | 2 |
| 3 | 8 | 9 | 7 | 2 | 4 | 1 | 6 | 5 |
| 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 3 | 2 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 |
| 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 4 | 7 | 8 | 5 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** आर्थिक मामलों में उतार-चढ़ाव आएंगे। धन का प्रबंधन होशियारी से करें। कानूनी विवादों से बचें। यात्रा के योग बनेंगे। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृषभ :** कार्यस्थल पर तरक्की के कई मौके मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के अच्छे परिणाम मिलेंगे। अपनों का साथ मिलेगा। व्यापार में विस्तार होगा।

**मिथुन :** आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कारोबार में वृद्धि तो होगी, परन्तु धन की कमी हो सकती है। रचनात्मक प्रयास सफल होंगे।

**कर्क :** आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें। घर में सुख-शांति बनाए रखने के लिए विवाद से बचें। रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए ज्यादा प्रयास करना चाहिए।

**सिंह :** निवेश से जुड़े डिसीजन होशियारी से लें। कुछ जातक अच्छे पैकेज के साथ नई जॉब शुरू कर सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर मन में चिंताएं बढ़ेंगी। सकारात्मक पक्ष मजबूत होगा।

**कन्या :** आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के नए मौकों की तलाश करें। जीवन में नए बदलावों के संकेत हैं। प्रोफेशनल लाइफ में अपार सफलता मिलेगी। आपके सभी सपने साकार होंगे।

**तुला :** आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। जीवन में नए सरप्राइज मिलेंगे। करियर में सफलता की सीढ़ियां चढ़ेंगे। मान सम्मान में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** आर्थिक मामलों में किसी अनुभवी की सलाह मांगे। परिजनों के साथ सामाजिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। व्यर्थ की चिंताएं परेशान कर सकती हैं।

**धनु :** नई प्रॉपर्टी खरीदने या विरासत में संपत्ति मिलने की संभावनाएं हैं। व्यापार में तरक्की करेंगे। स्टूडेंट्स को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी।

**मकर :** रियल एस्टेट में निवेश करना लाभकारी साबित होगा, लेकिन बिना सोचे-समझे निवेश न करें। कर्ज से मुक्ति मिलेगी। आर्थिक लाभ होगा।

**कुंभ :** परिजनों के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। लाइफस्टाइल में बदलाव लाकर स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है। मौसम में परिवर्तन के कारण स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। धैर्य से काम से लें।

**मीन :** अपने करियर गोल्स को लेकर महत्वकांक्षी नजर आएंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। प्रॉपर्टी से जुड़े विवादों को सुलझाने की आवश्यकता होगी। कार्य स्थल पर नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## आज का पंचांग

**तिथि/संवत :** 10 फरवरी 2025 दिन सोमवार माघ मास शुक्ल पक्ष त्रयोदशी तिथि विक्रम संवत 2081 शक संवत 1946।

**सूर्य उदय कालीन ग्रह विचार**

सूर्य मकर राशि में चंद्र मिथुन राशि में दोपहर बाद कर्क राशि में मंगल मिथुन राशि में बुध मकर राशि में गुरु वृषभ राशि में शुक्र मीन राशि में शनि कुंभ राशि में राहु मीन राशि में और केतु कन्या में रहेगा।

**सूर्य उदय कालीन नक्षत्र विचार**

सुबह प्रातः काल मिथुन राशि का नक्षत्र पुनर्वसु का द्वितीय चरण प्रारंभ होगा और उसका नक्षत्र पाया रजत रहेगा प्रातः 10.30 बजे मिथुन राशि का नक्षत्र पुनर्वसु का तृतीय चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया जाता रहेगा दोपहर 4.30 बजे कर्क राशि का नक्षत्र पुनर्वसु का चतुर्थ चरण प्रारंभ होगा उसका नक्षत्र पाया रजत रहेगा रात्रि 10.30 बजे कर्क राशि का नक्षत्र पुष्य का प्रथम चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया रजत रहेगा।

**योग :** प्रीति। **करण :** तैतुल।

**चौघड़िया, सोमवार**

सुबह 6.00 से 7.30........................................अमृत
सुबह 7.30 से 9.00........................................काल
सुबह 9.00 से 10.30......................................शुभ
सुबह 10.30 से 12.00.................................... रोग
दोपहर 12.00 से 1.30.................................. उद्वेग
दोपहर 1.30 से 3.00...................................... चर
दोपहर 3.00 से 4.30.................................... लाभ
शाम 4.30 से 6.00...................................... अमृत

**आज जन्मे बच्चों की राशि और नाम**

| समय | नक्षत्र | चरण | पाया | राशि | अक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रातः 6.00 से | पुनर्वसु | द्वितीय | रजत | मिथुन | को |
| प्रातः 10.00 | पुनर्वसु | तृतीय | रजत | मिथुन | हा |
| दोपहर 4:00 | पुनर्वसु | चतुर्थ | रजत | कर्क | ही |
| रात्रि 10.00 | पुष्य | प्रथम | रजत | कर्क | हु |

**राहुकाल :** प्रातः 7.30 से 9.00 तक रहेगा।
**दिशाशूल :** पूरब दिशा में रहेगा।
**खरीदारी का उचित समय :** दोपहर 12 से 1.30 तक ।
**आराधना का मंत्र :** शान्ताकारं भुजंगशयनं पद्मनाभं सुरेशं, विश्वाधारं गगन सदृशं मेघवर्ण शुभांगम्। **पं. अरविंद तिवारी**

जीवन दर्शन

## बुद्ध ने बताया अमृत खेती का रहस्य

भगवान बुद्ध एक बार भिक्षाटन करते हुए एक किसान के द्वार पहुंचे। भिक्षुक को अपने द्वार पर आया देख किसान ने उपेक्षापूर्वक कहा, 'श्रमण, मैं तो स्वयं हल जोतता हूं और इसके बाद अपना पेट भरता हूं। आपको भी हल जोतना चाहिए और बीज बोना चाहिए, इसके बाद मेहनत कर खाना खाना चाहिए।' भगवान बुद्ध एक बार भिक्षाटन करते हुए एक किसान के द्वार पहुंचे। भिक्षुक को अपने द्वार पर आया देख किसान ने उपेक्षापूर्वक कहा, 'श्रमण, मैं तो स्वयं हल जोतता हूं और इसके बाद अपना पेट भरता हूं। आपको भी हल जोतना चाहिए और बीज बोना चाहिए, इसके बाद मेहनत कर खाना खाना चाहिए।'


**मेरे पास श्रद्धा भक्ति, आस्था, आदर, सम्मान और स्नेह भाव का बीज है। चित्त की शुद्धि, धर्म लाभ के लिए किया जाने वाला व्रत और नियम, इंद्रिय निग्रह तप, योगसाधना, समाधि, ब्रह्मचर्य, तपस्या रूपी वर्षा और जीव-मात्र रूपी जोत और हल है।**

किसान की बात सुनकर बुद्ध ने मुस्कुराते हुए कहा, हे अन्नदाता, मैं भी खेती ही करता हूं। बुद्ध की बात पर किसान को जिज्ञासा हुई और उसने कहा, 'तुम्हारे पास न ही मैं हल देख रहा हूं, न ही बैल और न ही खेती के लिए जमीन। तो तुम कैसे कह रहे हो कि तुम भी खेती करके ही खाना खाते हो। तुम अपनी खेती के संबंध में मुझे जरा समझाओ।' बुद्ध ने किसान से कहा, मेरे पास श्रद्धा भक्ति, आस्था, आदर, सम्मान और स्नेह भाव का बीज है। चित्त की शुद्धि, धर्म लाभ के लिए किया जाने वाला व्रत और नियम, इंद्रिय निग्रह तप, योगसाधना, समाधि, ब्रह्मचर्य, तपस्या रूपी वर्षा और जीव-मात्र रूपी जोत और हल है। मैं वचन और कर्म में संयत रहता हूं। अपनी इस खेती को अनावश्यक के नकारात्मक विचारों की घास से मुक्त रखता हूं और आनंद की फसल काट लेने तक पूरी तरह से प्रयत्नशील रहता हूं। इस तरह से मैं भी तुम्हारी ही तरह किसान हूं और अमृत की खेती करता हूं।

# यमुना पर बयान से आप को 5-7 सीटों का नुकसान हुआः खट्टर

## केंद्रीय मंत्री ने भोपाल प्रवास के दौरान बजट को लेकर पत्रकारों से किया संवाद

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** केन्द्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को अपने नेता अरविन्द केजरीवाल के उस बयान का नुकसान उठाना पड़ा है, जिसमें उन्होंने हरियाणा पर यमुना के पानी में जहर मिलाने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के इस बयान से आप को दिल्ली में 5 से 7 सीटों का नुकसान उठाना पड़ा है। खट्टर रविवार को भोपाल प्रवास के दौरान केन्द्रीय बजट को लेकर पत्रकारों से संवाद कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा भी मौजूद थे। एक सवाल पर खट्टर ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल ने घोषणा की थी कि यदि वो यमुना नदी के पानी को साफ नहीं करा पाए, तो वर्ष 2025 का चुनाव नहीं लड़ेंगे। पर जब वे यमुना को साफ नहीं करा पाए तो उन्होंने हरियाणा पर पानी में जहर घोलने का आरोप लगा दिया। इसे दिल्ली में रह रहे हरियाणा के लोगों ने अपना अपमान समझा। खट्टर ने कहा यदि केजरीवाल ऐसा बयान नहीं देते तो उन्हें कम से कम 5 से 7 और अधिक सीटों पर जीत हासिल होती।



**स्वच्छता का बदलेगा पैरामीटर :** एक सवाल पर केन्द्रीय मंत्री खट्टर ने कहा कि इस बार स्वच्छता का पैरामीटर बदला जाएगा। अब स्वच्छता के मामले में उन शहरों के बीच प्रतिस्पर्धा होगी, जो पिछले वर्ष में पांच कैटेगिरी में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर नहीं आए हैं। हालांकि इंदौर सहित इन शहरों के बीच प्रतिस्पर्धा होगी, जिसे कोई दूसरा नाम दिया जाएगा। कमजोर शहरों को नीचे भेजा जाएगा। पिछले तीन सालों में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले सभी कैटेगिरी के शहरों के अलावा दूसरे शहरों के बीच प्रतिस्पर्धा हो, जिससे वे शहर भी आगे आए।

### जरूरत के हिसाब से योजनाएं लाते हैं प्रधानमंत्री

केन्द्रीय बजट पर संवाद करते हुए खट्टर ने पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यह खासियत है कि वो समय और जरूरत के हिसाब से नई योजनाएं लांच करते हैं। केन्द्र सरकार चार वर्गो को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। सदन में जो बजट पेश किया गया है, उसमें व्यापारी, उद्योगपतियों और निर्यातकों का भी ध्यान रखा गया है। स्वास्थ्य सुविधा प्रबंधन के क्षेत्र में बजट में पर्याप्त ध्यान दिया गया है। प्रत्येक जिले में डे केयर सेंटर बनाने से लेकर दूसरी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए बजट में प्रावधान रखा गया है। असंगठित वर्कर को बीमा, पेंशन की सुविधा का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2013-14 से वर्ष 2025-26 के बजट की तुलना की जाए तो इसमें 3 गुना की वृद्धि हुई है। किसी देश के लिए 10 साल में यह वृद्धि मायने रखती है। खट्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में 3 करोड़ नए घर बनाने का फैसला पहले कैबिनेट में किया गया है। 1 करोड़ शहरी क्षेत्र में और 2 करोड़ ग्रामीण क्षेत्रों में नए आवास पात्र चिन्हित लोगों को देने का प्रावधान है। केन्द्रीय बजट में 78 हजार करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। इस तरह से देश के 25 करोड़ लोग अपने आवास में रहते हुए गरीबी रेखा से बाहर आएंगे। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि देश की सबसे बड़ी आबादी युवाओं पर भी मोदी सरकार का फोकस है और इस बजट में इनके लिए प्रावधान भी किया गया है। अगर युवाओं के बजट की बात की जाए तो वर्ष2014 के मुकाबले तीन गुना बजट में वृद्धि युवाओं के लिए की गई है। स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब की शुरुआत की जा रही है। जिससे स्कूलों में बच्चों को इनोवेशन और छोटे-छोटे प्रयोगों के लिए सुविधाएं मिल सके। देश की ढाई लाख ग्राम पंचायतों में इंटरनेट की व्यवस्था के लिए बजट में डिजिटल रिसोर्सेस बढ़ाए गए है।

## लाड़ली बहनों के खाते में आज आएंगे 1250 रुपए

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को देवास से लाड़ली बहना योजना की पात्र बहनों के खातों में 1250 रुपए की राशि अंतरित करेंगे। इसके अलावा सीएम सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों एवं किसानों के खातों में भी राशि भेजी जाएगी। देवास जिले की सोनकच्छ तहसील के ग्राम पीपलरावां में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. यादव सोमवार को एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में 1553 करोड़ रुपये की राशि एक क्लिक के माध्यम से अंतरित करेंगे। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 56 लाख हितग्राहियों के खाते में 337 करोड़ रुपये व किसान कल्याण योजना में 81 लाख किसानों के खाते में 1624 करोड़ की राशि भी अंतरित की जायेगी।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हितग्राहियों से संवाद कर योजना के लाभ की जानकारी भी लेंगे।

# एक वीवीआईपी की सेवा में तैनात रहेंगे चार अधिकारी, देंगे निवेश से जुड़ीं जानकारियां

## प्रतिनिधियों को भेज सकते हैं उद्योगपति, बड़े घराने भी होंगे मीट में शामिल

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शहर में पहली बार होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के जरिए शहर के आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों को विकसित करने की तैयारी है। समिट के दौरान भोपाल में पधारने वाले शीर्ष उद्योगपतियों को शहर में निवेश से जुड़ी सारी जानकारियां दी जाएंगी। इसके लिए एक वीवीआईपी के साथ 4 से ज्यादा अधिकारी तैनात रहेंगे। यह अधिकारी उद्योगपतियों को एयरपोर्ट पर रिसीव करने के साथ ही होटल तक लेकर जाएंगे और यहां से आयोजन स्थल पर लेकर पहुंचेंगे। आयोजन के पूर्व शहर से जुड़ी हुई सारी जानकारियां उद्योगपतियों को उपलब्ध कराई जाएंगी। बता दें कि मीट के उद्घाटन अवसर पर पर देश-विदेश के 22 से ज्यादा शीर्ष उद्योगपति या उनके प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। जीआईएस के लिए टाटा संस, गौतम अडाणी, मुकेश अंबानी, आनंद महिंद्रा, कुमार मंगल बिड़ला सहित बाबा रामदेव व अन्य शीर्ष उद्योगपतियों को न्यौता भेजा गया है।

इन्वेस्ट मध्य प्रदेश
ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट
24 और 25 फरवरी 2025, भोपाल

### निवेश के लिए किया जाएगा कन्वेंस

भोपाल देश के बीच स्थित है। यहां से उत्तर-दक्षिण और पूर्व-पश्चिम में माल पहुंचाया जा सकता है। इस दौरान उद्योगपतियों को प्रमुख शहरों से भोपाल की दूरी, प्रमुख सड़कों और रेलवे लाइन की भी जानकारी दी जाएगी। बता दें कि मालगाड़ियों की रफ्तार बढ़ाने के लिए चौथी लाइन को लेकर भी जोर शोर से काम चल रहा है। इसके पूरे हो जाने के बाद पूरे देश में आसानी से सामान की ढुलाई की जा सकेगी। ऐसे में भोपाल में तैयार माल को आसानी से देश में कहीं भी भेजा जा सकेगा। इन सभी बातों को ध्यान में रखकर बड़े उद्योगपतियों को शहर में निवेश की जानकारी दी जाएगी।

### इन उद्योगों के विकास के लिए संभावनाएं


- लॉजिस्टिक्स कैपिटल बनाने भोपाल के आसपास काफी जमीन
- नए विकसित होने वाले ग्रेटर भोपाल क्षेत्र में बड़े उद्योगों की संभावनाएं
- ई-कॉमर्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स, रिन्यूएबल एनर्जी, फार्मास्युटिकल्स, बायोटेक्नोलॉजी, एग्रो-प्रोसेसिंग, आईटी, आईओटी और स्मार्ट इंडस्ट्रीज के लिए प्रबंल संभावनाएं

### पर्यटन और मेडिकल टूरिज्म में संभावनाएं

- खूबसूरत लोकेशन के चलते पर्यटन और मेडिकल टूरिज्म का विस्तार
- वेलनेस सेंटर और वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में भी किया जा सकता है विकसित
- भोपाल के ऐतिहासिक और प्राकृतिक धरोहरों तक पर्यटकों को लाने की संभावनाएं
- रातापानी, सांची, भीमबैठिका और उदयगिरी सहित अन्य रमणीय स्थल
- आसपास काफी जमीन नए इंडस्ट्रियल एरिया हो सकते विकसित हैं विकसित

# बाघ की हड्डियों से ग्लू तैयार कर चीन भेज रहे शिकारी, पूछताछ में खुलासा

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** पूरे देश में फैले बावरिया और पारदी गैंग के शिकारी विदेश में बैठे अपने सरगनाओं के लिए बेखौफ होकर बाघ और तेंदुओं का शिकार कर रहे हैं। इन्होंने पूरे देश में अपना नेटवर्क तैयार कर बाघ का शिकार करना और अंगों तस्करी करना मुख्य काम है। शिकारी इतने कुख्यात हैं कि बाघ को मारने के एक से दो घंटे के भीतर ही उसके शव को ठिकाने लगा देते हैं। वन विभाग के सूत्रों की मानें तो बाघ को मारने के बाद उसके नाखून, मूंछ के बाल, पूंछ, जननांग और हड्डियों को विदेश तक भेजते हैं। हाल ही में महाराष्ट्र के चंद्रपुर वन क्षेत्र से टाइगर के अंगों के साथ पकड़े गए पारदी गैंग के अजीत राजगोंड ने अधिकारियों के सामने इस बात को कबूल किया है कि उसकी गैंग के लोग मध्य प्रदेश में भी सक्रिय हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बाघ के शिकार के लिए कुख्यात इस गैंग के शिकारी बाघ को मारने के बाद उसके जरूरी अंग निकारल लेते हैं और बाघ के मांस को पकाकर खा जाते हैं। गौरतलब है कि इस मामले में दैनिक जागरण ने 7 फरवरी के अंक में शिकारियों का शिकार बना टाइगर छोटा भीम, पारदियों पर संदेह शीर्षक से खबर का प्रकाशन किया था।



अजीत से मिली जानकारी के अनुसार 6 दिनों से कटनी, मंडला, डिंडोरी वनक्षेत्र में एसटीएफ द्वारा बड़े पैमाने पर सर्चिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान शाहपुर थाना ग्राम पड़रिया साकल डिंडोरी में पारदी डेरे के पास डिंडोरी पुलिस और स्टेट टाइगर स्ट्राइकिंग फॉरेस्ट फोर्स की संयुक्त कार्रवाई में शिकारी वकील पारदी और उसके दो साथियों को 12 धारदार बका (बड़े चाकू), 20 सुअर मार बम और 500 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में अजीत राजगोंड और वकील पारदी ने बताया है कि वर्तमान में गैंग के लोग बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों की भी तस्करी कर रहे हैं। गिरोह के लोग बाघ को मारकर उसकी हड्डियों से ग्लू तैयार कर असम के रास्ते बर्मा और चीन तक भेज रहे हैं।

# युवाओं के सहारे आदिवासियों के बीच फिर से पैठ बनाएगी कांग्रेस

## कोर वोट बैंक के लिए अलग रणनीति पर काम करेगी पार्टी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस अब अपने कोर वोट बैंक के लिए अलग तरह की रणनीति पर काम करेगी। जिसकी शुरुआत आदिवासी वर्ग से होगी। जिसके ऐसे जुझारु युवाओं को चिन्हित किया जाएगा,जो राजनीति के क्षेत्र में हाथ अजमाना चाहते है। गौरतलब है कि कांग्रेस के रणनीतिकारों ने अपने खिसके जनाधार और वोटबैंक को वापस लाने के लिए काम करना शुरू कर दिया है। सबसे पहले कांग्रेस अपने उस आदिवासी वोट बैंक के पास जाएगी, जो कई बार प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाता रहा है। जानकारों की मानें तो कांग्रेस इस वर्ग के युवाओं को अपनी मूल धारा में शामिल करेंगे और उन्हें प्रशिक्षण देकर उनमें लीडरशिप के गुण विकसित करेंगे।

### धार से होगी शुरुआत

जानकारों की मानें तो प्रदेश कांग्रेस इसकी शुरुआत धार जिले के मोहनखेड़ा से करेगी। जहां 19 फरवरी से 7 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। इसके लिए कांग्रेस ने वकायदा सक्षात्कार के जरिए 120 आदिवासी युवाओं का चयन किया है। यह आदिवासी 89 आदिवासी विकासखंड एवं अन्य आदिवासी बाहुल्य विधानसभा क्षेत्रों से चिन्हित किए गए हैं।



### भोपाल में हुआ था चयन

इस प्रशिक्षण शिविर के लिए भोपाल में पिछले दिनों इन्हीं 89 आदिवासी ब्लॉक से आदिवासी युवा महिला-पुरुषों को भोपाल बुलाया गया था। जिनसे कांग्रेस कमेटी दिल्ली से आए आदिवासी विभाग के पदाधिकारियों ने मुलाकात की और उनके राजनीतिक स्किल को नापा। इस मौके पर मध्यप्रदेश आदिवासी विभाग के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। कई घंटे लगातार चल सक्षात्कार के बाद 120 आदिवासी युवाओं का चयन किया गया। अब इन्हीं चिन्हित युवाओं को मोहनखेड़ा में सात दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। बताया गया है कि प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को पार्टी से जोड़ने और चुनावी रणनीति के हिसाब से तैयार होने के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा।

**युवाओं के अनुसार बनेगी रणनीति**

बताया गया है कि आदिवासी युवा अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर वहां का अध्ययन करेंगे और हर तीन माह में अपनी रिपोर्ट पार्टी नेतृत्व को भेजेंगे,जिस पर वरिष्ठ आदिवासी नेताओं के साथ मंथन होगा और फिर उसी आधार पर आदिवासियों के लिए कांग्रेस को क्या कदम उठाए जाने चाहिए,उसी आधार पर कार्यक्रम तय किए जाएंगे।

## मोदी आज करेंगे विद्यार्थियों से चर्चा

**विसं, भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 फरवरी सुबह 11 बजे देश के विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री हर वर्ष परीक्षा के तनाव को दूर करने के लिए विद्यार्थियों से संवाद करते हैं। इस वर्ष यह कार्यक्रम सोमवार 10 फरवरी को नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष प्रदेश से 18 लाख 27 हजार विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने अपना पंजीयन कर सहभागिता की है।

### बाबा आमटे को किया याद

**विसं, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाजसेवी और पद्म विभूषण से सम्मानित बाबा आमटे की पुण्यतिथि पर उनका स्मरण करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। डॉ. यादव ने कहा कि कुष्ठ रोगियों के पुनर्वास के लिए स्व. आमटे के प्रयास वंदनीय हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा को चरितार्थ करने वाला बाबा आमटे का जीवन प्रेरणादायी है।

# सुबह 10 बजे पीएम करेंगे जीआईएस का शुभारंभ

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 फरवरी की सुबह 10 बजे ग्लोबल इंस्वेटर्स समिट (जीआईएस) का शुभारंभ करेंगे। एमपी आईडीसी ने समिट का मिनट टू मिनट कार्यक्रम जारी कर दिया है। जीआईएस का भोपाल के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में 24 और 25 फरवरी को आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) की तरफ से दो दिन का मिनट टू मिनट कार्यक्रम जारी किया गया है। दोनों दिन समिट की गतिविधियां सुबह सात बजे से शाम 7 बजे तक चलेंगी। हालांकि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इसमें संभावनाओं के अनुसार संशोधन किया जा सकता है।



### दो दिन अलग-अलग होंगे सत्र

समिट के दौरान विभागीय शिखर सम्मेलन, विषयगत सत्र व उद्योगपति एवं निवेशकों के साथ मुलाकातों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। इसके लिए भोपाल में तैयारियां अंतिम पड़ाव पर हैं। निवेशकों और उद्योगपतियों का आत्मीय स्वागत करने शहर को सजाया जा रहा है। इसमें भोपाल और प्रदेश की संस्कृति की झलक देखने को मिल रही है। सरकार की तरफ से मेहमानों का स्वागत करने के लिए लिए बेहतर तैयारी की जा रही है। राजधानी की 50 से ज्यादा होटलों में वीवीआईपी और वीवीआई मेहमानों के लिए 1500 कमरे बुक किए गए है। 100 तंबुओं की टेंट सिटी भी बनाई जा रही है। इसमें होटल जैसी सभी सुविधाएं होगी। वहीं निवेशकों द्वारा निवेश के प्रस्ताव नहीं दिए जाएंगे, अलबत्ता उनके द्वारा सीधे प्रस्तावों पर एमओयू होंगे।

# जेल में बंद सौरभ, चेतन व शरद के मिलने पर रोक

## दो दिन से बंद है पूछताछ, रिश्तेदारों ने भी बनाई दूरी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति के मामले में चर्चा में आए आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा, उसके सहयोगी चेतन गौर और शरद जायसवाल से मुलाकात के लिए आने वालों पर जांच एजेंसियां भी कड़ी नजर रखे हुए हैं। 17 फरवरी तक भोपाल के केंद्रीय जेल में ज्यूडिशियल कस्टडी में बंद इन तीनों से मुलाकात के लिए आने वालों पर ईडी, लोकायुक्त, आयकर की भी नजर है। इन तीनों की बैरक के बाहर निगरानी के लिए हर शिफ्ट में दो-दो जेल प्रहरियों को तैनात किया गया है। हालांकि दो दिनों से ईडी की पूछताछ बंद होने से सौरभ, चेतन और शरद पिछले दो दिनों से थोड़ी सी राहत में दिखाई दे रहे हैं। ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजे जाने के बाद से ईडी की टीम बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार को तीन दिनों तक लगातार उनसे पूछताछ कर चुकी है। हालांकि शनिवार और रविवार को ईडी की टीम यहां नहीं पहुंची, लेकिन संभावना है कि सोमवार को ईडी फिर से जेल पहुंचकर तीनों से पूछताछ कर सकती है। जेल प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार इस बात का खास ख्याल रखा जाता है कि सौरभ, चेतन और शरद आपस में मिल न सकें। तीनों को अलग-अलग स्पेशल बैरकों में रखा गया है। इन बैरकों में इनके अलावा 27 अन्य बंदी भी रहते हैं। सुबह 6 बजे इन बैरकों का ताला खोला जाता है। सौरभ, शरद और चेतन रोज सुबह 6 बजे उठते हैं और रोजाना सुबह 7 बजे प्रार्थना में हिस्सा लेते हैं। इसके बाद वे अपनी दिन भर की गतिविधियों में जुट जाते हैं। शाम 7 बजे तक ये तीनों सेल के बाहर टहल सकते हैं।





### जेल मैनुअल के हिसाब से दिया जा रहा खाना

सौरभ, चेतन और शरद को जेल मैनुअल के हिसाब से खाना दिया जा रहा है। इन्हें सुबह 6 रोटी और सब्जी या दाल और शाम को भी लगभग यही खाना दिया जाता है। ये तीनों बंदी एक बार में छह रोटियां नहीं खा पाते। इन तीनों की केंद्रीय जेल में ज्यूडिशियल रिमांड के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर ये तय किया गया है कि इन्हें आक्रामक बंदियों के साथ न रखा जाए।

### सौरभ से 2 बार मिली मां, शरद की महिला मित्र आई

सौरभ के यहां छापों के बाद से रिश्तेदारों और करीबियों ने उससे दूरी बना ली है। 4 फरवरी से जेल में बंद सौरभ से मुलाकात के लिए उसकी मां उमा शर्मा ही केवल दो बार यहां आई है। दोनों बार सौरभ से अपनी मां ने पांच-पांच मिनट ही बात की, जबकि जेल प्रबंधन के नियमों के मुताबिक अधिकतम 20 मिनट तक विंडो के जरिए मुलाकात की जा सकती है। सौरभ के साथ जेल में बंद चेतन से मिलने 5 फरवरी को पिता प्रताप सिंह पहुंचे थे, इसके बाद दूसरी मुलाकात बहन चित्रा ने की थी। शरद का हाल-चाल जानने उसकी एक महिला मित्र 5 फरवरी को जेल पहुंची थी, वहीं 7 फरवरी को उसकी भतीजी ने मुलाकात की थी।

# भोपाल सीएमएचओ ने बाजार से तीन गुना दाम पर खरीदी 1 करोड़ की दवा

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** भोपाल के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग ने उन्हें नोटिस दिया है और 5 बिंदुओं पर जवाब मांगा है। नोटिस संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. नीरा चौधरी द्वारा दिया गया है। डॉ. तिवारी पर आरोप है कि उन्होंने कोविड काल के दौरान और उसके बाद 1 करोड़ 2 लाख से अधिक की खरीदी की है। जो कि नियम विरुद्ध है। इस मामले की शिकायत डॉ. प्रकाश चंद्र तिवारी द्वारा की गई है। शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने पहला पत्र 23 अक्टूबर 2024 को लिखा था, जिसका जवाब सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ने नहीं दिया। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने दूसरा नोटिस 15 जनवरी को दिया है, इस नोटिस का जवाब विभाग ने तीन दिन में चाहा था, लेकिन अभी तक जवाब नहीं पहुंचा है। शिकायतकर्ता ने बताया कि डॉ. प्रभाकर ने 19 दिसंबर 2021 को इम्यूनोग्लोबुलीन नाम का इंजेक्शन 55 लाख 90 हजार रुपए में खरीदे, यही इंजेक्शन फिर दूसरी खेप में भी खरीदा गया। उक्त इंजेक्शन को सीएमएचओ द्वारा कुल तीन बार में 59 लाख रुपए से अधिक कीमत में खरीदा गया, जबकि इस इंजेक्शन का बाजार मूल्य 20 लाख रुपए था। जानकारी अनुसार किसी भी प्रकार की दवा, इंजेक्शन और सर्जिकल आईटम की खरीदी के सभी ऑर्डर पोस्ट या फिर ई-मेल द्वारा मप्र पब्लिक हेल्थ कॉरपोरेशन को भेजने का नियम है, लेकिन सीएमएचओ ने सभी ऑर्डर हैंड टू हैंड दिए हैं।

> हमने शिकायत के आधार पर भोपाल सीएमएचओ को नोटिस दिया है, जवाब आने पर उसका गंभीरता से परीक्षण कराया जाएगा।
>
> ■ **तरुण राठी,** आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं

> मेरे खिलाफ की गई शिकायत झूठी है, मैं इस विषय में विभाग के उच्च अधिकारियों को पहले ही बता चुका हूं। नोटिस का जवाब भी जल्द भिजवा दूंगा।
>
> ■ **डॉ. प्रभाकर तिवारी,** सीएमएचओ भोपाल

### कोविड काल और उसके बाद खरीदी में की गड़बड़ी

शिकायत में बताया गया है कि सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ने कोविड काल और उसके बाद दवाइयों की खरीदी में गड़बड़ी की। जो दवाइयां कोविड काल में 20 लाख में आती, उन्हें कोविड के बाद भी तीन गुना अधिक दाम चुकाकर खरीदा गया। उदाहरण के लिए 25 जुलाई 2020 को एजिथ्रोमाइसिन नाम की टेबलेट खरीदी गई। इसकी कीमत 33 लाख 20 हजार 240 रुपए थी। 18 अप्रैल 2021 को फिर कुल 9 लाख रुपए से अधिक की दवा खरीदी गई। इस तरह कुल 43 लाख 16 हजार 312 रुपए की दवा खरीदी गई। जबकि इस टोटल दवा का बाजार मूल्य सिर्फ 9 लाख रुपए था। शिकायत में दावा किया गया है कि सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ने 9 लाख रुपए की दवा को 43 लाख रुपए से अधिक कीमत देकर खरीदा।

## आरआई ने युवक को घसीटकर लाठियों से पीटा, अफसर समेत 4 पर केस दर्ज

**जागरण, बालाघाट।** जिले के बैहर में एक युवक की पिटाई का वीडियो सामने आया है। घटना को लेकर पुलिस ने रविवार को कार्रवाई की है। इस मामले में नगर पंचायत के सहायक राजस्व निरीक्षक अंबिका प्रसाद त्रिपाठी, उनके बेटे राजा, नितिन और बीजेपी नेता मनीष तिवारी पर केस दर्ज किया है। थाना प्रभारी सुनील उईके ने बताया कि शनिवार को नरसिंह टोला निवासी विनायक मेडिकल स्टोर से दवा लेकर लौट रहा था। इसी दौरान उसकी बाइक की आरआई अंबिका त्रिपाठी की बाइक से मामूली टक्कर हो गई। इसे लेकर दोनों पक्षों में पहले हाथापाई हुई, फिर आरोपी विनायक को घसीटकर ले गए और लाठी, लात-घूंसों से बुरी तरह पीटा। मारपीट में घायल विनायक का अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं, पुलिस ने वीडियो के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सभी आरोपी फिलहाल फरार हैं।

### प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने के पहले प्रोफेसरों को नई शिक्षा नीति से कराया जाएगा अवगत

# दो-दो मेजर सब्जेक्ट ले पाएंगे ग्रेजुएशन के विद्यार्थी

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2025-26 में प्रवेश कराने को लेकर नई शिक्षा नीति के तहत गाइडलाइन बनानी शुरू कर दी है। इसमें विवि अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा जारी की गई गाइडलाइन को शामिल किया जा रहा है। इसके तहत उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 14 (1) अधिनियम को पारित किया गया है। इसके तहत यूजी में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी प्रथम वर्ष में प्रवेश के दौरान दो-दो मेजर सब्जेक्ट ले सकेंगे। दोनों में विद्यार्थी को 68-68 क्रेडिट हासिल करना होगी। इसमें विद्यार्थी को माइनर नहीं दिया जाएगा। वे सिर्फ मल्टी/इंटर डिस्प्लनेरी ले सकेंगे। उन्हें एबिलिटी एहांसमेंट कोर्स पढ़ना अनिवार्य होगा।



नई शिक्षा नीति को समूचे प्रदेश में बेहतर मापदंड के मुताबिक लागू करने के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने कार्य करना शुरू कर दिया है। आगामी सत्र 2025-26 में प्रवेश देने के लिए अभी से तैयारी होने लगी है। विद्यार्थियों को प्रवेश लेने के संबंध में समझाने से पहले प्रोफेसरों का समझना ज्यादा जरूरी है। इस संबंध में विभाग ने कार्य करना शुरू कर दिया है। प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने के पहले प्रवेश काउंसलिंग में भागीदारी करने वाले प्रोफसरों को नई शिक्षा नीति के हरेक पहलू से अवगत कराया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों को प्रवेश लेने और उन्हें नई शिक्षा नीति के तहत अध्ययन करने और डिग्री पूरी करने में ज्यादा परेशानी नहीं उठाना पड़े।

प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी को हरेक साल 48 क्रेडिट हासिल करना जरुरी है। तीन साल की डिग्री में विद्यार्थी के पास 136 क्रेडिट हासिल करना होगी। विद्यार्थी को प्रवेश लेते समय एक मेजर, एक मानइर, मल्टी/इंटर डिसप्लनेरी और एबिलिटी एंहांसमेंट कोर्स लेना जरुरी होता है। विद्यार्थी प्रथम वर्ष में मेजर लेते समय दूसरे विषय में भी मेजर का चयन करता है, तो उन्हें माइनर नहीं लेना होगा। उसे दोनों मेजर में 68-68 क्रेडिट हासिल करना जरुरी हो जाएगा। हरेक साल में उसकी मेजर की क्रेडिट भी डबल हो जाएगी, जो विद्यार्थी को हासिल करना होगी। इसके अलावा उन्हें मल्टी/इंटर डिसप्लनेरी और एबिलिटी एंहांसमेंट कोर्स में भी क्रेडिट हासिल करना होगी।

### ऐसे मिलेगा डबल मेजर से

प्रथम वर्ष में डबल मेजर का चयन करने से विद्यार्थी के लिए भविष्य में ज्यादा विकल्प चुनने का मौका मिल जाएगा। जैसे कोई विद्यार्थी फिजिक्स और केमिस्ट्री को डबल मेजर का चयन करता है, तो वह पीजी में वह फिजिक्स और केमिस्ट्री का चयन कर अपनी डिग्री को पूरा कर पाएगा। सिंगल मेजर लेने पर विद्यार्थी ही सब्जेक्ट में पीजी कर पाएगा। वह दूसरे सब्जेक्ट में नहीं जा पाएगा। डबल मेजर का चयन करने से विद्यार्थी का दोनो सब्जेक्ट पर बेहतर कमांड हो जाएगा। इससे उसके नौकरी के साथ स्टर्टअप शुरू करने के अवसर भी बढकर दोगुना हो जाएंगे।

> नई शिक्षा नीति के तहत 14(1) अधिनियम आया है। वह यूजीसी के मापदंड को पूरा कर रहा है, जो विद्यार्थियों के विकास को सुनिश्चित करता है। अधिनियम से विद्यार्थियों को डबल मेजर का विकल्प देकर उनके भविष्य में विषयों के चयन की और अधिक स्वतंत्रता देता है।
>
> ■ **डॉ. प्रज्ञेश अग्रवाल,** निदेशक, एक्सीलेंस कालेज

## पीएचडी सीटों पर प्रवेश के लिए इंटरव्यू आज से

**जागरण, भोपाल।** आरजीपीवी ने पीएचडी इंटरव्यू में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची जारी की है। इसमें 218 को शामिल किया गया है। उक्त दस्तावेजों की मूल प्रति रखना विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य है। आरजीपीवी उन्हें पीएचडी की सीटों पर प्रवेश देने के लिए सोवमार से इंटरव्यू लेना शुरू कर रहा है, जो 13 फरवरी तक चलेंगे। इंटरव्यू का टाइम सुबह 11 से शाम पांच बजे तक है। इंटरव्यू के लिए आठ पैनल तैयार किए गए हैं। इंटरव्यू के दौरान जिन मूल दस्तावेजों को रखना अनिवार्य है, उनमें दसवीं की मार्कशीट, न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ मास्टर्स डिग्री, जाति प्रमाण पत्र, दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए प्रमाणपत्र, नेट, स्लेट, गेट का वैध स्कोर कार्ड, जेआरएफ होल्डर्स, टीचर फैलोशिप होल्डर्स आदि से संबंधित मूल दस्तावेज शामिल हैं।

## ब्राह्मण समाज का प्रदर्शन हत्यारों को फांसी दी जाए

**जागरण, जबलपुर।** जिले के पाटन के ग्राम टिमरी में एक ही परिवार के चार युवकों की निर्मम हत्या के बाद पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के नेतृत्व में ब्राह्मण समाज ने मालवीय चौक और घंटाघर पर चक्काजाम कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि पुलिस ने हत्याकांड के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### प्रथम पेज की खबरों का शेष....

रक्षा मंत्रालय का ऑडिटर ...

अधिकारी ने 10 लाख की जगह 8 लाख रुपए की पहली किस्त लेने की सहमति दी और शिकायतकर्ता को यह रकम एक प्राइवेट डिफेंस सप्लायर के कर्मचारी को देने को कहा।

**रंगे हाथों पकड़े गए आरोपी:** सीबीआई ने इस मामले में जाल बिछाया और जैसे ही आरोपी कर्मचारी शिकायतकर्ता से 8 लाख रुपए की रिश्वत ले रहा था, उसे मौके पर ही पकड़ लिया गया। इसके बाद सीबीआई ने आरोपी निजी कंपनी के मालिक को भी गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई इस मामले में गहराई से जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस भ्रष्टाचार में और कौन-कौन शामिल हो सकता है। रक्षा क्षेत्र में इस तरह की रिश्वतखोरी से जुड़ा यह मामला बड़ा झटका माना जा रहा है, क्योंकि इसमें सरकारी अधिकारी और प्राइवेट डिफेंस सप्लायर की मिलीभगत सामने आई है।

## मेरी फ्लाइट क्रैश होने से बची थी: सलमान

**मुंबई।** सलमान खान ने बताया कि एक बार उनकी फ्लाइट क्रैश होने से बची थी। सलमान ने कहा, मैं जून 2010 में श्रीलंका में आईआईएफए अवॉर्ड शो अटेंड करके भारत लौट रहा था, तभी



फ्लाइट 45 मिनट तक टर्बुलेंस में फंसी रही। फ्लाइट हिल रही थी, तो मैं डर गया। मुझे लगा कि ये क्रैश हो जाएगी। जिस समय ये सब हो रहा था उस समय सोहेल खान भी मेरे साथ थे। वे बेखौफ सो रहे थे। सलमान ने ये सब बातें अपने भतीजे और अरबाज के बेटे अरहान खान के पॉडकास्ट में कहीं। सलमान ने कहा, मैंने एयर होस्टेस की ओर देखा, वह प्रार्थना कर रही थी। तभी मैंने सोचा-अरे बाप रे। यहां तक कि पायलट भी टेंशन में दिख रहे थे, वे आमतौर पर बहुत शांत रहते हैं।

# पापा की इच्छा पूरी करने बेटियों ने तय किया आधी दुनिया का सफर

## जन्मदिन पर 85 साल के पिता से बेटियों ने पूछी इच्छा, कहा-सबकुछ है, कुंभ में गंगा स्नान करना चाहता हूं



**प्रयागराज।** १४४ साल बाद लगे पूर्ण महाकुंभ में भारत ही नहीं, बल्कि सात समंदर पार दुनियाभर से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी है। महाकुंभ में एक ऐसी भावुक कर देने वाली घटना सामने आई, जिसने पिता-बेटी के रिश्ते की मिसाल पेश की। कैलिफोर्निया में रह रही दो बेटियों ने अपने 85 वर्षीय पिता की संगम स्नान की इच्छा पूरी करने के लिए हजारों किलोमीटर का सफर तय किया। इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बेटी ने साझा की। उसने बताया कि जब उन्होंने और उनकी बहन ने पिता से जन्मदिन पर उनकी इच्छा के बारे में पूछा, तो पिता ने कहा कि उनके पास सब कुछ है, लेकिन वे कुंभ मेले में गंगा स्नान करना चाहते हैं। सोशल मीडिया पर लोगों का दिल जीत लिया और कई यूजर्स ने बेटियों की इस पहल की सराहना की। यह घटना महाकुंभ में देखने को मिल रहे कई भावनात्मक पहलुओं में से एक है, जहां देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने पहुंच रहे हैं। भारत के कोने-कोने से श्रद्धालु मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की पावन गोद में स्नान के लिए महाकुंभ आ रहे हैं। संगम स्नान करने आई श्रद्धालु सुहाग शुक्ला ने एक्स पर बताया, मैंने और मेरी बहन ने 85 वर्षीय पिता से जन्मदिन पर इच्छा पूछी। उन्होंने कहा मेरे पास सब कुछ है, पर यदि पूछ रहे हो तो कुंभ मेले में गंगा स्नान करना चाहता हूं। पवित्र इच्छा को पूरा करने दोनों बहनें कैलिफोर्निया से प्रयागराज पहुंचीं। पिता को संगम स्नान के लिए काफी लंबी दूरी तय की, लेकिन इसके बावजूद पिता की इच्छा पूरी करने की खुशी ने उनकी पूरा थकान उतार दी। इच्छा पूरी होने पर पिता की खुशी का भी कोई ठिकाना नहीं रहा।

### लोगों ने सोशल मीडिया पर लिखा- प्राउड फादर

बेटियों के भाव को देखकर लोग उनकी प्रशंसा करते नहीं थक रहे। एक यूजर ने लिखा, आपके पिता सच में भाग्यशाली हैं, जिनकी इतनी अद्भुत बेटियां हैं। पिता की इच्छा पूरी करने आधी दुनिया का सफर तय कर लिया। सुरक्षित रहें, इस अद्भुत माहौल को आत्मसात करें और महाकुंभ की दिव्यता आपको सही मार्ग दिखाए। एक अन्य यूजर ने लिखा, उनकी सच्ची इच्छाओं को पूरा करने से बड़ा कोई सुख और आशीर्वाद नहीं हो सकता। मुझे भी यह सौभाग्य प्राप्त हुआ, जब मैंने माता-पिता को काशी और अयोध्या की यात्रा कराई। एक विदेशी यूजर ने लिखा, भारतीय परिवार शानदार होते हैं। पश्चिमी देशों को विकसित, भारत को विकासशील कहा जाता है। मुझे लगता है, यह उल्टा है।



### फाउंडेशन की सीईओ हैं सुहाग

सुहाग शुक्ला प्रयागराज की रहने वाली है। वह अमेरिका के कैलिफोर्निया में हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन के नाम से संस्था चलाती है। उनके साथ उनकी बहन भी अमेरिका में रहती है। सुहाग के माता-पिता यहीं प्रयागराज में रहते हैं। अपने पिता के बर्थडे पर वह कैलिफोर्निया से यहां पहुंची। गिफ्ट के तौर उन्होंने अपने पिता को संगम में स्नान कराया।

## संक्षिप्त समाचार

### पीड़िता के माता-पिता ने की भागवत से मुलाकात

**कोलकाता।** रेप-मर्डर केस के बाद आरोपी संजय राय को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। पीड़ता का परिवार फैसले से संतुष्ट नहीं है। शनिवार को प. बंगाल पहुंचे आरआरएस चीफ ने पीड़िता के माता-पिता के अनुरोध पर उनसे मुलाकात की। पदाधिकारी ने बताया कि भागवत ने पीड़िता के साथ की गई क्रूरता के बारे में सुनकर दुख व्यक्त किया और माता-पिता का समर्थन किया। पीड़िता की मां ने बेटी को न्याय दिलाने के लिए लड़ाई जारी रखने की इच्छा के बारे में बताया, तो भागवत ने परिवार के प्रति समर्थन का वादा करते हुए कहा, यह समय की जरूरत है। इंसाफ की लड़ाई में वो पीड़ित पक्ष के साथ हैं। गत 9 अगस्त को अस्पताल के अंदर डॉक्टर के हुई हैवानियत के बाद भागवत ने कहा था कि अपराध में शामिल सभी लोगों को सख्त से सख्त सजा दिलाना राज्य सरकार का कर्तव्य है।

### श्रद्धा वालकर के पिता की हार्ट अटैक से मौत

**नई दिल्ली।** तीन साल पुराने श्रद्धा वालकर हत्याकांड का फैसला अभी तक नहीं आया, लेकिन श्रद्धा के पिता विकास वालकर का रविवार को हार्ट अटैक से निधन हो गया। विकास अपनी बेटी का केस लड़ रहे थे। उन्हें बेटी की अस्थियों का इंतजार था ताकि उसका अंतिम संस्कार कर पाते। मगर श्रद्धा की हड्डियां केस प्रॉपर्टी (सबूत के तौर पर रखी गईं) बन चुकी थी। 18 मई, 2022 की रात श्रद्धा वालकर का लिव-इन पार्टनर आफताब अमीन पूनावाला ने मर्डर कर दिया था। 2 दिन तक आफताब इंटरनेट पर डेडबॉडी ठिकाने लगाने के तरीके सर्च करता रहा। 19 मई को घर से निकला, 300 लीटर का बड़ा फ्रिज और आरी लेकर लौटा। श्रद्धा के शव के 35 टुकड़े करके फ्रिज में रख दिए। फिर बैग में भरकर उन्हें छतरपुर के जंगलों में फेंक दिया था।

### पुलिस टॉर्चर से परेशान युवक ने किया सुसाइड

**कठुआ।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती रविवार को कठुआ पहुंची। यहां उन्होंने पुलिस हिरासत के बाद सुसाइड करने वाले माखन दीन के परिवार से मुलाकात की। 6 फरवरी को माखन दीन ने वीडियो रिकार्ड करने के बाद आत्महत्या कर ली थी। वीडियो में उसने पुलिस के ऊपर टार्चर करने का आरोप लगाया था। महबूबा मुफ्ती ने एक्स पर इल्तिजा का माखन दीन के परिवार से मिलते हुए वीडियो पोस्ट किया। महबूबा ने लिखा कि आखिरकार इल्तिजा कठुआ के बिलावर पहुंची और माखन दीन के परिवार से मिल पाईं। उन्होंने आरोप लगाया कि माखन दीन को पुलिस टॉर्चर की वजह से सुसाइड करना पड़ा। माखन दीन के परिवार ने इल्तिजा से बात करते हुए पुलिस पर पैसे लेने के आरोप लगाए। परिवार ने कहा, पुलिस ने माखन दीन को छोड़ने के बदले 5 लाख रुपए की डिमांड की थी। पुलिस ने कहा था कि पैसे दो तो माखन को छोड़ देंगे।

### पिज्जा ऑर्डर करने पर 4 छात्राओं को निकाला

**पुणे।** महाराष्ट्र के एक हॉस्टल में आजीबोगरीब मामला सामने आया है, जहां सोशल वेलफेयर हॉस्टल से चार छात्राओं को केवस इस वजह से हॉस्टल से निकाल दिया गया, क्योंकि उन्होंने ऑनलाइन पिज्जा ऑर्डर किया था। यह महाराष्ट्र के पुणे के मोशी स्थित सोशल वेलफेयर हॉस्टल है, इस हॉस्टल में 250 छात्राएं हैं। पुणे के मोशी स्थित सोशल वेलफेयर हॉस्टल सोशल जस्टिस डिपार्टमेंट द्वारा संचालित किया जाता है। रिपोर्ट के अनुसार, हॉस्टल की वार्डन मीनाक्षी नरहरे को सूचना मिली कि छात्राओं के एक कमरे में ऑनलाइन पिज्जा ऑर्डर किया गया था, जब उन्होंने संबंधित छात्राओं से सवाल किया, तो सभी ने इनकार कर दिया, इसके बावजूद वार्डन ने छात्राओं पर कड़ी कार्रवाई करते हुए चारों को हॉस्टल से एक महीने के लिए निलंबित कर दिया।

---

**राष्ट्रपति ट्रंप ने की रूसी समकक्ष पुतिन से बात, युद्ध पर जताई चिंता**

# तीन साल बाद खत्म होगा रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध

**जेएनएन, वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की वकालत करते रहे हैं। हाल ही में डोनाल्ड ट्रंप ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर इस युद्ध को खत्म करने के बारे में बात की है। ट्रंप ने कहा कि रूस के राष्ट्रपति भी यही चाहते हैं कि लोगों का मरना बंद हो जाए। साल 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति और रूस के राष्ट्रपति के बीच यह पहली ज्ञात बातचीत है। रिपोर्ट के मुताबिक, डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि हमारे साथ-साथ पुतिन भी युद्ध में मर रहे लोगों को लेकर चिंतित हैं। वहां जो लोग मर रहे हैं, वह हमारे और आपके बच्चों की तरह हैं। मैं चाहता हूं कि लोगों का यह मरना जल्दी से जल्दी बंद हो जाए। ट्रंप ने कहा कि पिछले लगभग तीन सालों से यह युद्ध चल रहा है, अगर मैं राष्ट्रपति होता तो यह



फाइल फोटो

युद्ध कभी भी शुरू नहीं होता। पुतिन के साथ मेरे अच्छे संबंध हैं। बाइडन पर हमला बोलते हुए कहा कि बाइडेन ने हमारे देश के लिए शर्मिंदगी वाली स्थिति को पैदा कर दिया है। हमें फिलहाल इसे समेटने में थोड़ा समय लगेगा। हम वही कर रहे हैं।

### जल्द ही होगी ट्रंप-पुतिन समिट?

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप कई बार कह चुके हैं कि वह इस युद्ध को जल्द से जल्द खत्म कराना चाहते हैं। इस मामले में वह जल्द पुतिन से मिलेंगे। हालांकि, इन दोनों वैश्विक नेताओं की मुलाकात कब होगी, इसको लेकर अभी कोई तारीख सार्वजनिक नहीं है। इस महीने की शुरुआत में रिपोर्ट सामने आई थी, जिसमें कहा गया था कि रूस सऊदी अरब या संयुक्त अरब अमीरात में दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों की मुलाकात करवाना चाहता है।

### शांति चाहता है रूस

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव से जब ट्रंप के इस बयान के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच में संचार के अलग-अलग माध्यम काम करते हैं। मैं व्यक्तिगत रूप से इसके बारे में नहीं जानता। न तो मैं इसकी पुष्टि कर सकता हूं न ही इससे इंकार कर सकता हूं। इससे पहले क्रेमलिन की तरफ से कहा गया था कि रूस शांति चाहता है और वह शांति के लिए अमेरिका से बातचीत करने के लिए तैयार है।

## गूगल मैप ने कार सवार को खेत में पहुंचाया

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के थाना देवबंद क्षेत्र में गूगल मैप के गलत लोकेशन के कारण एक अनोखी घटना सामने आई। मेरठ निवासी फिरोज साथी नौशाद के साथ वैगनआर कार से 5 फरवरी को शामली जा रहा था, उसे रोहाना टोल पर दोस्त लियाकत से मिलना था। लियाकत ने उसे शामली करनाल चौक से सहारनपुर रोड पर जाने की सलाह दी और लोकेशन भेज दी। फिरोज ने गूगल मैप पर लोकेशन लगाकर सफर शुरू कर दिया। रात करीब 2 बजे फिरोज रास्ता भटक गया और गांव में खेतों की तरफ जाकर फंस गया। उसने लियाकत को फोन कर स्थिति बताई। लियाकत ने उसे वापस हाईवे की तरफ लौटने को कहा, इसी दौरान कार को बैक करते समय वह गेहूं के खेत में फंस गई। कार निकालने की कोशिश में जुटे फिरोज और नौशाद ने वहां से गुजर रहे बाइक सवार युवकों से मदद मांगी। थोड़ी देर बाद तीन और लोग वहां पहुंचे और कार निकालने में मदद करने लगे। इसी बीच एक युवक कार की ड्राइविंग सीट पर बैठ गया। जैसे ही कार खेत से बाहर निकली, युवक कार लेकर भाग गया और बाकी आरोपी बाइक पर फरार हो गए।

**फंसी गाड़ी निकालने बाइक से आए युवक कार लेकर रफू-चक्कर**

**पार्टी विधायकों से मिलकर बोले आप संयोजक**

# भाजपा से पूरे करवाओ 2500 रु, निर्मल यमुना समेत सभी वादे



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 22 सीटों पर जीत दर्ज की है। पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने सभी विधायकों के साथ रविवार को बैठक की। बैठक के बाद आतिशी ने बताया कि केजरीवाल ने सभी नवनिर्वाचित विधायकों से अपनी-अपनी विधानसभा में जनता के काम करने के लिए कहा है। उन्होंने सभी विधायकों से ये सुनिश्चित करने को कहा है कि भाजपा ने जो वादे किए हैं वह उन्हें पूरे करे। केजरीवाल से मुलाकात के बाद आतिशी ने भाजपा को हर महिला को ढाई हजार रुपए देने के उनके वादे को याद दिलाते हुए कहा कि आप सुनिश्चित करेगी कि भाजपा जनता से किए गए अपने सारे वादे निभाए।

### निभाएंगे रचनात्मक भूमिका

आतिशी ने कहा, आप रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी और सुनिश्चित करेगी कि भाजपा महिलाओं को 2,500 रुपए दे, मुफ्त बिजली दे और दिल्ली के लोगों के लिए अन्य सुविधाओं को जारी रखे। वहीं एक अन्य विधायक ने कहा, केजरीवाल ने हमसे मुलाकात की। बैठक में सभी विधायक मौजूद थे। यह हमारा कर्तव्य है कि दिल्ली में जो भी काम चल रहा है वह रुकना नहीं चाहिए और जो वादे भाजपा ने किए हैं वह पूरे हों। उन्होंने कहा, केजरीवाल ने हमें इसी बारे में निर्देश दिए हैं।

### यमुना पर सरकार के साथ

किराड़ी से जीते आप विधायक अनिल झा ने कहा, हम सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएंगे। कुछ बीजेपी नेताओं ने कहा है कि वे 5-7 महीने में यमुना नदी को साफ करेंगे और फिर नदी में डुबकी लगाएंगे। हम भी उनका समर्थन करेंगे, ताकि वे यमुना नदी में डुबकी लगा सकें। बीजेपी केंद्र, हरियाणा, यूपी में सत्ता में है। इसलिए अब उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे 5-7 महीने में यमुना नदी को साफ करें।

---

**दिल्ली में आप की पराजय के बाद पंजाब में हलचल**

# अगले एकनाथ शिंदे होंगे मान पंजाब में भी बिखरेगी आप?

**जेएनएन, चंडीगढ़।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी आम आदमी पार्टी धराशायी हो गई है। इन सबके बीच पंजाब में हलचल तेज है। आप की करारी हार के बाद अब पंजाब में भी पार्टी के टूटने की आशंका है। पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस के सीनियर लीडर प्रताप सिंह बाजवा ने तो दावा किया है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान जल्द ही महाराष्ट्र के एकनाथ शिंदे की राह पर चल सकते हैं। बाजवा का कहना है कि आप के 30 से अधिक विधायक कांग्रेस के संपर्क में हैं और कभी भी दल बदल सकते हैं।

**विपक्ष के नेता बाजवा का दावा**

### पंजाब आप में दो गुट

असल में दिल्ली विधानसभा चुनावों में बीजेपी की ऐतिहासिक जीत ने आप के भविष्य पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस चुनाव में बीजेपी ने 70 में से 48 सीटें जीतीं। आप मात्र 22 सीटों पर सिमट गई। खुद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली सीट से बीजेपी उम्मीदवार परवेश वर्मा से 4,089 वोटों से हार गए। बाजवा ने दावा किया कि पंजाब में आप पहले से ही दो गुटों में बंटी है, एक भगवंत मान के साथ है और दूसरा जो दिल्ली के नेतृत्व से तालमेल नहीं बिठा पा रहा।


### सीएम मान और केजरीवाल के बीच सत्ता संघर्ष

प्रताप सिंह बाजवा ने दावा किया कि भगवंत मान केंद्र के गृह मंत्रालय के संपर्क में हैं और दिल्ली की आप इकाई से अलग राह पकड़ सकते हैं। बाजवा ने पंजाब आप के अध्यक्ष अमन अरोड़ा के हालिया बयान का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि पंजाब के मुख्यमंत्री का सिख होना जरूरी नहीं है। बाजवा के मुताबिक यह बयान दिल्ली नेतृत्व के इशारे पर दिया गया, ताकि भविष्य में केजरीवाल को पंजाब की राजनीति में उतारने की भूमिका तैयार की जा सके। उन्होंने कहा, वे पहले ही केजरीवाल को पंजाब भेजने की तैयारी कर रहे हैं। दिल्ली की हार से पहले ही उन्हें इसका अंदाजा हो गया था। पंजाब में आप की सरकार बनने के बाद से ही पार्टी के कई विधायक असंतुष्ट हैं। बाजवा ने कहा, बहुत से विधायक पिछले एक साल से कांग्रेस के संपर्क में हैं और मान सरकार के भविष्य को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की नजरें भी पंजाब की आप सरकार पर टिकी हैं और आने वाले समय में बड़े राजनीतिक बदलाव हो सकते हैं। कहा कि दिल्ली हार के बाद अब भगवंत मान सरकार का टिकना मुश्किल है। इधर, फिलहाल दिल्ली में आप की हार के बाद पंजाब में बीजेपी और कांग्रेस दोनों ने पार्टी पर हमला तेज कर दिया है। कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैरा ने इसे नकली क्रांतिकारियों की हार बताया जो वादों से पीछे हट गए। वहीं बीजेपी नेता सुभाष शर्मा ने कहा, दिल्ली की जनता ने बता दिया कि झूठे वादों के सहारे ज्यादा दिन राज नहीं किया जा सकता।

**ना रोल मिला, ना ही मूवी..**

# पूर्व मुख्यमंत्री की बेटी के साथ बड़ा धोखा, चार करोड़ हड़पे

**देहरादून।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक की अभिनेत्री बेटी और फिल्म निर्माता आरुषि निशंक ने मुंबई के दो फिल्म प्रोड्यूसरों मानसी वरुण बागला, वरुण प्रमोद कुमार बागला पर 4 करोड़ की ठगी, मानसिक प्रताड़ना और धमकी देने का आरोप लगाया है। मामले में देहरादून के कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। आरुषि फिल्मों के निर्माण और अभिनय के क्षेत्र में काम करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि दो प्रोड्यूसरों ने धोखा देकर भारी रकम ठग ली। आरुषि के अनुसार दोनों प्रोड्यूसर उनके घर आए और फिल्म्स प्रोडक्शन लिमिटेड के डायरेक्टर बताते हुए दावा किया कि वे फिल्म आंखों की



गुस्ताखियां बना रहे हैं, इसमें शनाया कपूर और विक्रांत मैसी मुख्य भूमिकाओं में थे। ऐसे में फिल्म के लिए अभिनेत्री की मुख्य रोल की जरूरत है। प्रोड्यूसरों ने कहा, अगर फिल्म में 5 करोड़ रुपए इन्वेस्ट करेंगी तो न केवल उन्हें यह रोल मिलेगा, बल्कि फिल्म के मुनाफे का 20 फीसदी हिस्सा भी मिलेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यदि रोल पसंद नहीं आता या वह संतुष्ट नहीं होतीं तो उनके द्वारा दी गई पूरी रकम 15 फीसदी ब्याज सहित वापस कर दी जाएगी। हालांकि, बाद में न तो रोल मिला न ही पैसे मिले।

### कैसे हुई ठगी?

आरुषि उनके झांसे में आ गईं और 09 अक्टूबर 2024 को एक एमओय साइन किया गया। 10 अक्टूबर को आरुषि से 2 करोड़ लिए गए। अलग-अलग और नए-नए बहाने बनाकर 19 नवंबर 2024 और 27 अक्टूबर 2024 व 30 अक्टूबर 2024 को 4 करोड़ रुपए वसूल लिए।

## मेटा 3,000 एम्प्लॉइज को नौकरी से निकालेगी

**न्यूयॉर्क, जेएनएन।** फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा 3,000 से ज्यादा जॉब्स में कटौती कर रही है। इस कटौती से कंपनी के लगभग 5 प्रतिशत एम्प्लॉइज प्रभावित होंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंपनी के एम्प्लॉइज को एक इंटरनल मेमो के जरिए इस बात की जानकारी दी गई है। मेटा के ह्यूमन रिसोर्स के वाइस प्रेसिडेंट जेनेल गेल ने कंपनी के इंटरनल वर्कप्लेस फॉरम पर मेमो पोस्ट किया। इसमें कहा गया है कि इस छंटनी में नौकरी खोने वाले एम्प्लॉइज को सोमवार सुबह एक ईमेल मिलेगा। हालांकि, कुछ इंटरनेशनल एम्प्लॉइज के लिए छंटनी की प्रोसेस रविवार को 2.30 बजे शुरू कर दी गई।

## अमेरिका में रोज पकड़े जा रहे 1200 अवैध अप्रवासी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर अवैध प्रवासियों के खिलाफ धरपकड़ और तेज हो गई है। डिटेंशन सेंटर फुल हो गए हैं। हालत ये है कि अवैध प्रवासियों को अब जेलों में ठूंसा जा रहा है। लॉस एंजिलिस, मियामी, अटलांटा और कैंसस सहित 9 फेडरल जेलों में अन्य खूंखार अपराधियों के साथ अवैध प्रवासियों को रखा जा रहा है। आईसीई के डिटेंशन सेंटर में 41 हजार को ही रखने की क्षमता है। इन सेंटरों में लगभग 2 हजार भारतीय हैं। रोज लगभग 1200 अवैध प्रवासियों की धरपकड़ हो रही है।

# जनता ने झूठ, भ्रष्ट सरकार को नकारा: धामी

## उत्तराखंड के मुख्यमंत्री बोले-पहाड़ों पर भी दिख रहा दिल्ली की जीत का जश्न

**नई दिल्ली।** दिल्ली की जीत पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि दिल्ली में सालों बाद गैर भाजपा सरकार की विदाई हुई है। भाजपा की जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी की जीत है। मोदी जो भी गारंटी देते हैं, वह इस बात की गारंटी होती है कि वह काम हर हाल में पूरा होगा। इसलिए दिल्ली की जनता ने आपदा की सरकार को हराकर भाजपा को चुना है। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने कई स्थानों पर चुनाव प्रचार किया




था। उस दौरान दिल्ली की जनता के चेहरे पर बदलाव का भाव नजर आ रहा था। इसलिए दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत हुई है। विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत का जश्न देशभर में मनाया जा रहा है। वही उत्तराखंड में भी भाजपा कार्यकर्ता जीत के जश्न में डूबे हुए हैं। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आतिशबाजी और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया गया। दरअसल, दिल्ली में भाजपा की 27 साल बाद वापसी हुई है। आप को हराकर भाजपा ने सत्ता की गद्दी हासिल की है। ऐसे में देश की राजधानी दिल्ली में जीत का जश्न जोर-शोर से मनाया जा रहा है। धामी ने भी दिल्ली विधानसभा चुनाव में जमकर प्रचार किया था।

---

**समिट | पीएम मोदी फ्रांस की एआई समिट में होंगे शामिल, आज फ्रांस दौरे पर होंगे रवाना**

# एआई के इस्तेमाल, खतरे की तय होगी सीमा

**नई दिल्ली।** -एआई इस्तेमाल की गाइडलाइन तय होगी, पेरिस। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 फरवरी को फ्रांस दौरे पर रवाना होंगे। यहां पीएम मोदी 11 फरवरी को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ पेरिस में आयोजित




आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) समिट की सह-अध्यक्षता करेंगे। इसमें दुनियाभर के लीडर्स और टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स एआई की गाइडलाइन तैयार करेंगे। कार्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बेहतर इस्तेमाल और खतरों को नियंत्रित करने पर चर्चा होगी। इससे पहले यह समिट 2023 में ब्रिटेन और 2024 में साउथ कोरिया में हो चुकी है। अमैक्रों ने इस समिट को लेकर कहा-यह समिट ऐसे वक्त में हो रही है जब कई लोग एआई की अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में खुद को स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं। यह खेल के नियमों को तय करने के बारे में है। एआई को कानून के दायरे में लाना जरूरी है।

### समिट में 80 देशों के अधिकारियों और सीईओ लेंगे हिस्सा

अमेरिका से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और चीन से राष्ट्रपति शी जिनपिंग का एक विशेष दूत भी इस बैठक शामिल होगा। वहीं, ईयू की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर, जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज, कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन, और गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई समेत 80 देशों के अधिकारी और सीईओ भी हिस्सा लेंगे। इस समिट में टेस्ला के सीईओ इलॉन मस्क और चीनी एआई डीपसीक के फाउंडर लियांग वेनफेंग का शामिल होना फिक्स नहीं है। सभी ग्लोबल लीडर्स और एक्सपर्ट्स के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति के आवास एलिसी पैलेस में डिनर का आयोजन होगा।

### तेजी से बढ़ रहे हैं एआई से जुड़े खतरे

एआई के तेजी से बढ़ते इस्तेमाल से इससे होने वाले खतरे भी तेजी से बढ़े हैं। इसे देखते हुए हाल ही में भारतीय फाइनेंस मिनिस्ट्री ने एम्प्लॉइज को ऑफिस के किसी भी काम के लिए चैटजीपीटी और डीपसीक जैसे एआई टूल्स का यूज करने से बचने के लिए कहा है। सरकार का मानना है कि ऐसे एआई टूल्स सरकारी डॉक्यूमेंट्स और डेटा की गोपनीयता के लिए खतरा हैं। इस बात की जानकारी इंटरनल डिपार्टमेंट एडवाइजरी से मिली है। ऑस्ट्रेलिया और इटली जैसे देशों ने भी डेटा सिक्योरिटी जोखिम का हवाला देते हुए डीपसीक के यूज पर बैन लगा दिया है।

### चीनी मॉडल से अमेरिका में घबराहट

यह समिट ऐसे वक्त में आयोजित हो रही है जब दुनियाभर में चीन के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मॉडल डीपसीक को लेकर अनिश्चित्ता का माहौल है। कुछ दिनों पहले ही इसकी वजह से अमेरिका के शेयर मार्केट में भारी उथल पुथल देखने को मिली थी। यहां तक की अमेरिका का शेयर मार्केट 3 फीसदी तक गिर गया था।

# कोटेश्वर महादेव की पूजा से शुरू होगा शिव नवरात्रि का महोत्सव

## महाकाल परिसर व गर्भगृह में होगी रंगाई-पुताई

**जागरण उज्जैन।** महाकालेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियां शुरु हो गई है। यह पर्व शिव नवरात्रि 17 फरवरी से प्रारंभ होकर 26 फरवरी तक नौ दिन चलेगा। उत्सव का शुभारंभ महाकाल मंदिर के कोटितीर्थ कुंड पर विराजित कोटेश्वर महादेव की पूजन से होगा। इसके पहले कोटि तीर्थ कुंड और मंदिर के गर्भगृह में साफा-सफाई की जाएगी। इसके साथ ही चांदी की दीवारों को चमकाया जाएगा।

महाकाल मंदिर के पुजारी पं. आशीष गुरु ने बताया कि शिव नवरात्रि की शुरुआत परंपरा अनुमार भगवान कोटेश्वर के पूजन से होती है। इसके बाद शिवनवरात्रि के नौ दिन भगवान महाकाल के पूजन का क्रम चलेगा। महाशिवरात्रि पर संध्या के समय सबसे पहले कोटेश्वर महादेव को सप्तधान्य अर्पण कर सेहरा श्रृंगार किया जाता है। इसके बाद बाबा महाकाल का महाभिषेक प्रारंभ होता है। इसके पीछे कारण है कि कोटेश्वर महादेव कोटितीर्थ कुंड के प्रधान देवता है, उनके पूजन अभिषेक के बाद ही कुंड से जल लेकर भगवान महाकाल का जलाभिषेक किया जाता है। श्री महाकालेश्वर मंदिर में शिवनवरात्रि का पर्व 17 फरवरी शिव पंचमी से प्रारंभ होकर महाशिवरात्रि पर्व 26 फरवरी तक चलेगा। शिवनवरात्रि के पहले दिन से ही भगवान महाकाल अद्भूत स्वरूप में दर्शन देते हैं और पहले दिन से ही महाकाल मंदिर के कोटितीर्थ कुंड के ऊपर स्थित कोटेश्वर महादेव का पूजन अभिषेक करने की परंपरा है। यह क्रम नौ दिन रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### युवक की हत्या के बाद थाने के सामने शव रखकर चक्काजाम



**जागरण, छतरपुर।** सरकना रोड स्थित बछेडी नदी के पुल पर रविवार सुबह एक युवक का खून से लथपथ शव मिला। मृतक की पहचान पुरापट्टी निवासी 28 वर्षीय राहुल सिंह बुंदेला के रूप में हुई है। मृतक के गले पर धारदार हथियार से चोट के निशान मिले है। घटना की सूचना मिलते ही बड़ामलहरा एसडीओपी रोहित सिंह सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। परिजनों के अनुसार, राहुल शनिवार शाम को घर से निकला था। नाराज परिजनों ने दोपहर 12 बजे भगवां थाने के सामने ट्रैक्टर-ट्राली में शव रखकर चक्काजाम कर दिया। हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लगाए गए जाम से दर्जनों वाहन फंस गए। एसडीओपी रोहित सिंह के आश्वासन के बाद डेढ़ घंटे बाद जाम समाप्त हुआ।

### स्मैक के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार 22 मामले हैं दर्ज

**जागरण, ग्वालियर।** शहर के हजीरा में पुलिस ने घेराबंदी कर एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। इसके खिलाफ मप्र और राजस्थान के कई थानों में लूट, डकैती, मारपीट और आर्म्स एक्ट सहित कुल 22 मामले दर्ज हैं। तलाशी के दौरान उसके पास से 50 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। पुलिस ने स्मैक की सप्लाई करने और खरीदने वाले आरोपियों के खिलाफ भी केस दर्ज किया है। फिलहाल, क्राइम ब्रांच और हजीरा थाना पुलिस के अधिकारी आरोपी से पूछताछ कर रहे हैं। आरोपी ने कबूल किया है कि, वह यह स्मैक इटावा उत्तर प्रदेश से लेकर आया था। ग्वालियर पुलिस को सूचना मिली थी कि इटावा से भिंड के रास्ते स्मैक की एक बड़ी खेप ग्वालियर लाई जा रही है।



# सिंधिया की जनसुनवाई में आवेदन रद्दी में फेंके, 5 कर्मचारी सस्पेंड

### शरारती तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश

**जागरण, शिवपुरी।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने विगत दिवस शिवपुरी जिले के पिछोर में जनसुनवाई की और अधिकारी-कर्मचारियों को जल्द से जल्द लोगों की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में पहुंचे लोगों का आरोप है कि मंत्री सिंधिया के जाते ही सभी शिकायती आवेदनों को रद्दी में फेंक दिया गया। सोशल मीडिया पर खबर प्रसारित होने के बाद प्रशासन ने लापरवाही बरतने वाले 3 पटवारियों और 2 अन्य कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। 5 के विरूद्ध कार्रवाई के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। वहीं प्रशासन ने इस खबर को कुछ शरारती तत्वों द्वारा भ्रम फैलाना बताया है।



पिछोर में जनसुनवाई के दौरान केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आमजन की समस्याएं सुनी और उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिए की आवेदनों को सूचीबद्ध तरीके से सुरक्षित रखा जाए एवं आवेदकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। इस दौरान पिछोर में एक मामला सामने आया जिसमें बताया गया कि आवेदकों के द्वारा दिए गए आवेदनों को कचरे में डाला गया है। इस मामले में केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने भी मामले की जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए। पंजीयन काउंटर पर जिन कर्मचारियों द्वारा आवेदन पत्रों का पंजीयन किया जा रहा था, उनके द्वारा पंजीयन के साथ ही आवेदन की फोटोकॉपी करके एक प्रति अपने पास रिकॉर्ड में रखी गई थी। कुछ शरारती तत्वों द्वारा बाद में पंजीयन काउंटर पर रखे स्कैन और फोटो कॉपी आवेदन को कर्मचारियों से छीनकर एक महिला के हाथों भेज दिए गए थे और यह भ्रम फैला दिया कि कर्मचारियों ने आवेदनों को कचरे में डाल दिया है। कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने कहा है कि शरारती तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। इस मामले में पंजीयन काउंटर पर ड्यूटी पर लगे 5 कर्मचारियों पर भी लापरवाही करने पर कार्यवाही की गई है। जिसमें पटवारी दीपक शर्मा, पटवारी दीपक दांगी, प्रतीक पाराशर, सहायक ग्रेड 3 प्रमोद वर्मा, सहायक ग्रेड 3 प्रशांत शर्मा को निलंबित किया है। पंजीयन काउंटर पर शिक्षकों की भी ड्यूटी लगाई गई थी। उनके विरुद्ध भी कार्यवाही के लिए एसडीएम द्वारा प्रस्ताव भेजा गया है। कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी ने कहा था कि जिन लोगों ने व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास किया है, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### सिंधिया को फोटो दिखाते ही 24 घंटे में सफाई



शिवपुरी। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का जन दरबार वार्ड क्रमांक 5 के लोगों में सौगात भरा साबित हुआ। दरबार में एक बुजुर्ग अपने क्षेत्र में व्याप्त गंदगी की फोटो लेकर पहुंचे थे। सिंधिया को फोटो दिखाने का असर यह हुआ कि जो काम लंबे समय से नहीं हो रहा था, वहां सुबह-सुबह ही पूरा अमला पहुंच गया और सुबह से ही वार्ड चकाचक होने लगा। वार्ड क्रमांक-5 के राठौर मोहल्ले के निवासी जगदीश ने नगरपालिका द्वारा उनकी गली में बनाए गए कचरा संग्रह केंद्र को लेकर शिकायत की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने नगरपालिका के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीएमओ) इशांत वर्मा को तुरंत फटकार लगाई। सीएमओ ने जब इसे सेकेंड्री कचरा संग्रह केंद्र बताया तो सिंधिया ने स्पष्ट रूप से कहा कि ऐसे कचरा पॉइंट को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने तुरंत सफाई करवाने और सफाई के बाद की तस्वीरें भेजने के निर्देश दिए। सिंधिया के निर्देश पर रविवार को नगरपालिका की टीम ने पूरे क्षेत्र की विशेष सफाई की। इसके साथ ही फायर ब्रिगेड की मदद से इलाके को धोकर पूरी तरह स्वच्छ किया गया।

### मंत्री के कार्यालय ने दिया स्पष्टीकरण

केंद्रीय मंत्री एवं सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया की मौजूदगी में कल पिछोर में आयोजित जनसुनवाई शिविर के दौरान कुछ आवेदनों को लापरवाही के चलते रद्दी में फेंके जाने की सूचना प्राप्त हुई है। इस संबंध में श्री सिंधिया की ओर से प्रशासन के अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए थे कि जो आवेदन सिंधिया तक नहीं पहुंच सके, उन आवेदनों को सूचीबद्ध तरीके से सुरक्षित रखा जाए एवं आवेदकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए।

## डांस करते हुए अचानक गिरी युवती की हार्ट अटैक से मौत

जागरण विदिशा



### इंदौर से बहन की शादी समारोह में शामिल होने आई थी विदिशा

एक शादी समारोह में महिला संगीत के कार्यक्रम के दौरान मंच पर डांस करते-करते एक युवती की मौत हो गई। युवती इंदौर की रहने वाली थी। विदिशा में अपनी ममेरी बहन की शादी में शामिल होने आई थी। ये घटना शनिवार रात की है। इसका वीडियो रविवार को सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि परिणीता नाम की युवती मंच पर मिक्स्ड सॉन्ग पर डांस कर रही है।

इसी दौरान लहरा के बलखा के... गाना बजता है। युवती इस गाने पर डांस स्टेप करती है। तभी अचानक खड़े खड़े ही मुंह के बल मंच पर गिर जाती है। आशंका है कि डांस करते समय ही उसे हार्ट अटैक आ गया, जिससे उसकी स्टेज पर ही गिरकर मौत हो गई। मृतक युवती का नाम परिणीता जैन है। जैसे ही डांस करते समय वह मंच पर गिरी तो वहां मौजूद लोगों को पहले तो कुछ समझ नहीं आया। जब काफी देर तक कोई हलचल नहीं हुई तो लोग मंच पर आए और युवती को उठाने की कोशिश की, उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## लालच देकर धर्मांतरण का प्रयास,3 गिरफ्तार

**जागरण, रायसेन।** जिले के देवनगर थानान्तर्गत ईसाई मिशनरी से जुड़े लोग आदिवासी क्षेत्र में जाकर लोगों को लालच दे रहे थे और धर्म परिवर्तन करने के लिए दबाव बना रहे थे। मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि रायसेन जिले में एक बार फिर धर्मांतरण का मामला सामने आया है। आरोप है कि आदिवासी महिलाओं, बच्चों और पुरुषों को शिक्षा, स्वास्थ्य और पैसों का लालच देकर धर्मांतरण कराया जा रहा था। हिंदू धर्म के लोगों के धर्मांतरण की खबर लगते ही हिंदू संगठनों ने विरोध जताया और पुलिस को पूरे मामले की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है, पुलिस मामले में इन लोगों से पूछताछ कर रही है। दरअसल देवनगर थाना क्षेत्र के बड़कोई गांव में भोपाल से आए हुए ईसाई मिशनरी से जुड़े लोगों द्वारा धर्मांतरण के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा और पैसों का प्रलोभन दिया जा रहा था। गांव में पहुंचे ईसाई मिशनरी लोग भोले-भाले आदिवासियों को हिंदू धर्म छोड़ने के लिए लालच दे रहे थे। धर्मांतरण के लिए लालच देने को लेकर एक फरिया दी और हिंदू संगठनों की शिकायत के बाद पुलिस ने एक्शन लिया और मौके से मिशनरी के दो पुरुषों और एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ईसाई धर्म से जुड़ी कई धार्मिक पुस्तक और धर्मांतरण से जुड़े हुए दस्तावेज बरामद किए हैं।

## सीएम का फैसला मोदी के यूएस दौरे के बाद

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली में भाजपा को बहुमत मिलने के बाद अब मुख्यमंत्री पर फैसला होना है। रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से दावा किया जा रहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे से लौटने के बाद मुख्यमंत्री का नाम फाइनल किया जाएगा। दरअसल, पीएम मोदी फ्रांस-अमेरिका के दौरे पर जा रहे हैं। ऐसे में दिल्ली सीएम का शपथ ग्रहण समारोह उनके लौटने के बाद होगा। इसमें भाजपा शासित राल्यों के सीएम भी शामिल होंगे।



इस मुद्दे पर रविवार को गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा नेताओं के साथ बैठक की। इसमें जेपी नड्डा, बैजयंत पांडा समेत कई बड़े नेता मौजूद रहे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उप-राज्यपाल वीके सक्सेना से मिलने का वक्त मांगा है।

### सीएम आतिशी का इस्तीफा

आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके बाद उप-राज्यपाल वीके सक्सेना ने विधानसभा भंग कर दी है। आतिशी ने कहा- जनता ने आप के 22 विधायकों को जिताया है। अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम जनता की सेवा करें, उनकी समस्याओं का समाधान करें। विपक्ष की भूमिका निभाना और भाजपा की जवाबदेही तय करवाना हमारी जिम्मेदारी है।



## रेप के आरोपी की मां को ठगने पहुंचा फर्जी एसआई गिरफ्तार




**जागरण सतना।** सीआईडी का सब इंस्पेक्टर बनकर लोगों से लाखों रुपए ठगने वाला एक शातिर बदमाश पुलिस के हाथ लगा है। यह बदमाश नाबालिग से रेप के आरोप में जेल में बंद आरोपी की मां को झूठी दिलासा देकर ठग रहा था। बेटे को केस से बाहर करा देने के नाम पर यह फर्जी एसआई पहले भी महिला से दो लाख रुपए ले चुका था। इस बार यह डेढ़ लाख रुपए लेने महिला के घर पहुंचा था, लेकिन खुद ही जाल में फंस गया। परिवारजनों ने पुलिस को बुलाकर इसे रंगेहाथों गिरफ्तार करा दिया। फर्जी एसआई के पास से पुलिस की वर्दी, आईडी कार्ड व आगे-पीछे पुलिस लिखी कार भी मिली है।

### सुबह साढ़े 5 बजे फोन लगाकर चेक लेने पहुंचा

पहले दो लाख रुपए ले चुके इस बदमाश ने रविवार सुबह 5.23 बजे अतुल की मां के मोबाइल पर फोन लगाया। इस वक्त अतुल के पिता केदार प्रसाद गौतम खेत में पशुओं को भगाने गए थे और अतुल का भाई अमन गौतम नागौद में था। फोन करने वाले ने कहा कि बच्चे को छुड़ाने के लिए पैसे का इंतजाम कर ली हो। तब अतुल की मां ने कहा कि अभी नगद कम हैं, मेरे पास चेक है। मेरे बच्चे को छुड़ाकर चेक में नाम भरकर पैसे निकाल लेना। अतुल की मां से बात होने के बाद आरोपी अपनी कार से घर आया। अतुल की मां ने युवक को बैठाया।

## अमित शाह से मुलाकात के बाद मणिपुर के सीएम ने दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली, जेएनएन।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने रविवार शाम अपना इस्तीफा गवर्नर को सौंप दिया। नए मुख्यमंत्री पर फैसला एक-दो दिन के भीतर लिया जाएगा। बीरेन सिंह पर राज्य में 21 महीने से जारी हिंसा के चलते काफी दबाव था। सूत्रों के मुताबिक, गवर्नर ने अभी उनसे कार्यवाहक मुख्यमंत्री के तौर पर पद संभालने के लिए कहा था। इस्तीफे का फैसला लेने से पहले एन बीरेन सिंह ने रविवार सुबह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात की। माना जा रहा है कि शाह ने ही उन्हें पद छोड़ने का निर्देश दिया होगा। बता दें कि मणिपुर में 3 मई 2023 से कुकी-मैतेई समुदाय के बीच हिंसा जारी है।

### हिंसा में 258 की मौत, 15 हजार हुए बेघर

मणिपुर की हिंसा में 258 लोगों की मौत हुई है। लगभग 15 हजार लोग बेघर हो गए हैं। एक महीने पहले बीरेन सिंह ने राज्य में हुई हिंसा और उसमें हुई जनहानि को लेकर माफी मांगी थी। उन्होंने कहा था कि पूरा साल बहुत दुर्भाग्यपूर्ण रहा है। इसका मुझे बहुत दुख है। 3 मई 2023 से लेकर आज तक जो कुछ भी हो रहा है, उसके लिए मैं राज्य के लोगों से माफी मांगता हूं। हालांकि, आरएसएस ने भाजपा को उन्हें माफ नहीं करने दिया। इसके साथ ही कांग्रेस भी भाजपा से लगातार पूछ रही थी कि वह बीरेन सिंह को आखिर बचा क्यों रही है।

## दिन में गर्मी और रात में ठंडक फसलों को मिल रहा फायदा



**जागरण, भैरुंदा ( नसरुल्लागंज )।** दिन में गर्मी व रात में ठंड का दौर बीते 5 दिनों से लगातार जारी है। मौसम परिवर्तन फसलों को राहत देता हुआ दिखाई दे रहा है। तापमान की बढ़ घट के बीच गेहूं व चने की फसल में किसानों को एक बार फिर फायदा हुआ है और उत्पादन की संभावना बढ़ गई है। मौसम परिवर्तन के पीछे कारण उत्तर भारत में हो रही बर्फबारी बनी है। दिन में गर्मी का एहसास होने से शहर वासियों के द्वारा पंखे, कूलर का उपयोग शुरू कर दिया था। लेकिन पिछले 5 दिन पूर्व बर्फ बारी ने मौसम में फिर से ठंडक घोल दी। कृषि विभाग के उप संचालक केके पाण्डे की मानें तो मौसम परिवर्तन का असर फसलों के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। फरवरी माह में मौसम ठंडा बना रहता है। ऐसे में इस बार गर्मी और ठंड ने फसलों को जीवनदान दिया है। इन दिनों चना की फसल फूल पर है और गेहूं में बालियां आ रही है। ठंड के कारण दोनों ही फसलों को फायदा होगा। दोनों ही फसलों में दाने अच्छे से बैठेंगे जिससे उत्पादन बढ़ने की प्रबल संभावना है। किसान मनोहर मीणा, अखिलेश खंडेलवाल कहना है कि वर्तमान समय में फसल फूल व फल पर है।

## कार को बचाने में पलटी बस, सौ फीट दूर गिरा बिजली का खंभा

### 24 यात्री घायल, खिड़कियां फोड़कर निकाला

**उज्जैन।** भोपाल-नर्मदापुरम हाईवे पर एक कार चालक की लापरवाही ने 50 से ज्यादा लोगों की जान खतरे में डाल दी। जब तेज रफ्तार कार के चालक द्वारा कट मारते हुए ओवरटेक करने की कोशिश की, अचानक सामने आई कार को बचाने के चक्कर में बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इससे हाईवे पर चीख-पुकार मच गई। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्काल कांच फोड़कर घायल यात्रियों को बाहर निकाला। दुर्घटना में दो दर्जन से ज्यादा यात्री घायल हुए हैं। कार सवाल तीन लोग दुर्घटना के बाद मौके से फरार हो गए। यह बस उज्जैन से वाराणसी जा रही यात्री बस पलट गई। बस में करीब 50 यात्री सवार थे।

हादसे में करीब 24 यात्री घायल हो गए, जिन्हें नजदीक के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक यात्री बस के पीछे से आ रही कार के ड्राइवर ने अचानक कट मारकर ओवरटेक करते हुए बस के सामने आ गई, जिसे बचाते हुए बस पलट गई। हादसा होने के बाद कार में सवार तीन लोग निकलकर भाग गए। इनमें एक युवती भी थी। हादसे में घायल हुए यात्रियों को नोबल अस्पताल, सागर हॉस्पिटल और एम्स में भेजा गया है। बस जिस जगह डिवाडर से टकराई वहां रोडलाइट पोल था। टक्कर इतनी भीषण थी कि लाइट पोल उखड़कर 100 फिट दूर जाकर गिरा। बस के परखच्चे भी 200 मीटर तक फैले हुए थे।

**नारीशक्ति** | एयरोस्पेस रक्षा प्रदर्शनी आज से होगी शुरू, वायुसेना करेगी शक्ति प्रदर्शन

## शिवांगी सिंह करेंगी शक्ति फॉर्मेशन का नेतृत्व

**बेंगलुरु, जेएनएन।** एशिया की सबसे बड़ी एयरोस्पेस रक्षा प्रदर्शनी एयरो इंडिया शो 10 से 14 फरवरी तक बेंगलुरु के येलहंका एयरफोर्स स्टेशन पर आयोजित होने वाली है। भारतीय वायुसेना की फाइटर पायलट फ्लाइट लेफ्टिनेंट शिवांगी सिंह यहां शक्ति फॉर्मेशन का नेतृत्व करेंगी। बता दें कि शिवांगी सिंह देश की पहली फाइटर पायलट हैं। वे राफेल जैसे आधुनिक विमान को उड़ाने में माहिर हैं। वे राफेल लड़ाकू विमान उड़ाने वाली देश की पहली और एकमात्र महिला पायलट हैं। वहीं प्रदर्शनी में जो हवाई प्रदर्शन किए जाते हैं, उन्हें शक्ति फॉर्मेशन कहा जाता है। यह पहली बार है, जब शक्ति फॉर्मेशन का नेतृत्व महिला पायलट को सौंपा गया है।यह रक्षा प्रदर्शनी दो साल में एक बार आयोजित की जाती है। रक्षा मंत्रालय, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन और अंतरिक्ष विभाग के सहयोग से आयोजित होने वाले इस पांच दिवसीय कार्यक्रम में अत्याधुनिक विमानन तकनीक और रोमांचकारी हवाई प्रदर्शन दिखाए जाते हैं।



### सेना और वायुसेना प्रमुख ने तेजस में उड़ान भरी

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को तेजस लड़ाकू विमान में उड़ान भरी। यह पहली बार है जब दो सेनाओं के प्रमुख ने एक साथ स्वदेशी फाइटर जेट में उड़ान भरी है। उड़ान के बाद थलसेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने इस अनुभव को अपने जीवन का सबसे अच्छा पल बताया। उन्होंने यह भी कहा कि हम एनडीए (नेशनल डिफेंस एकेडमी) के दिनों से साथ हैं। अगर मैं वायुसेना प्रमुख से पहले मिला होता तो एयरफोर्स जॉइन करता और फाइटर पायलट बनता। आज से एयर चीफ मार्शल मेरे गुरु हैं, क्योंकि उन्होंने इस उड़ान के दौरान मुझसे कई एक्टिविटीज कराईं। यह उड़ान बहुत ही चुनौतीपूर्ण थी, मुझे इसे पूरा करके बहुत मजा आया।



**विकास** | 8 लेन सड़क का 50 प्रतिशत काम पूरा, इंदौर-हरदा हाईवे से सीधे जुड़ेंगे 16 गांव

## गांवों की कनेक्टिविटी होगी बेहतर, जल संरक्षण पर फोकस

**जागरण, इंदौर।** इंदौर-हरदा राजमार्ग 8 लेन सड़क का निर्माण कार्य 50 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। निर्माण कार्य दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आठ लेन में बनने वाले इस राजमार्ग का 50 फीसद काम पूरा हो चुका है। इसके पूरा होने से 16 गांवों को फायदा मिलेगा और इंदौर के गांवों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। राजमार्ग का काम खत्म करने के लिए नई डेडलाइन जारी की है। इसके तहत इस साल दिसंबर तक एजेंसी को निर्माण कार्य पूरा करना होगा। समीक्षा करने के बाद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के क्षेत्रीय अधिकारी एसके सिंह ने यह निर्देश दिए हैं। आठ लेन में बनने वाले इस राजमार्ग का 50 फीसद काम पूरा हो चुका है। अधिकारियों के मुताबिक राजमार्ग बनने से 16 गांवों को फायदा मिलेगा। सड़क किनारों की बजाए डिवाइडर के बीच खाली जमीन पर पौधे रोपेंगे, क्योंकि किनारों के आसपास गांवों के विस्तार के लिए जमीन छोड़ी गई है।



### हर महीने की जाएगी समीक्षा

राजमार्ग पर रोजाना बीस से 25 हजार वाहन निकलेंगे। इसके लिए इंदौर-हरदा राजमार्ग के निर्माण कार्यों की समीक्षा हर महीने होगी। अधिकारियों को निरीक्षण कर रिपोर्ट एनएचएआई के क्षेत्रीय कार्यालय को भेजनी होगी। एनएचएआई के पास पर्याप्त जमीन नहीं है। इस वजह से हरियाली बढ़ाने के साथ ही जलस्रोतों को पुनर्जीवित किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के तालाबों को विकसित करने का काम एनएचएआई कर रही है। करीब पांच तालाबों के जीर्णोद्धार का काम शुरू कर दिया है, जो जुलाई-अगस्त तक खत्म करना होगा।

राजमार्ग से लगे गांवों का विस्तार होना है। इसके लिए राजमार्ग के लिए अतिरिक्त जमीन अधिग्रहित नहीं की है। इस वजह से पौधारोपण के साथ ही जल संरक्षण पर ध्यान दिया जा रहा है। प्रोजेक्ट की समीक्षा हर महीने होगी। -

**- सुमेश बांझल,** प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचएआई

### दो-दो सर्विस और चार लेन मुख्य सड़क

कनाड़िया से लेकर राघवगढ़ तक इंदौर-हरदा राजमार्ग का नया हिस्सा बनाया जा रहा है। 27 किमी की इस सड़क से इंदौर से लगे गांवों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी, जिसमें कनाड़िया, खुड़ैल, काजी पलासिया सहित अन्य गांव शामिल हैं। राजमार्ग में दुपहिया-कार सहित भारी वाहनों को ध्यान में रखकर सड़क बनाई जा रही है, जिसमें दो-दो सर्विस लेन और चार लेन मुख्य सड़क रहेगी। अभी तक आधा काम हुआ है। सर्विस लेन का काम अभी धीमा चल रहा है। एनएचएआई के अधिकारियों ने जून तक 85-90 फीसद जून तक काम पूरा करने की समयावधि रखी है। शेष दस फीसद कार्य और पौधारोपण काम के लिए दिसंबर तक का समय है।

## चलते ट्राले में लगी आग जिंदा जल गया ड्राइवर



**जागरण, नीमच।** चलते ट्राले में अचानक आग लगने से ड्राइवर जिंदा जल गया और उसकी जान चली गई। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। फिलहाल, पुलिस घटनाक्रम की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। यह घटना नीमच-चित्तौढ़गढ़ हाइवे की है. जहां रविवार को फर्श पत्थर से लदे ट्रेलर में अचानक आग भड़क गई। ड्राइवर कुछ समझ पाता तक तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था और वह उसकी चपेट में आकर जान गंवा बैठा। आग इतनी भीषण थी कि 2 किमी दूर से लपटें दिखाई दे रही थी। घटना की जानकारी मिलते ही निम्बाहेड़ा थाना पुलिस और दमकल टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक ट्रेलर पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, शार्ट सर्किट की वजह से आग लगना बताया जा रहा है। फिलहाल, पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# प्राकृतिक सौंदर्य और आस्था का केन्द्र बनेगा दुर्मनकूट धाम : उप मुख्यमंत्री





## देवरहा बाबा की प्रतिमा का किया महाभिषेक, कहा संतों और गौमाता के आशीर्वाद के बिना विकास संभव नहीं

**जागरण, रीवा/ गुढ़।** गुढ़ तहसील के ग्राम दुआरी में दुर्मनकूट धाम में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने ब्रह्मर्षि देवरहा बाबा की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लिया। उप मुख्यमंत्री ने देवरहा बाबा की प्रतिमा का महाभिषेक तथा पूजा अर्चना की। समारोह में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देवरहा बाबा ईश्वर तुल्य संत थे। बड़े-बड़े राजनेता और अन्य लोग उनका आशीर्वाद पाने के लिए लालायित रहते थे। उनके जैसा संत सदियों में जन्म लेता है। देवरहा बाबा ने दुर्मनकूट की गुफा में वर्षों साधना की थी। उनकी यह तपोभूमि प्राकृतिक सौंदर्य और आस्था का केन्द्र बनेगी। पूरे स्थल का सुव्यवस्थित विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दुर्मनकूट में विकास के कई कार्य किए जा रहे हैं। विधायक सिंह के प्रयासों से मगरदहा बांध का निर्माण होगा। दुर्मनकूट जैसे पवित्र स्थल हमें सनातनी परंपरा के उज्जवल इतिहास की याद दिलाती है। भावी पीढ़ी इन जैसे स्थानों से प्रेरणा लेकर प्रकृति और सनातन का महत्व समझेगी। विकास के साथ-साथ हमें अपनी परंपराओं को भी सहेजना है। रीवा में चारों ओर तेजी से विकास हो रहा है। यह विकास संतों और गौमाता के आशीर्वाद के बिना संभव नहीं था। गौमाता कहीं भी असहाय नहीं रहेगी। भैरवनाथ मंदिर के समीप पांच हजार गायों के लिए गौशाला का निर्माण किया जा रहा है। भैरवनाथ में भी भव्य मंदिर तैयार हो गया है। औद्योगिक क्षेत्र गुढ़ तथा नगर पंचायत गुढ़ को पर्याप्त पानी देने के लिए 20 करोड़ रुपए की लागत से जल प्रणाली विकसित की जा रही है। इससे पांच एमएलडी पानी प्राप्त होगा। इन सभी कार्यों का अगले माह मुख्यमंत्री लोकार्पण करेंगे।

### स्व. अग्निहोत्री ने 1980 से दुर्मनकूट के विकास के किए प्रयास : गुढ़ विधायक

समारोह में विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह ने कहा कि यहां के समाजसेवी स्व. लवकुश प्रसाद अग्निहोत्री को देवरहा बाबा ने स्वप्न में बताया कि मैंने दुर्मनकूट की गुफा में लंबे समय तक तपस्या की थी। देवरहा बाबा की प्रेरणा से स्व. अग्निहोत्री ने 1980 से दुर्मनकूट के विकास के प्रयास शुरू किए। दुर्मनकूट में 25 मंदिर, गुफा अनेक प्रतिमाएं तथा अन्य स्थल हैं। मुख्य मार्ग से दुर्मनकूट तक की सड़क का निर्माण विधायक निधि से किया जाएगा। समारोह के संयोजक जितेन्द्र मिश्र ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि परम तपस्वी देवरहा बाबा ने दुर्मनकूट में वर्षों बरस तपस्या की। इस स्थल को विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। समाजसेवी लवकुश अग्निहोत्री ने जो सपना देखा था उसे हम सब मिलकर पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। समारोह में डॉ. बीके शुक्ला दुर्मनकूट विकास समिति अध्यक्ष ने क्षेत्र में सिंचाई सुविधा देने, गौशाला निर्माण, उप स्वास्थ्य केन्द्र खोलने तथा मगरदहा बांध निर्माण की मांग रखी। समारोह में उप मुख्यमंत्री को कार्यक्रम संयोजक द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह स्थल में स्वास्थ्य विभाग तथा आयुर्वेद विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाकर बड़ी संख्या में ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया। समारोह में अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष माया सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष गुढ़ अर्चना सिंह, राजगोपाल मिश्रचारी, राजेश पाण्डेय, डॉ. विनोद पाण्डेय, विश्वम्भर पटेल, जयराम शुक्ला, पूर्व जनपद अध्यक्ष लालबहादुर सिंह, अरूण सिंह, मुनिराज पटेल, जनपद के प्रभारी सीईओ जीएन श्रीवास्तव तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### उप मुख्यमंत्री ने भैरवनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

**जागरण, रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने गुढ़ क्षेत्र का भ्रमण करते हुए भैरवनाथ मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना कर नवनिर्मित मंदिर का अवलोकन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पहाड़ पर चतुर्भुजधारी भगवान भैरवनाथ की प्रतिमा खुले में पड़ी हुई थी। बदवार में सोलर प्लांट की स्थापना के बाद उसके सीएसआर मद से भव्य मंदिर का निर्माण कराया गया है। इसके समीप ही गौशाला का भी निर्माण किया जा रहा है जिसमें पांच हजार से अधिक गायों को आश्रय मिलेगा। इन दोनों कार्यों का अगले माह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष माया सिंह, राजेश पाण्डेय तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पूर्व विधानसभा अध्यक्ष की प्रतिमा का किया अनावरण

## स्व. श्रीनिवास तिवारी मेरे राजनीतिक गुरु थे : दिग्विजय सिंह

### श्रीनिवास तिवारी विद्या सदन हायर सेकंडरी विद्यालय नगवां में आयोजित हुआ कार्यक्रम



**जवा ब्यूरो।** अमर शहीद रघुनाथ द्विवेदी कबड्डी प्रतियोगिता एवं विन्धय के यशस्वी नेता श्रीनिवास तिवारी स्मृति प्रसंग तथा प्रतिमा अनावरण का भव्य आयोजन श्रीनिवास तिवारी विद्या सदन हायर सेकंडर विद्यालय नगवां में आयोजित किया गया। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के अगुवाई में भव्य दो पहिया वाहन रैली एवं बैंड बाजा के साथ प्रतिमा अनावरण स्थल पर लाया गया व वैदिक मंत्रों के साथ पूजा अर्चना कर स्व. पंडित श्री निवास तिवारी की प्रतिमा का अनावरण कर जनता को समर्पित किया।

### मंचासीन रहे कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता

तत्पश्चात मंचीय कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह अमरपाटन ,विशिष्ट अतिथि पुत्र वधू अरूणा तिवारी पूर्व प्रत्याशी सिरमौर विधानसभा, अभय मिश्रा विधायक सेमरिया, सईद अहमद पूर्व मंत्री, राजेन्द्र शर्मा पूर्व प्रत्याशी विधानसभा क्षेत्र रीवा, गोविंददास तिवारी,मंजूलता तिवारी, रामगरीब वनवासी,सत्रुभन सिंह सलैया,वविता साकेत,अमर शहीद के पिता राम शिरोमणि द्विवेदी सहित अन्य मंचासीन अतिथि रहे। विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की सुन्दर प्रस्तुति दी गई तत्पश्चात आयोजको द्वारा गजमाला शाल श्रीफल प्रदान कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। स्वागत भाषण आयोजक अध्यक्ष शिव बालक पाण्डेय ने मंचासीन सभी अतिथियों सहित उपस्थित जनमानस का स्वागत करते हुए पंडित श्रीनिवास तिवारी की प्रतिमा अनावरण के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।

### एक सच्चे राजनेता को सच्ची श्रद्धांजलि है : दिग्विजय सिंह

अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि पंडित श्रीनिवास तिवारी 1977से मेरे राजनीतिक गुरु थे उनका स्नेह आशिर्वाद हम सबको हमेशा मिला स्व. पंडित श्रीनिवास तिवारी की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह एक सच्चे राजनेता को सच्ची श्रद्धांजलि है साथ ही उन्होंने स्व.कुअर अर्जुन सिंह को भी याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। अध्यक्षता कर रहे पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह ने कहा कि राजनीति के पुरोधा यशस्वी नेता पंडित श्रीनिवास तिवारी के प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में शामिल होने का जो अवसर मिला मै धन्य हुआ उसके लिए आयोजकअध्यक्ष शिवबालक पाण्डेय को बहुत बहुत धन्यवाद अर्पित किया। तत्पश्चात पुस्तक का विमोचन कर विद्यालय के खिलाड़ियों सहित दर्शन भर से ज्यादा लोगों को पुरस्कृत किया गया।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

उक्त अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्यनारायण तिवारी संगठन मंत्री रवी तिवारी,मऊगंज जिला अध्यक्ष पद्मेश गौतम,वरिष्ठ कांग्रेस नेता चंन्द्रमणि शुक्ला बृजभूषण शुक्ला,बृजेन्द्र पाण्डेय डां.अरूणेन्द्र शेखर मिश्रा रामनरेश तिवारी ब्लांक अध्यक्ष जवा धनेंद्र द्विवेदी,डभौरा अध्यक्ष अरूण सिंह पिन्टू,प्रो.अरविन्द गुप्ता, अंजनी द्विवेदी,कमल मिश्रा, संयोजक एवं संगठन सचिव वालेन्द्र मिश्रा विनीत मिश्रा लल्न मिश्रा नत्थू पाण्डेय सतानंद मिश्रा किशोर तिवारी सहित हजारों की संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# ऐतिहासिक रही ग्राम पंचायत सितलहा में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की सभा



**जवा नि.प्र.।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री राज्यसभा सांसद कांग्रेस पार्टी के शिखर चोटी के नेता दिग्विजय सिंह की जनसभा ग्राम पंचायत सितलहा के मैदान में सिरमौर क्षेत्र के कांग्रेस नेता चक्रधर सिंह जवा के आयोजकत्व में बहुत भव्यता पूर्ण ढंग से विशाल जनसैलाब की उपस्थिति में 3 बजे दिन सम्पन्न हुई। बैंड बजा और कन्या पूजन के साथ भव्य माल्यार्पण से स्वागत किए गया। गांधी भवन में गांधी प्रतिमा पर मुख्यातिथि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मालार्पण के दीप प्रज्वलित किए गए।

### कांग्रेस से ही सबका विकास संभव है : दिग्विजय सिंह

मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज देश में यूवा ,किसान, कमजोर वर्ग परेशान है, कांग्रेस ही से पुनर्स्थापित और सबका विकास संभव है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस के अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने की। स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम के आयोजक सिरमौर विधानसभा के कांग्रेस चक्रधर सिंह जवा ने दिग्विजय सिंह जी समय में अधिकार सम्पन्न पंचायती राज, शिक्षा कर्मी भरती एवं युवाओं को काफी संख्या में नौकरी मिली, एक बत्ती कनेक्शन, किसानों के 5 हार्सपावर बिजली माफ,जैसे अनेक उपलब्धियां बताई। कार्यक्रम का संचालन सत्यनारायण चौबे पटियरी,के.पी. सिंह,अमित सिंहसरपंच सीतलहा एवं अध्यक्ष सरपंच संघ जवा ने किया।

### कार्यक्रम में ये हुए शामिल

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ,जिला कांग्रेस अध्यक्ष मऊगंज, पद्मेश गौतम , पूर्व विधायक रामगरीब कोल ,शीला त्यागी ,जिला संगठन मंत्री रवी तिवारी, के पी सिंह , जिला आदिवासी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अमित कोल जी, अरूण गौतम जी,सरदार अली जी,गुमान सिंह जी, तेलुद्दीन,सुशील कोल,ब्लॉक महिला कांग्रेस अधिक राजदुलारी विश्वकर्मा, पब्लाक युवा कांग्रेस अध्यक्ष सकील खान,स्वागत गीत संतलाल यादव, राजेन्द्र सिंह डौड़ो, महेंद्र सिंह डौड़ो,जयलाल सोनकर, अलगू उपसरपंच, सुमित सिंह, संदीप साहू, नन्द कुमार साहू,दुर्गाविन्द साहू अजलुद्दीन नूरहसन, मोहम्मद अन्नू, सुशील माझी, मोहम्मद जरल, मोहम्मद अरमान, छोटानी खान, मोहम्मद रहीस , उमेश मांझी, हीरालाल माझी,सहित काफी संख्या में गणमान्य उपस्थित रहे।

# केंद्रीय मंत्री शिवराज से मिले राज



**त्योंथर, ब्यूरो।** केंद्रीय ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने गत दिनों दिल्ली में भेंट कर त्योंथर की प्रगति एवं जनकल्याण से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस दौरान विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने केंद्रीय मंत्री शिवराज से मुलाकात पर कहा कि उन्होंने कई अच्छी योजनाएं शुरू की है। उन योजनाओं पर बातचीत हुई है। मेरा प्रयास है, सभी योजनाओं का लाभ त्योंथर व जिले की जनता को मिल सके। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से विधायक सिद्धार्थ तिवारी की विंध्य की सियासत पर पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

## साहित्य सृजन

### ओ महाकुंभ में जाने वाले



दान, पुण्य, उपकार ढूंढने,
जीवन का उद्धार ढूंढने।
दुनियाई सरकस से थककर,
शांति वाला द्वार ढूंढने।
ओ मह कुंभ में जाने वालों।
डुबकी वहां लगाने वालों।
संगम की तस्वीरें लेकर,
मन अपना बहलाने वालों।
गंगा की वह धार कह रही।
यमुना की बौछार कह रही।
अदृश्य हुई मां सरस्वती की,
द्रवित हुई चित्कार कह रही।
धुन सुनकर के अब जाना।
मिल घुलकर के अब जाना।
तन धुलने तो आ जाते हो,
मन धुलकर के अब जाना !
यही तुम्हारा पाप हरेगा,
जीवन का संताप हरेगा।
आजीवन तेरे कर्मों का,
मिला हुआ अभिशाप हरेगा।

ललित पांडे विंध्यपुत्र

--------

### महाकुंभ




प्रयागराज के भुइयां माही ,
कुंभ के मेला लगा हबय ।
सलगी दुनिया चकाचौंध ही,
अइसन सुंदर सजा हबय ।।
144 बरिश मा आबा,
सुनिके सबकेउ धाय रहें ।
दोष पाप काटय के खातिर ,
कुछु जन बपुरे जाय रहें ।।
कुछु बपुरे पेट धंधनि खातिर,
कुछु कलबडाह के मारे हां।
कुछु ता आयें कल्पवास मा,
कुछु समय कईत निहारे हां ।।
कुछु रील्स बनाबय आय रहें ,
कुछु फ़ोटो सोटो डारे हां ।
कुछु त अदरें नटई के जर भर ,
कुछु भूखें पेट बिचारे हां ।।
मेर मेर के जोगी आये,
मेर मेर के बाबा ।
मेर मेर के ढोंगी आये,
कइसन ? भला बताबा ।।
महाकुंभ के मेला माही,
प्रयागराज जे जाय रहें ।
महिमा देखि के प्रयागराज के,
सबतर गुन का गाय रहें ।।

शिवेन्द्र मिश्रा प्रखर, देवतहा , मनिकवार, रीवा

------

### मां गंगा बुला रही



आओ बुला रही है गंगा तन मन
को पावन कर जा
अगले जन्म का पता नहीं,
जिंदा हो तो कुंभ नहा
कर्मो को एक बार टटोल पाप
पुण्य पर नजरें डाल
सुंदर सुखद सुअवसर है जीवन में कुछ बेहतर पा
रचकर खूब फ़रेब खड़े हो, ये अंतर्मन तक मैला है
त्रिवेणी को नमन करो , फिर संगम पर गोविंदम गा
जा देख शवों का नर्तन, भस्म भभूत दिगम्बर सब
देव दनुज और यक्ष मनुज सुरसरि सबके पाप बहा
माँ गंगा में ही मिल जानी है राख हमारी राख तुम्हारी
दिव्य यज्ञ का आवाह्न है ,सांसों को अर्पण कर आ

उपेन्द्र द्विवेदी रुक्मेय, ताला मुकुंदपुर

# विकास सुशासन और लोक कल्याण का केंद्र बनेगा नया भवन : गिरीश गौतम



**नईगढ़ी,नि.प्र.।** नईगढ़ी नगर परिषद के नवीन भवन का जो लगभग एक करोड़ रुपए में बनकर तैयार हुआ हैलोकार्पण पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं देवतालाब विधायक गिरीश गौतम भाजपा मऊगंज जिला अध्यक्ष डॉ.राजेंद्र मिश्रा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार पंडित दीनदयाल जी के एकात्मानव बाद से प्रेरणा लेकर राजनीतिक यात्रा शुरू की है भाजपा ने हमेशा ही समाज के अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति के चौमुखी विकास को दृष्टिगत रखते हुए नीतियों का क्रियान्वयन किया है, आप सबको महसूस हो रहा होगा की भाजपा सरकार की नीतियों ने सभी को बराबरी के साथ समान अवसर देकर विकास की मुख्य धारा में समाहित करने का काम किया है नईगढ़ी नगर परिषद का यह भवन आम जनों की पीड़ा दूर करने का केंद्र बने यहां से कोई भी निराश होकर न लौटे हर व्यक्ति के अरमानों का पूरा करने लोक कल्याण और सुशासन का केंद्र बनकर स्वर्णिम नईगढ़ी के भविष्य का केंद्र बने और विकास की गंगा को घर-घर में पहुंचने का काम हो यही आशा और विश्वास के साथ सभी प्रशासनिक अधिकारियों को नए भवन में उत्साह के साथ जनकल्याण का अनुरोध करता हूं।

### प्रशासनिक भवन हमारे कार्य व्यवहार और आचरण का केंद्र होता है : राजेन्द्र मिश्रा

विशिष्ट अतीत के रूप में उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र मिश्रा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि प्रशासनिक भवन हमारे कार्य व्यवहार और आचरण का केंद्र होता है, विधायक ने जो अपेक्षा की है उस पर आप सभी खरे उतरें और जन-जन में इस भवन के प्रति श्रद्धा का भाव जागृत हो इसका प्रयास करें किसी को भी पीड़ा ना हो आने वाला यहां से खुश होकर लौटे तो आप सभी को आत्मीय आनंद की प्राप्ति होगी। यह भवन नईगढ़ी के नवनिर्माण का द्योतक हो, शहरी सुविधाओं का केंद्र बने, हर व्यक्ति के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन के साथ नगरी सुविधाओं का विस्तार का माध्यम इस भवन को जन-जन का भवन बनाएं, आप सभी नई ऊर्जा और नई कार्य संस्कृति के साथ लोक कल्याण की भावना के साथ नई कार्य संस्कृति से आम जनों की सेवा करें। इस अवसर पर नगर परिषद की अध्यक्ष नामित गुप्ता एवं पार्षद और बड़ी संख्या में स्थानीय जनों ने भाग लिया। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम की अगुवाई में नईगढ़ी में दिल्ली चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड विजय पर आतिशबाजी कर जश्न मनाया गया।

### ये रहे मौजूद

जिलाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष विपिन मिश्रा, प्रकाश चौरसिया, जिला मंत्री अशोक साकेत, मंडल अध्यक्ष मुरलीधर द्विवेदी, कार्यालय मंत्री भरत पाण्डेय, प्रवीण सिंह, बिनोद सिंह, राजेश सर्राफ, राजकुमार मिश्रा, अखिलेश्वर जायसवाल, शिवांशु चतुर्वेदी, अमित मिश्रा, अशोक गुप्ता, विक्रांत तिवारी, बृजेश त्रिपाठी, भगवान शुक्ला, अमन चौबे, विनोद मिश्रा, मुकेश दुबे, श्रीनिवास पाण्डेय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# रामविलास मेमोरियल स्कूल भमरहा प्रतापगंज में मनाया गया वार्षिकोत्सव



**हनुमना, नि.प्र.।** हनुमना नगर से लगभग दस किलोमीटर दूर प्रतापगंज ग्राम पंचायत भमरहा में रामविलास मेमोरियल स्कूल में वार्षिक उत्सव में धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह आवर्धन बढ़ाया गया एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी मुख्य अतिथियों का माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में बीआरसी हनुमना लक्ष्मण धर द्विवेदी, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष मोहनलाल कचेर, पूर्व प्राचार्य उमा जीपी द्विवेदी, समाजसेवी मुकुंद लाल सुरेंद्र गुप्ता अमरकांत शुक्ला, जयप्रकाश मिश्रा, राम लल्लू पटेल दुवगवा, धर्मेंद्र मिश्रा रीवा, ज्ञानेंद्र सेन मंच के संचालक अंबुज उपाध्याय विनय द्विवेदी के साथ विद्यालय के स्टाफ रविशंकर उपाध्यक्ष रोहित मिश्रा अंजू मिश्रा, सुष्मिता पटेल, रामकृष्ण द्विवेदी, सौम्या पंचवटी, आरती ने वार्षिक उत्सव में पहुंचने वाले सभी अभिभावक अतिथियों का हृदय से आभार व्यक्त किया गया।

# कंश के भेजे राक्षसों का कृष्ण ने किया संहार : पंकजाचार्य



### आबी नित्यानन्द में चल रही सप्त दिवसीय भागवत कथा का रसपान कर रहे ग्रामवासी


**नईगढ़ी, नि.प्र.।** नईगढ़ी क्षेत्र अंतर्गत आवी हनुमान मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचक पंकजाचार्य महाराज ने गोवर्धन लीला के साथ भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का प्रसंग सुनाया। श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के नामकरण और पूतना वध के साथ माखनचोरी की लीलाओं का वर्णन सुनकर मंत्रमुग्ध हो गए। कथावाचक पंकजाचार्य महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लीलाओं से जहां कंस के भेजे विभिन्न राक्षसों का संहार किया, वहीं ब्रज के लोगों को आनंद प्रदान किया। कथा के दौरान भगवान गिरिराज पर्वत को उठाते हुए सुंदर झांकी सजाई गई। इस दौरान भजनों पर श्रद्धालु देर तक नाचते रहे। प्रसंग में बताया गया कि इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया था। उसका गर्व दूर करने के लिए भगवान ने ब्रज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन की पूजा शुरू करा दी। इससे गुस्साए इंद्र ने ब्रज मंडल पर भारी बरसात कराई। प्रलय से लोगों को बचाने के लिए भगवान ने कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया। सात दिनों के बाद इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ।

### झांकी सजाकर मनाया उत्सव

इस मौके पर गोवर्धन लीला की झांकी भी सजाई गई। कथा के दौरान गोवर्धन पूजन का उत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। भागवत आरती में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष वर्तमान विधायक देवतालाब गिरीश गौतम, लक्ष्मीकांत, दीपू गौतम, अंशू, डॉ सुरदर्शन प्रसाद शुक्ला, दादूराम पाण्डेय, केदार प्रसाद, महेंद्र सेठ, छोटे गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

## मैदान से हटकर

# भारत को क्रिकेट में हराने के सपने देख रहे हैं पाक पीएम



**नई दिल्ली, जेएनएन।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 की शुरुआत इस महीने की 19 तारीख से हो रही है। चैम्पियंस ट्रॉफी इस बार हाइब्रिड मॉडल के तहत पाकिस्तान की मेजबानी में होना है। इसके मुकाबले पाकिस्तान के तीन शहरों (लाहौर, रावलपिंडी, कराची) और दुबई में खेले जाएंगे। चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत और पाकिस्तान के बीच भी 23 फरवरी को दुबई में मुकाबला होना है, जिस पर दुनिया भर के फैन्स की निगाहें टिकी हुई हैं। भारत-पाक महामुकाबले को लेकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बड़ा बयान दिया है। शरीफ ने कहा कि मोहम्मद रिजवान की अगुवाई वाली पाकिस्तानी टीम का लक्ष्य सिर्फ चैम्पियंस ट्रॉफी जीतना ही नहीं है, बल्कि 23 फरवरी को दुबई में भारत को हराना भी है। पाकिस्तानी टीम ने भारत को हराकर साल 2017 में चैम्पियंस ट्रॉफी अपने नाम किया था। शहबाज शरीफ ने कहा, हमारी टीम बहुत अच्छी है और उसने हाल के दिनों में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन अब असली चुनौती न केवल चैम्पियंस ट्रॉफी जीतना है, बल्कि दुबई में होने वाले आगामी मैच में अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी भारत को हराना भी है। पूरा देश उनके पीछे खड़ा है। शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान के लिए 29 साल बाद किसी आईसीसी प्रतियोगिता की मेजबानी करना एक बड़ा अवसर होगा। पाकिस्तान ने इससे पहले साल 1996 में भारत और श्रीलंका के साथ मिलकर वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी की थी। शरीफ कहते हैं, यह पाकिस्तान के लिए बड़ा अवसर है। हम लगभग 29 वर्षों के बाद किसी बड़े आईसीसी आयोजन की मेजबानी कर रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी टीम आगामी चैम्पियंस ट्रॉफी में देश को गौरवान्वित करना जारी रखेगी। चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 में भारतीय टीम को ग्रुप-ए में रखा गया है जिसमें पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश भी है। भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला 20 फरवरी को बांग्लादेश से खेलेगी। (जेएनएन)

## खेल एक नजर

### चैंपियंस ट्रॉफी

# साउथ अफीका टीम से चोटिल एनरिक बाहर, बॉश टीम में शामिल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** बॉलिंग ऑलराउंडर कॉर्बिन बॉश को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए साउथ अफ्रीका की 15 मेंबर्स टीम में शामिल किया गया है।



तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्त्या चोट की वजह से स्क्वॉड से बाहर हो गए हैं। वहीं, क्वेना मफाका को ट्रेवल रिजर्व चुना गया है। 30 साल के बॉश ने दिसंबर में पाकिस्तान के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू किया था। साउथ अफ्रीका ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 12 जनवरी को टीम का ऐलान किया था। टूर्नामेंट के लिए स्क्वॉड के ऐलान की आखिरी तारिख भी 12 जनवरी थी। वहीं, आईसीसी ने स्क्वॉड में बदलाव के लिए 11 फरवरी तक की डेटलाइन तय की है। नॉर्त्या ने पिछले जून से इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं खेला है नॉर्त्या पैर की अंगुली में चोट के कारण बाहर हुए हैं। उन्होंने पहले ही पीठ की चोट के कारण पिछले साल जून में हुए टी-20 वर्ल्ड कप के बाद से इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं खेला है। नॉर्त्या को पाकिस्तान के खिलाफ ट्राई सीरीज से वापसी करनी थी, लेकिन नेट्स में उनके पैर की अंगुली में चोट लग गई।



### सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त
### रोहित ने लगाया 32वां वनडे शतक
### शुभमन गिल ने बनाए 60 रन
### जडेजा ने झटके तीन विकेट

# कटक में गरजा हिटमैन का बल्ला भारत ने जमाया सीरीज पर कब्जा

**कटक, जेएनएन।** भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज को अपने नाम कर लिया है। तीन मैचों की सीरीज के पहले मैच को 4 विकेट से अपने नाम करने वाली टीम इंडिया ने दूसरे मैच को भी 4 विकेट से जीता। इसी के साथ टीम ने 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त भी ले ली। कटक के बाराबाती स्टेडियम में रविवार को इंग्लैंड ने बैटिंग चुनी। टीम 49.5 ओवर में 304 रन बनाकर सिमट गई। भारत ने 44.3 ओवर में 6 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। कप्तान रोहित शर्मा के तूफानी शतक की मदद से 45वें ओवर में ही जीत हासिल कर ली। भारत से कप्तान रोहित शर्मा ने 32वां वनडे शतक लगाया, उन्होंने 119 रन बनाए। शुभमन गिल ने 60 रन बनाए। रवींद्र जडेजा ने 3 विकेट लिए। इंग्लैंड से जो रूट ने 69, बेन डकेट ने 65 रन बनाए। जैमी ओवर्टन को 2 विकेट मिले। तीसरा वनडे 12 फरवरी को अहमदाबाद में खेला जाएगा।



### जडेजा ने विनिंग बाउंड्री लगाई

45वें ओवर की तीसरी बॉल जो रूट ने गुड लेंथ पर फेंकी। रवींद्र जडेजा ने आगे निकलकर कवर्स की दिशा में चौका लगा दिया, इसी के साथ टीम ने टारगेट हासिल कर लिया। जडेजा 11 और अक्षर पटेल 41 रन बनाकर नॉटआउट रहे।

### रोहित शर्मा ने किया क्रिस गेल के छक्के जड़ने का रिकार्ड ध्वस्त

भारत और इंग्लैंड के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज में कटक के बारामती स्टेडियम में रोहित शर्मा ने मैदान पर उतरते ही इंग्लैंड के गेंदबाजों की जमकर धुलाई कर दी। इसी के साथ रोहित ने एक बड़े रिकॉर्ड के मामले में क्रिस गेल को पीछे छोड़ दिया है। ये रिकॉर्ड है वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के मारने का रिकॉर्ड। रोहित के नाम कुल 338 छक्के हो चुके हैं। वहीं क्रिस गेल के नाम वनडे क्रिकेट में 331 छक्के थे।

### वरुण ने रचा इतिहास

भारतीय टीम में शामिल होते ही वरुण ने इतिहास रच दिया है। 33 साल 164 दिन की उम्र में वरुण चक्रवर्ती ने टीम इंडिया के लिए वनडे डेब्यू किया और इसके साथ ही वह भारतीय टीम के लिए 1974 के बाद वनडे फॉर्मेट में डेब्यू करने वाले टीम इंडिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। भारत के लिए 36 साल 138 दिन की उम्र में विकेटकीपर बल्लेबाज फारुख इंजीनियर ने 1974 में इंग्लैंड के सामने लीड्स के मैदान में डेब्यू किया था।

**मैन ऑफ द मैच रोहित शर्मा**



119 रन
90 गेंद
12 चौके
07 छक्के

### स्टेडियम की बत्ती हुई गुल

भारत और इंग्लैंड के बीच बाराबती स्टेडियम पर खेला जा रहा मैच मैदान की एक फ्लडलाइट खराब होने के कारण काफी देर तक रुका रहा। भारत की पारी का छठा ओवर खत्म होते ही मैदान के एक कोने की फ्लडलाइट बंद हो गई, जिसके चलते खेल 25 मिनट तक रुका रहा। यहां तक कि दोनों टीमों के खिलाड़ी एक समय पर मैदान छोड़कर अपने-अपने डग आउट में भी लौट गए थे। बाराबती स्टेडियम में जैसे ही खराब रोशनी और फ्लडलाइट के चलते खेल रुका तभी उस वक्त बल्लेबाजी कर रहे रोहित शर्मा नाराज हो गए। रोहित उस वक्त अच्छे फ्लो में थे और 3 छक्के लगा चुके थे। ऐसे में खेल का रुकना टीम इंडिया के लिए खराब था।



### फील्डिंग में शुभमन गिल का कमाल

उपकप्तान शुभमन गिल की फील्डिंग की वजह से भारतीय टीम को तीसरी सफलता मिली। वैसे तो गेंदबाजी हर्षित राणा कर रहे थे लेकिन उन्हें यह विकेट गिल की फील्डिंग की वजह से मिला। 30वें ओवर की चौथी गेंद पर हैरी ब्रूक ने बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की। उनका शॉट गेंदबाज के सिर के ऊपर से मिड ऑफ और मिड ऑन के बीच में गई। गिल मिड ऑफ पर फील्डिंग कर रहे थे। गिल ने पीछे की तरफ भागना शुरू किया और गिरते हुए गेंद को लपका।

**रणजी क्वार्टर फाइनल मुकाबले** — हरियाणा ने 263/5 का स्कोर बनाया, अंकित का शतक

# मुंबई पहली पारी में 315 पर ऑलआउट

**कोलकाता, जेएनएन।** रणजी ट्रॉफी में क्वार्टर फाइनल राउंड शुरू हो चुका है। रविवार को मुकाबले का दूसरा दिन है। हरियाणा ने स्टंप्स तक पहली पारी में 263/5 का स्कोर बना लिए हैं। वे मुंबई के स्कोर से अभी भी 52 रन पीछे हैं। रोहित प्रमोद शर्मा और अनुज ठकराल नाबाद हैं। कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में मुंबई पहली पारी में 315 रन पर ऑलआउट हो गई है। तनुष कोटियान 97 रन पर आउट हुए। शम्स मुलानी ने 178 बॉल पर 91 रन बनाए। हरियाणा से कप्तान अंकित कुमार ने 136 रन बनाए। मुलानी-कोटियान ने 2-2 विकेट लिए। मुंबई ने 37 रन बनाने में आखिरी 2 विकेट गंवाए मुंबई की टीम ने सुबह 278/8 के स्कोर से खेलना शुरू किया। टीम ने 37 रन बनाने में आखिरी 2 विकेट गंवा दिए। तनुष कोटियान ने 85 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई थी। एक दिन पहले शम्स मुलानी (91 रन) भी शतक बनाने से चूक गए। मुंबई ने 113 रन पर गंवा दिए थे 7 विकेट मुंबई की टीम ने 113 रन के स्कोर पर 7वां विकेट गंवाया। यहां शार्दूल ठाकुर 15 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अनुज ठकराल ने बोल्ड किया।

**विदर्भ विरुद्ध तमिलनाडु : विदर्भ पहली पारी में 353 पर ऑलआउट :** करुण नायर ने 122 रन बनाए नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन ग्राउंड पर विदर्भ ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम पहली पारी में 353 रन पर ऑलआउट हो गई। करुण नायर ने 122 रन की पारी खेली। जबकि हर्ष दुबे ने 69 रन बनाए। तमिलनाडु ने दूसरे दिन 159/6 का स्कोर बनाया है। टीम अभी विदर्भ के स्कोर से 194 रन पीछे हैं। पहले दिन दानिश मालेवार ने 75, अक्षय वाडकर ने 24 और ध्रुव शोरे ने 26 रन बनाए थे। तमिलनाडु से विजय शंकर और सोनू यादव ने 3-3 विकेट लिए। मोहम्मद को 2 विकेट मिले। अजित राम और मोहम्मद अली को 1-1 विकेट मिला। सौराष्ट्र विरुद्ध गुजरात मेजबान ओपनर्स पवेलियन लौटे, स्कोर 79/2 राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में गुजरात ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी। मेजबान टीम ने दूसरे दिन 260/4 का स्कोर बनाकर 44 रन की बढ़त ले ली है।



### जम्मू-कश्मीर 280 रन पर आउट

पुणे में केरल की टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। रविवार को स्टंप्स तक केरल ने 9 विकेट 200 रन बना लिए हैं। जलज सक्सेना ने 67 रन बनाए। सलमान निजार 49 रन पर नाबाद हैं। रोहन कुन्नूमल 1, शॉन रोजर 0 और कप्तान सचिन बॉबी 2 रन पर आउट हुए। तीनों को आकिब नबी ने आउट किया। इससे पहले जम्मू-कश्मीर की टीम पहली पारी में 280 रन पर ऑलआउट हो गई है। कन्हैया वाधवान ने 48, लोन नासिर ने 44, साहिल लोटरा ने 35 और यावेर हसन ने 24 रन बनाए। बाकी बैटर्स 20 रन का आंकड़ा नहीं छू सके। केरल से एमडी नीधेश ने 6 विकेट लिए। एन बासिल, बासिल थम्पी और आदित्य सरवटे को 1-1 विकेट मिला।

# इंग्लैंड की महिला हॉकी टीम ओडिशा पहुंची, 15 को भारत से मुकाबला



**भुवनेश्वर, जेएनएन।** इंग्लैंड की महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के भारत चरण के मैचों में भाग लेने के लिए रविवार को भुवनेश्वर पहुंची। विश्व रैंकिंग में सातवें पायदान पर काबिज टीम 15 फरवरी को यहां कलिंगा स्टेडियम में मेजबान भारत और 25 फरवरी को शीर्ष रैंकिंग की टीम नीदरलैंड से भिड़ेगी। टीम के सदस्यों का यहां बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर ओडिशा खेल विभाग और हॉकी इंडिया ने जोरदार स्वागत किया। हॉकी इंडिया ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर कहा कि अब तक एक जीत और तीन हार के साथ इंग्लैंड ने अपने एफआईएच प्रो लीग अभियान की मिश्रित शुरुआत की है। इंग्लैंड चुनौतीपूर्ण प्रतिद्वंद्वी टीमों के खिलाफ अपने खेल के स्तर को ऊंचा कर सफलता हासिल करने की उम्मीद करेगा। हॉकी इंडिया ने अपनी वेबसाइट पर इंग्लैंड की फॉरवर्ड डार्सी बॉर्न के हवाले से कहा, हम 'हीरो हॉकी इंडिया लीग' के बाद भारत में आने को लेकर बहुत उत्साहित हैं। उम्मीद है कि माहौल बहुत अच्छा होगा। मैं पहली बार इस टीम के साथ भारत आयी हूं लेकिन यहां हॉकी को लेकर जैसा माहौल मैंने वैसा पहले कभी नहीं देखा है। इसलिए मैं बेहद उत्साहित हूं। हॉकी इंडिया ने 15 से 25 फरवरी तक भुवनेश्वर में होने वाले पुरुष और महिला मैचों के सभी टिकट प्रशंसकों के लिए मुफ्त करने की घोषणा की है।

# फ्रीस्टाइल शतरंज : गुकेश क्वार्टर फाइनल में करुआना से भिड़ेंगे

**हैम्बर्ग (जर्मनी), जेएनएन।** विश्व चैंपियन डी गुकेश दो बाजियों के क्वार्टर फाइनल में फाबियानो करुआना से भिड़ेंगे क्योंकि अमेरिकी खिलाड़ी ने अनूठे प्रारूप वाले फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में मुकाबले के लिए भारतीय खिलाड़ी को चुना है। गुकेश ने 10 प्रतिभागियों के बीच आठवें स्थान पर रहते हुए नॉकआउट चरण में जगह बनाई। स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेदोसेव और अमेरिका के लेवोन अरोनियन नॉकआउट में जगह बनाने में नाकाम रहे। रेपिड शतरंज नियमों के तहत खेले गए राउंड रोबिन चरण के बाद फेदोसेव और अरोनियन अंतिम दो स्थान पर रहे थे। फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने अंतिम दौर में शीर्ष पर चल रहे उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव को हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार राउंड रोबिन के बाद शीर्ष तीन खिलाड़ियों को क्वार्टर फाइनल में अपने विरोधियों को तय करने का अधिकार है।



# मुक्केबाज कूनी का सेल्टिक सुपर-फेदरवेट खिताब हारने के एक सप्ताह बाद निधन

**बेलफास्ट (उत्तरी आयरलैंड), जेएनएन।** आयरलैंड के मुक्केबाज जॉन कूनी का यहां नाथन हॉवेल्स के खिलाफ सेल्टिक सुपर-फेदरवेट खिताब हारने के एक हफ्ते बाद निधन हो गया। उन्हें मुकाबले के बाद आईसीयू में रखा गया था। आयरलैंड के 28 वर्षीय मुक्केबाज कूनी की मौत की घोषणा शनिवार को उनके प्रमोटर मार्क डनलप द्वारा कूनी परिवार और उनकी मंगेतर एमालीन की ओर से प्रकाशित एक बयान में की गई। बयान में कहा गया अपने जीवन के लिए एक सप्ताह तक संघर्ष करने के बाद जॉन कूनी का निधन हो गया। बयान के अनुसार, वह एक बहुत प्यारा बेटा, भाई तथा साथी था और हम सभी को यह भूलने में जीवन भर लग जाएगा कि वह कितना खास था। भगवान आपकी आत्मा को शांति दे जॉन द किड कूनी।

# डब्ल्यूपीएल जीतना चाहती हैं जेमिमा

## उनकी टीम दिल्ली कैपिटल्स को दो बार फाइनल में मिली है हार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली कैपिटल्स की स्टार बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स पिछले दो सत्र में उपविजेता रहने के बाद महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के आगामी सत्र में खिताब जीतने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दिल्ली की टीम को 2023 में पहले सत्र और 2024 में दूसरे सत्र में फाइनल में क्रमशः मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बंगलूरू के खिलाफ हार के साथ उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा। इस बार जेमिमा को एक कदम आगे जाने की उम्मीद है। जेमिमा ने दिल्ली कैपिटल्स की विज्ञप्ति में कहा, हमने एक टीम के रूप में पिछले दो सत्र में बहुत अच्छा और निरंतर प्रदर्शन किया है। बेशक, हम फाइनल की बाधा को पार नहीं कर पाए जिसे मुझे यकीन है कि हम पार कर लेंगे और ट्रॉफी को अपने हाथ में थामेंगे। लेकिन हम सही चीजें कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कुछ दिन ऐसे होते हैं जब आप परिणाम को नियंत्रित नहीं कर सकते। हम टीम के रूप में कड़ी मेहनत कर रहे हैं और जीतने के लिए खेलते रहेंगे। आगामी डब्ल्यूपीएल की तैयारियों के बारे में जेमिमा ने कहा, मेरी तैयारी बहुत सरल है। मैच में मुझे जिन चीजों का सामना करना होगा, मैं उन परिस्थितियों को अभ्यास में दोहराने की कोशिश करूंगी। चाहे वह आक्रामक तरीके से खेलना हो या एक छोर से पारी को संभालना हो। उन्होंने कहा, इसमें बहुत अधिक पावर-हिटिंग भी है क्योंकि यह टी20 है। इसलिए मैं भारी गेंदों का इस्तेमाल करती हूं जिससे मुझे अपने बल्ले को तेजी से घुमाने में मदद मिलती है।



# कोलकाता के सॉल्ट लेक हॉकी स्टेडियम को श्रेणी दो का प्रमाण पत्र



**नयी दिल्ली, जेएनएन।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने सॉल्ट लेक के विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन को श्रेणी दो का प्रमाण पत्र दिया है जिससे यह भारत में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की मेजबानी के लिए कोलकाता नवीनतम स्थल बन गया है। हॉकी इंडिया ने 'एक्स' पर लिखा, कोलकाता के सॉल्ट लेक के युवा भारती क्रीड़ांगन को एफआईएच का श्रेणी दो का प्रमाण पत्र हासिल करने के लिए बधाई। हॉकी में उत्कृष्टता के लिए बड़ा कदम।

# ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका में 13 साल बाद टेस्ट सीरीज जीती

## दूसरा मैच भी नौ विकेट से अपने नाम किया

**गॉल, जेएनएनएन।** ऑस्ट्रेलिया ने 2011 से श्रीलंका में पहली बार टेस्ट सीरीज जीती है। टीम ने तब रिकी पोंटिंग की अगुआई में श्रीलंका को 1-0 से हराया था। ऑस्ट्रेलिया को 2016 में स्टीव स्मिथ की कप्तानी में श्रीलंका में 3-0 से क्लीनस्वीप का सामना करना पड़ा जबकि 2022 में सीरीज 1-1 से ड्रॉ रही। ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां दूसरा टेस्ट नौ विकेट से जीतकर दो मैच की सीरीज में श्रीलंका का 2-0 से सूपड़ा साफ किया। श्रीलंका के 75 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मार्नस लाबुशेन (नाबाद 26) ने चौथे दिन लंच से 15 मिनट पहले संन्यास ले रहे दिमुथ करुणारत्ने की गेंद को मिड विकेट पर एक रन के लिए खेलकर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर एक विकेट पर 75 रन पर पहुंचाकर टीम को जीत दिलाई। सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा 27 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया ने 2011 से श्रीलंका में पहली बार टेस्ट सीरीज जीती है। टीम ने तब रिकी पोंटिंग की अगुआई में श्रीलंका को 1-0 से हराया था। ऑस्ट्रेलिया को 2016 में स्टीव स्मिथ की कप्तानी में श्रीलंका में 3-0 से क्लीनस्वीप का सामना करना पड़ा जबकि 2022 में सीरीज 1-1 से ड्रॉ रही। पैट कमिंस की जगह कप्तानी कर रहे स्मिथ ने इस तरह सीरीज जीतकर राहत की सांस ली होगी। श्रीलंका ने दिन की शुरुआत आठ विकेट पर 211 रन और सिर्फ 54 रन की बढ़त के साथ की। उप कप्तान कुसाल मेंडिस ने नाथन लियोन की गेंद को डीप कवर में खेलकर मैच का अपना दूसरा अर्धशतक पूरा किया।




### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से पहले द. अफ्रीका को चेतावनी

श्रीलंका के 75 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ट्रेविस हेड (20) और ख्वाजा ने सात ओवर में 38 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत की। प्रभात जयसूर्या ने हेड को पवेलियन भेजा लेकिन ख्वाजा ने लाबुशेन के साथ 37 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को जीत दिला दी। ऑस्ट्रेलिया की यह लगातार चौथी टेस्ट जीत और श्रीलंका की लगातार चौथी हार है। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल जून में होगा।

# ज्योति याराजी और तेजस शिरसे को राष्ट्रीय खेलों की बाधा दौड़ स्पर्धा में तीसरा स्वर्ण

**देहरादून, जेएनएन।** आंध्र प्रदेश की ज्योति याराजी और महाराष्ट्र के तेजस शिरसे ने रविवार को यहां राष्ट्रीय खेलों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेलों के रिकॉर्ड समय के साथ क्रमशः महिला 100 मीटर बाधा दौड़ और पुरुष 110 मीटर बाधा दौड़ में लगातार तीसरे स्वर्ण पदक जीते। अपने स्पर्धाओं में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक शिरसे और याराजी ने इससे पहले गुजरात और गोवा में हुए पिछले दो राष्ट्रीय खेलों में भी स्वर्ण पदक जीते थे। गत एशियाई चैंपियन और 2023 में हुए हांगझोउ एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता 25 साल की याराजी ने फाइनल में 13.10 सेकेंड के समय के साथ 13.22 सेकेंड के अपने पिछले राष्ट्रीय खेलों के रिकॉर्ड में सुधार किया जो उन्होंने 2023 में बनाया था। याराजी का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 12.78 सेकेंड है।



पश्चिम बंगाल की मौमिता मंडल ने 13.36 सेकेंड के साथ रजत पदक अपने नाम किया जबकि तमिलनाडु की नित्या रामराज ने 13.60 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता। बाइस साल के शिरसे ने 13.65 सेकेंड के समय के साथ 13.71 सेकेंड के अपने राष्ट्रीय खेलों के पिछले रिकॉर्ड में सुधार करते हुए स्वर्ण पदक जीता। उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड 13.41 सेकेंड का है जो उन्होंने पिछले साल बनाया था। तमिलनाडु के मानव राजनारायणन ने 14.03 सेकेंड के साथ रजत जबकि केरल के मुहम्मद लजान ने 14.23 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता।



### शांति समिति की बैठक 13 फरवरी को

**रीवा।** जिला शांति समिति की बैठक 13 फरवरी को शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जा रही है। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर प्रतिभा पाल करेंगी। बैठक में 26 फरवरी महाशिवरात्रि, 14 मार्च होली, 31 मार्च ईदुलफितर, 6 अप्रैल रामनवमी तथा 10 अप्रैल को महावीर जयंती मनाये जाने के संबंध में की जाने वाली तैयारियों की समीक्षा की जाएगी।

### कलेक्टर आज करेंगी टीएल पत्रों की समीक्षा

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेंगी। बैठक सोमवार प्रातः 11 बजे से आरंभ होगी। बैठक में टीएल पत्रों के निराकरण, खाद्यान्न वितरण, कृषि आदान की भी समीक्षा की जाएगी।

जब घुटना, कंधा या कमर दर्द सताए तो आयुर्वेदिक ट्रीटमेंट ही अपनाएं
घुटना दर्द कंधा दर्द कमर दर्द कलाई दर्द
Clinically Tested* *For efficacy and safety.
'डा. ऑर्थो स्ट्रांग तेल' आज ही ले आएं
10 गुणकारी आयुर्वेदिक तेलों व सत्वों के योग से निर्मित डा. ऑर्थो स्ट्रांग तेल जोड़ों के अंदर तक समाकर दर्द को कम करने में विशेष सहायता करता है। मात्र 8-10ml तेल दिन में सिर्फ एक या दो बार हल्के हाथों से पीड़ित अंग पर मालिश करें। आयुर्वेदिक होने के कारण इसका प्रभाव अल्पकालिक नहीं लम्बे समय तक बना रहता है।
Dr. Juneja's डा.ऑर्थो® Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment
24x7 Helpline: 7876977777 • www.drorthooil.com

### नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**रीवा।** बिछिया पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की शिकायत 18 नवंबर को दोपहर 1 बजे बिछिया थाना में पीड़ित परिवार दे दर्ज कराई थी। बताया गया था कि उनकी 17 साल की लड़की घर से बिना बताये कही चली गई है। आशंका व्यक्त की गई थी कोई अज्ञात युवक लड़की को बहला फुसलाकर ले गया है। शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कर नाबालिग लड़की को पीथमपुर जिला धार से दस्तयाब किया था साथ ही लड़की से पूछताछ के बाद पुलिस आरोपी सुभम सोनी निवासी लक्ष्मणपुर के संबंध में जानकारी दी। पीड़िता से चिरहुला मंदिर में शादी कर आरोपी अपने साथ पीथमपुर ले गया जहां कई दिनों तक शारीरिक संबंध बनाया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी सुभम सोनी पिता सुरसरी प्रसाद सोनी 25 वर्ष निवासी लक्ष्मणपुर थाना बिछिया जिला रीवा को पुलिस अभिरक्षा में लेकर कार्रवाई की है।

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे साय 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
डॉ.सिद्धार्थ तिवारी परामर्श शुल्क मात्र 300/-
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
Kamta कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433 9981287311

### दो बाइक में भिड़ंत 1 की मौत, दो घायल



**रीवा।** सगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बझबोगा में दो बाइक सवारों के बीच जोरदार भिड़ंत में एक बाइक सवार की मौत हो गई जबकि दूसरी बाइक में सवार दो युवक घायल हो गए, जिन्हें पुलिस ने संजय गांधी अस्पताल उपचार के लिए भिजवाया। घटना के संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक एक बाइक में एक युवक सवार था, जिसकी मौत हो गई। युवक कहां का है और कौन है, इसकी जानकारी खबर लिखे जाने तक नहीं हो सकी थी, पुलिस मृतक के शव को अस्पताल की मर्चुरी में रखवाकर उसकी शिनाख्तगी का प्रयास कर रही है। वहीं दूसरी बाइक में सवार घायल हुए दो युवक मनगवां थाना क्षेत्र के मढ़ी गांव के निवासी बताए जा रहे हैं, जिनका उपचार चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है।

### 5 अधिकारियों को महाकुंभ के यात्रियों की सेवा से मुह मोड़ना पड़ा भारी

# सीईओ रायपुर कर्चुलियान निलंबित चार अधिकारियों को इंक्रीमेंट रोकने शोकॉज

**संभागायुक्त बीएस जामोद एवं कलेक्टर प्रतिभा पाल ने की कार्यवाही**



जागरण, रीवा

प्रयागराज महाकुंभ मेले में लगाई गई ड्यूटी को गंभीरता से नहीं लेने के कारण कमिश्नर एवं कलेक्टर द्वारा 5 प्रशासनिक अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की गई है। महाकुंभ मेले में शामिल होने के लिए पूरे देश से लोग उमड़ रहे है जिससे चाकघाट से लेकर रीवा तक सड़कों पर जाम की समस्या से प्रशासन को जूझना पड़ रहा है और संभागायुक्त बीएस जामोद, कलेक्टर प्रतिभा पाल एवं पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह दिन रात व्यवस्था संभालने में लगे हुए हैं लेकिन कुछ अधिकारियों निर्देशों के बाद भी ड्यूटी स्थल पर नहीं पहुंच रहे हैं। इसे आदेश की अवहेलना मानते हुए जहां जनपद सीईओ को निलंबत कर दिया है वहीं 4 अन्य अधिकारियों को दो वार्षिक वेतनवृद्धि रोकने का नोटिस दिया गया है। संभागायुक्त बीएस जामोद ने जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए हैं। यह कार्यवाही मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1966 के तहत की गई है। महाकुंभ मेले में लगाई गई ड्यूटी बिना सूचना अनुपस्थित रहने तथा कर्त्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने पर निलंबन की कार्यवाही की गई है। श्री सिंह को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।

इसी तरह कलेक्टर प्रतिभा पाल ने चार लापरवाह अधिकारियों को दो वार्षिक वेतनवृद्धि रोकने का नोटिस दिया है। कलेक्टर ने जिला पंजीयक संध्या सिंह, जिला खनिज अधिकारी दीपमाला तिवारी, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी विनय वर्मा तथा सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी राजीव शुक्ला को वेतनवृद्धि रोकने का नोटिस दिया है। इन सभी अधिकारियों को प्रयागराज महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं के आवागमन की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए 8 फरवरी एवं 9 फरवरी को निर्धारित स्थलों पर तैनात करने के आदेश दिए गए थे। चारों लापरवाह अधिकारी ड्यूटी स्थल से निर्धारित दिवसों में अनुपस्थित पाए गए तथा उनके मोबाइल फोन बंद पाए गए। इसे कर्त्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना मानते हुए नोटिस दिया गया है। नोटिस का 11 फरवरी को प्रातरू 11 बजे कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। समय सीमा का पालन न करने तथा उत्तर संतोषजनक न होने पर वेतनवृद्धि रोकने की कार्यवाही की जाएगी।

## चोरी की बाइक से शराब तस्करी करते दो गिरफ्तार



### सिटी कोतवाली पुलिस ने बाइक व अवैध शराब की जब्त

**जागरण, रीवा।** शहर की सिटी कोतवाली पुलिस ने चोरी की मोटर सायकल से जहरीली शराब की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बड़ी पुल के पास एक मोटर सायकल बिना नम्बर की दिखी जिसमें दो संदिग्ध लड़के हाथ भट्ठी में बनी देशी महुआ की यूरिया युक्त जहरीली शराब बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे। पुलिस को देख आरोपी भागने का प्रयास किए जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपी धनराज चौधरी उर्फ बादल पिता महेन्द्र प्रसाद चौधरी निवासी बहुरीबांध निवासी लपटा मोड़ थाना चोरहटा एवं मनीष दाहिया उर्फ सागर पिता रामदरश दाहिया 19 निवासी टिकिया थाना चोरहटा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि निपनिया में झाड़ियों के पीछे नीले रंग की प्लास्टिक के गैलन में अवैध जहरीली शराब छिपाकर रखे हुए हैं जिसके बाद पुलिस ने करीब 30 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की है। इसके साथ ही आरोपियों के कब्जे से मिली चोरी की मोटर सायकल के संबंध में भी पुलिस उनके पूछताछ कर रही है।

## खेत में लावारिस हालत में मिला नवजात, पुलिस ने परिजनों को खोजा



**रीवा।** सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत एक खेत में लावारिस हालत में नवजात शिशु रोता बिलखता मिला। स्थानीय लोगों ने सूचना पुलिस को दी जिसके बाद डायल हंड्रेड पुलिस ने उसके परिजनों को खोजकर मां और नवजात शिशु को संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया। डायल 100 में तैनात आरक्षक दुर्गानंद यादव व पायलट कृष्ण कुमार अग्निहोत्री ने बताया की जानकारी के बाद नवजात शिशु को तुरंत अपने कब्जे में लेकर परिजनों की तलाश शुरू की जिस पर पता चला कि जन्म देने वाली नवजात शिशु की मां का नाम लक्ष्मी यादव पति विनोद यादव उम्र 25 वर्ष निवासी देवरी थाना मऊगंज है। प्रसूता लक्ष्मी यादव अपने मायके में अपने पिता जवाहर यादव के घर ग्राम मऊ थाना सेमरिया चौकी शाहपुर पर रह रही थी। नवजात शिशु की मां से पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह शौच क्रिया के लिए खेत पर गई हुई थी जहां उसके पेट में दर्द होना शुरू हो गया और वहीं पर नवजात का जन्म हो गया, जिसके बाद वह कुछ दूर चली और बेहोश होकर गिर पड़ी तब आसपास के लोग मेरी मां को बताए और वह लोग मेरे पास आए और मुझे लेकर नजदीकी हॉस्पिटल लेकर चले गए जब मुझे होश आया तब मैंने बताया कि बच्चे का जन्म हुआ है तब तक मौके में गांव के लोग व पुलिस पहुंच चुके थे। फिलहाल नवजात पूरी तरह से स्वस्थ बताया जा रहा है।

## युवक पर चाकू से हमला, आरोपी फरार

**गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के अमिलकी गांव की घटना**



**जागरण, रीवा।** गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के अमिलकी गांव में हुए दो युवकों के बीच विवाद में एक युवक पर चाकू से हमला किया गया जिसके बाद परिवार के लोग घायल को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लेकर पहुंचे। घटना के बाद आरोपी फरार बताया जा रहा है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक रविवार की दोपहर गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के अमिलकी गांव निवासी हरिओम श्रीवास्तव पिता स्व. विश्वनाथ श्रीवास्तव (35) का किसी बात को लेकर एक युवक से घर में ही विवाद शुरू हुआ और देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी युवक ने चाकू से हरिओम के ऊपर हमला कर दिया। युवक के पेट के पास चाकू लगा जिससे वह बेहोश हो गया। घटना की जानकारी के बाद परिजन उसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों द्वारा घायल का उपचार किया जा रहा है।

## महाकुंभ से लौट रहे कार सवार हुए दुर्घटना का शिकार, 5 घायल

**रीवा।** प्रयागराज महाकुंभ से स्नान कर जबलपुर लौट रहे कार सवार बीती रात सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। कार सवारों की बेला में दूसरी कार से टक्कर हो गई जिससे एक ही परिवार के 5 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भिजवाया गया है। घायलों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के संबंध में जबलपुर निवासी घायल सौरभ मालवीय ने बताया कि वह प्रयागराज महाकुंभ से स्नान कर लौट रहे थे तभी बेला के समीप रॉग साइड से आई भोपाल नंबर की कार ने उनकी कार को सामने से टक्कर मार दी। पीड़ित के मुताबिक उनकी कार में 5 लोग सवार थे जिनमें सभी को चोटें आई है जबकि उनके मामा गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को एंबुलेंस की मदद से संजय गांधी अस्पताल लाया गया जहां उनका उपचार चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है।

## रिश्तेदार बनकर महिला से मांगे रुपए, 45 हजार की ठगी

**जिस नंबर से फोन किया वह चालू लेकिन पुलिस नहीं कर पा रही ट्रेस**

**जागरण, रीवा।** ऑनलाइन ठगी के मामले बढ़ते जा रहे हैं, आए दिन लोग इसका शिकार हो रहे हैं। पुलिस प्रशासन ऐसे ठगों पर कार्यवाही की जगह जागरूकता अभियान तक सीमित है। बड़े मामलों पर तो पुलिस संज्ञान ले रही है लेकिन गरीब व आर्थिक रूप से परेशान परिवार जिनके साथ 25-50 हजार की ठगी हो रही है उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। वार्ड क्रमांक 26 की रहने वाली महिला ठगी का शिकार हो गई। महिला से रिश्तेदार बनकर 45 हजार रुपए की ठगी कर दी गई। शिकायत बिछिया थाने में की गई है। हालांकि आए दिन ऐसे मामले आने की बात कहकर महिला को वापस घर भेज दिया है। जिससे महिला को इस बात का अंदेशा हो चुका है कि उसके रुपए अब वापस नहीं मिलने वाले। इस संबंध में वार्ड क्रमांक 26 हनुमान नगर बदरावं निवासी शिखा तिवारी पिता महेन्द्र तिवारी ने बताया कि 8 फरवरी को उसके फोन नंबर 7400814994 से फोन आया उसने बोला कि वह उनका रिश्तेदार बोल रहा है, उसे 45 हजार की अत्यंत अवश्यकता है। मेरे नंबर 8959369985 पर फोन पे कर दें। जिसके बाद महिला ने फोन पे के माध्यम से 10000, 5000 व 30000 रुपए तीन बार में ट्रांसफर कर दिए। महिला ने फोन पे नंबर पर जब बात करना चाही तो वह बंद था लेकिन जिस नंबर से फोन आया वह चालू है। महिला ने बताया कि ठग ने इस प्रकार से बात की उसे लगा कि उसके रिश्तेदार मुसीबत में हैं और उसे मदद जल्दी करनी चाहिए। अब ठग द्वारा फोन नहीं उठाया जा रहा है, उसके द्वारा मैसेज सीन किए जाते हैं लेकिन रुपए वापस नहीं कर रहा है।

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेष:- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.- 7223850184, 7247097637
परामर्श शुल्क 300/- सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

कैंसर OPD प्रतिदिन रीवा में
डॉ विनीत कुमार तिवारी (कैंसर सर्जन)
MBBS, MS (सर्जरी) परामर्श समय- प्रतिदिन
DrNB सुपरस्पेशलिटी (ऑन्को सर्जरी), FALS (रोबोटिक और मिनिमल एसेस सर्जरी)
पूर्व सर्जन, मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर (MICC) दिल्ली NCR एवं AIIMS भोपाल
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) मो.: 9399312433, 9981287311
विशेषता
• मुख कैंसर सर्जरी
• स्तन कैंसर सर्जरी
• थायोराइड एवं इंडोक्राइन कैंसर सर्जरी
• स्त्री रोग कैंसर सर्जरी
• प्रोस्टेट एवं यूरोलॉजिक कैंसर सर्जरी
• पेट, लीवर एवं पैंक्रियाज कैंसर सर्जरी
• मेलोनेमा एवं त्वचा कैंसर सर्जरी
• सिर, चेहरा एवं गर्दन कैंसर सर्जरी

Requarment
SARASWATI VIDYA VIHAR ACADEMY
Niralanagar Rewa (CBSE Pattern)
Exam Fee Rs.300/-
Written Exam - 17 February 2025 at 11:00 AM
Last Date - 15 February 2025

| S. No. | Designation | Qualification | Teaching Experience | Age Limit |
|---|---|---|---|---|
| 01 | HeadMaster - 1 Post | Post Graduate English 60% & B.Ed | 5 years | Minimum 20Yrs. Maximum 30Yrs. |
| 02 | Assistant Teacher- 4 posts | Graduate English Special D.Ed./B.Ed. | as above | Preference to experienced |

Preference to experienced and female candidates
Contact No.: 9425128598, 9399499358
Secretary: Mahakavi Nirala Baal Kalyan Samiti Niralanagar Rewa (M.P.)

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
• IUI, IVF, ICSI
• फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET)
• एग फ्रीजिंग
• एंब्रियो फ्रीजिंग
• स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

द हार्ट क्लीनिक
डॉ. शिरीष मिश्रा
M.D. मेडिसिन, .D.N.B. कार्डियोलॉजी, कंसल्टेंट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट
हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व कंसलटेन्ट - मैक्स हॉस्पिटल & B.L.कपूर हॉस्पिटल, नई दिल्ली
प्रतिदिन रहेंगे उपलब्ध
परामर्श: हार्ट अटैक, सीने का दर्द, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, सांस फूलना, दिल की धड़कन अनियमित होना, चक्कर आना, स्टेंट, पेसमेकर, वॉल्व बायपास इत्यादि के मरीजों का फालो-अप, जन्मजात हृदय रोग।
जांच सुविधाएं- इकोकार्डियोग्राफी, टी एम टी, ई सी जी, होल्टर, ए बी पी एम, अत्याधुनिक पैथोलॉजी (खून एवं मूत्र जांच)
स्थान- आराध्या मेडिकल स्टोर
समदड़िया गोल्ड मॉल, शॉप नं. 27 मी एण्ड मोम्स के बगल में, बाल भारती स्कूल के सामने, सिरमौर चौक, रीवा (म.प्र.)
फोन न.- 07662 454917 मोबाइल न.: 9752244218
सभी दवाईयों पर 10% की विशेष छूट
व्यवस्थापक :- राहुल तिवारी निरंजन मेडिकल

Royal Kindle Global School Rewa (M.P.)
ADMISSION OPEN Session- 2025-26
MONTESSORI FIRST TIME IN REWA
Play group to Senior Kg.
Quality Education At Your Doorstep.
"Affordable Fee Structure"
15 years, A* KIDZEE centre
Call for more information + 91 9589736708
Royal Kindle Global School Dainik Jagran Campus, Urrhat, Rewa (M.P.)
royalkindleglobalschool.com

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा**- 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com